# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, सोमवार, 15 सितंबर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 120 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित




असम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करते मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्वा शर्मा


सत्यमेव जयते
भारत सरकार



# विकसित बिहार विकसित भारत

**बिहार के लोगों के लिए विद्युत, रेलवे, एयरपोर्ट, आवासन एवं शहरी कार्य, जल शक्ति, ग्रामीण विकास, कृषि, पशुपालन तथा डेयरी क्षेत्रों की 36000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उपहार**

## शिलान्यास

• पीरपैंती (भागलपुर) में 3x800 मेगावाट ताप विद्युत परियोजना • कोसी–मेची अंतर–राज्यीय नदी लिंक परियोजना फेज़–I
• बिक्रमशिला–कटरिया के बीच नई रेल लाइन (26 किमी)
• सुपौल तथा कटिहार जिलों में अवरोधन एवं विपथन (आई एंड डी) एवं अपशिष्ट शोधन संयंत्र (एसटीपी) कार्य
• दरभंगा, कटिहार तथा भागलपुर में जलापूर्ति परियोजनाएं

## उद्घाटन

• पूर्णिया हवाई अड्डे के अंतरिम टर्मिनल भवन • अररिया–गलगलिया (ठाकुरगंज) के बीच नई रेल लाइन (111 किमी)
• नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत भागलपुर में अपशिष्ट शोधन संयंत्र (एसटीपी) तथा अवरोधन एवं विपथन (आई एंड डी)
• पूर्णिया में स्वदेशी गोजातीय लिंग–विभेदित वीर्य उत्पादन सुविधा

## हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ

• पूर्णिया हवाई अड्डे से पहली वाणिज्यिक उड़ान
• अररिया–गलगलिया नई रेल लाइन से होकर जाने वाली कटिहार–सिलीगुड़ी एक्सप्रेस • जोगबनी–दानापुर वंदे भारत एक्सप्रेस
• सहरसा–छेहरटा (अमृतसर) अमृत भारत एक्सप्रेस • जोगबनी–इरोड अमृत भारत एक्सप्रेस

## गृह प्रवेश

• प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) (बिहार के 35600 लाभार्थी)
• प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) (बिहार के 5920 लाभार्थी)

## एनआरएलएम के अंतर्गत लाभों के वितरण

• बिहार में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत समूह स्तरीय संघों के लिए ₹500 करोड़ की सामुदायिक निवेश निधि (सीआईएफ) तथा पाँच सीएलएफ को चेकों की सुपुर्दगी

## शुभारंभ

• राष्ट्रीय मखाना बोर्ड

## परियोजनाओं के लाभ

- पूर्णिया हवाई अड्डे पर नए सिविल एन्क्लेव के विकास से क्षेत्र में हवाई यात्रा की माँग पूरी होगी
- नई लाइनों और रेलगाड़ियों के परिचालन से कुशल एवं किफायती रेल यात्रा के साथ यात्री और माल ढुलाई के लिए संपर्कता को बढ़ावा मिलेगा
- नए ताप विद्युत संयंत्रों से विद्युत उत्पादन से घरेलू और औद्योगिक खपत के लिए विद्युत की अधिक उपलब्धता सुनिश्चित होगी
- नए जलापूर्ति तंत्रों से संधारणीय जल प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा और जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल से जल के कनेक्शन उपलब्ध कराने में तेजी आएगी
- अवरोधन एवं विपथन (आई एंड डी) तथा नए अपशिष्ट शोधन संयंत्र (एसटीपी) नदी के प्रदूषण को कम करेंगे तथा गंगा के पुनरुद्धार में सहायक सिद्ध होंगे
- प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण एवं शहरी) के अंतर्गत 41,520 परिवार घर के मालिक बनेंगे
- गोजातीय लिंग–विभेदित वीर्य उत्पादन सुविधा से डेयरी किसानों की आय में वृद्धि होगी तथा उनका आर्थिक बोझ कम होगा
- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत धनराशि के वितरण से वित्तीय समावेशन को बढ़ावा और ग्रामीण निर्धन परिवारों / स्वयं सहायता समूहों का सशक्तिकरण
- मखाना उत्पादन उद्योग को बढ़ावा, जिससे इस क्षेत्र में वैश्विक मानचित्र पर बिहार की पहचान को सुदृढ़ता मिलेगी

# श्री नरेन्द्र मोदी


**माननीय प्रधानमंत्री**

द्वारा

सोमवार, 15 सितंबर, 2025 | अपराह्न 03:30 बजे | पूर्णिया, बिहार


## गरिमामयी उपस्थिति

**श्री आरिफ मोहम्मद खान** – राज्यपाल, बिहार
**श्री नीतीश कुमार** – मुख्यमंत्री, बिहार
**श्री मनोहर लाल** – केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य तथा विद्युत मंत्री
**श्री शिवराज सिंह चौहान** – केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री
**श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह** – केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी तथा पंचायती राज मंत्री
**श्री किंजरापु राममोहन नायडू** – केंद्रीय नागर विमानन मंत्री
**श्री अश्विनी वैष्णव** – केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
**श्री सी. आर. पाटिल** – केंद्रीय जल शक्ति मंत्री
**श्री सम्राट चौधरी** – उप मुख्यमंत्री, बिहार
**श्री विजय कुमार सिन्हा** – उप मुख्यमंत्री, बिहार
**श्री राजेश रंजन** – संसद सदस्य (लोकसभा)
**श्री विजय कुमार खेमका** – विधायक, पूर्णिया











CBC 03111/15/0011/2526

DD NEWS कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज़ पर देखें

# चौपारण में अवैध महुआ शराब कारोबार पर उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण हजारीबाग।** प्रखंड थाना क्षेत्र के ग्राम सिंघरावा, काँटी और कोरियाडीह में लंबे समय से संचालित अवैध महुआ शराब के कारोबार पर रविवार को उत्पाद विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान जलती भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया गया।



कार्रवाई में लगभग 2500 किलोग्राम किन्वित जावा महुआ मौके पर ही नष्ट किया गया और 100 लीटर से अधिक तैयार महुआ चुलाई शराब जब्त की गई। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि अवैध कारोबार में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज होगा। सूत्रों के अनुसार, इन क्षेत्रों में लंबे समय से शराब माफिया खुलेआम तस्करी और अवैध बिक्री कर रहे थे। स्थानीय स्तर पर बनी जहरीली शराब से लोगों की सेहत बिगड़ने और हादसों की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि सिर्फ सिंघरावा, काँटी और कोरियाडीह ही नहीं, बल्कि चौपारण प्रखंड के कई अन्य गांवों और जंगलों में भी जावा महुआ की भट्ठियाँ चलाई जा रही हैं। यहां से तैयार शराब हजारीबाग समेत आसपास के जिलों और बिहार तक तस्करी कर भेजी जाती है। बिहार में शराबबंदी लागू होने के कारण तस्करों के बीच चौपारण क्षेत्र की शराब की भारी मांग है, यही वजह है कि यह धंधा तेजी से फल-फूल रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि केवल छापेमारी ही नहीं, बल्कि इस कारोबार पर स्थायी रोक लगाने के लिए कड़ा अभियान चलाया जाए और शराब माफियाओं पर सख्त कार्रवाई हो। छापेमारी दल में अवर निरीक्षक उत्पाद सुमितेश कुमार, अवर निरीक्षक भुनेश्वर नायक, सहायक अवर निरीक्षक एंटोनी बागे, अनूप कुमार सिंह सहित कई गृह रक्षक शामिल थे। टीम ने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। प्रशासन के सामने अब चुनौती है कि चौपारण और आसपास से होकर बिहार तक फैली इस तस्करी पर स्थायी रोक कैसे लगाई जाए।

# धनकुबेर डिप्टी डायरेक्टर वीरेंद्र मिश्रा सस्पेंड, विजिलेंस रेड में मिली थी करोड़ों की अवैध प्रापर्टी

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार सरकार ने आय से अधिक संपत्ति मामले के भ्रष्टाचार में धरे गए तिरहुत क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक वीरेंद्र नारायण को विभाग ने निलंबित कर दिया है। शिक्षा विभाग ने निलंबित करते हुए निर्देश जारी किया है। निलंबन काल में उनका मुख्यालय सारण प्रमंडल का आरडीडीई कार्यालय निर्धारित किया गया है। उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।

निदेशक (प्रशासन), मनोरंजन कुमार, ने यह निर्देश दिया है। निदेशक ने जारी पत्र में कहा है कि विशेष निगरानी इकाई, पटना द्वारा वीरेन्द्र नारायण, क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर के विरूद्ध आय से अधिक धनार्जन के आरोप में आवास एवं अन्य स्थानों पर 11 सितंबर को छापेमारी की गयी है। श्री नारायण के पास आय से अधिक



सम्पत्ति प्राप्त होने की सूचना प्राप्त है। भ्रष्टाचार एवं गैर कानूनी तरीके से धन कमाने का कृत्य बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली, 1976 के नियम के प्रावधानों के विपरीत है। ऐसे में वीरेन्द्र नारायण को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में इनको प्रावधानों के तहत जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, सारण प्रमंडल, छपरा का कार्यालय निर्धारित किया जाता है। इनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही अलग से प्रारंभ की जाएगी।

11 सितम्बर को तिरहुत प्रमंडल के आरडीडीई वीरेन्द्र नारायण के पूर्णिया स्थित आवास पर आठ घंटे से विशेष निगरानी इकाई की छापेमारी चली। सदर थाना के रामबाग के करीब सरना चौक के पास करीब 15 कट्ठा जमीन में आरडीडीई की विशाल विल्डिंग है। जहां फिल्हाल दो परिवार एवं दो छात्र किराए पर रह रहे हैं। सुबह सात बजे के आसपास एसवीयू के डीएसपी सुधीर कुमार के नेतृत्व में दस की संख्या में पहुंचे टीम के सदस्य यहां पहुंचे थे। काफी देर तक भवन के ऊपरी तल्ले में स्थित आरडीडीई के आवास की चाबी की खोज की गई। बाद में भट्ठा बाजार स्थित उनके ससुराल से चाबी मंगाकर रेड शुरू की गई। इसके अलावे उनके पटना आवास और मुजफ्फरपुर कार्यालय में भी रेड किया गया। आरोपी के पास करोड़ों की चल और अचल संपत्ति के सबूत मिले।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा का आक्रामक तेवर

# 15 दिन में पुल नहीं बना तो चलाएंगे 'पुल बचाओ अभियान'

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** 2024 लोकसभा चुनाव में टिकट कटने के बाद राजनीति से दूरी बनाने की चर्चा के बीच, पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा एक बार फिर सुर्खियों में लौट आए हैं। हाल ही में रांची जाते समय उन्होंने गिद्दी रिवर साइड पुल का निरीक्षण किया और उसकी जर्जर हालत पर गंभीर सवाल उठाए।



जयंत सिन्हा ने प्रशासन और कोल इंडिया पर निशाना साधते हुए कहा—'क्या प्रशासन किसी बड़ी त्रासदी का इंतजार कर रहा है? आखिर इस पुल की मरम्मत अब तक क्यों नहीं हुई?' उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर पुल की मरम्मत नहीं हुई तो वे जनता के साथ मिलकर 'पुल बचाओ अभियान' छेड़ेंगे। जरूरत पड़ी तो ट्रैफिक रोकने तक का कदम उठाया जाएगा ताकि लोगों की जान खतरे में न पड़े। सिन्हा ने प्रशासन को चुनौती दी कि वह जनता के सामने स्पष्ट रिपोर्ट पेश करे और बताए कि पुल कितना सुरक्षित है तथा भविष्य में किसी हादसे की आशंका नहीं है। उनके इस बयान से झारखंड की राजनीति में नई हलचल पैदा हो गई है। समर्थक इसे उनकी सक्रिय राजनीति में वापसी का संकेत मान रहे हैं, वहीं विरोधी सतर्क हो गए हैं। अब देखना है कि जयंत सिन्हा का यह आक्रामक अंदाज आने वाले दिनों में प्रदेश की राजनीति को किस ओर मोड़ता है।

## करियातपुर गांव से पिकअप वाहन सहित साउंड सिस्टम और जेनरेटर चोरी

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही (हजारीबाग)।** थाना क्षेत्र के करियातपुर गांव में बीती रात चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए पिकअप वाहन सहित उस पर लदा सामान चोरी कर लिया। चोरी हुआ वाहन (नंबर JH 12A 7419) करियातपुर निवासी राजकुमार भगत (पिता राजेंद्र प्रसाद भगत) का था, जिसे उनके घर के सामने खड़ा किया गया था। वाहन के साथ उस पर लदा साउंड एंड लाइट सिस्टम और 10 केबी का जनरेटर भी चोरी हो गया। पीड़ित राजकुमार भगत ने बताया कि सुबह उठने पर वाहन गायब मिला। उन्होंने अपने स्तर से खोजबीन की, लेकिन सफलता नहीं मिली। राजकुमार भगत का कहना है कि यह वाहन और उस पर लदा उपकरण ही उनके परिवार के जीविकोपार्जन का एकमात्र साधन था। चोरी की इस घटना से पूरा परिवार आर्थिक संकट में आ गया है।

# गांधी मैदान में डिजनीलैंड मेले का भव्य आगाज, दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ पर बस गया छोटा-सा भारत

नवीन सिन्हा

**हजारीबाग।** शहर के गांधी मैदान मटवारी में रविवार को डिजनीलैंड मेले का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रदीप प्रसाद तथा विशिष्ट अतिथि राकेश गुप्ता ने फीता काटकर किया।

दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ जैसे पावन अवसर पर आयोजित इस मेले में देश की विविधता और संस्कृति की झलक देखने को मिल रही है। कुछ दिनों के लिए मानो 'छोटा भारत गांधी मैदान में बस गया हो।' विधायक प्रदीप प्रसाद ने इस अवसर पर कहा कि-'यह आयोजन न केवल स्थानीय प्रतिभाओं और कारीगरों को मंच देगा, बल्कि क्षेत्र की अर्थव्यवस्था और बेरोजगारी उन्मूलन की दिशा में भी अहम भूमिका निभाएगा।' मेले में

## हजारीबाग में उत्सव और संस्कृति का संगम : विधायक प्रदीप प्रसाद



पंजाब, असम, गुजरात, झारखंड, बिहार, बंगाल और उत्तर प्रदेश के कारीगरों द्वारा बनाई गई वस्तुओं की प्रदर्शनी व बिक्री की जा रही है। इसमें सोफा, पलंग, लकड़ी व बांस का सामान, रेडीमेड कपड़े, कालीन, ज्वेलरी, अचार, पापड़, केटलरी और टैडीबियर जैसी आकर्षक वस्तुएँ लोगों को खूब लुभा रही हैं। मनोरंजन के लिए मेले में देसी और विदेशी झूले भी लगाए गए हैं। ब्रेक डांस झूला, मिक्की माउस, रशियन झूला, अजमेरी झूला और नौका झूला बच्चों व युवाओं के बीच रोमांच का केंद्र बने हुए हैं। खाने-पीने के शौकीनों के लिए भी पिज्जा, बर्गर, चाट, भेलपुरी, गोलगप्पे, आइसक्रीम और कोल्ड ड्रिंक जैसे स्वादिष्ट स्टॉल सजाए गए हैं। इस मेले का सफल संचालन आशीष कुमार, मिथिलेश प्रसाद, मुकेश कुमार और शुभम की देखरेख में हो रहा है। आयोजन समिति ने बताया कि उद्देश्य है-'हजारीबाग की जनता को एक ही मंच पर मनोरंजन, संस्कृति और व्यापार का अनुभव दिलाना तथा स्थानीय कारीगरों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देना।' इस अवसर पर समाजसेवी मनोज कुमार सिन्हा, रिंकू वर्मा, कांग्रेस नेत्री कोमल कुमारी, सुनील गुप्ता, अजय कुमार, चंदन सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक



नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** आज नए सर्किट हाउस,गिरिडीह में झारखण्ड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के साथ अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक करते हुए आगामी दुर्गा पूजा उत्सव को शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और समावेशी तरीके से मनाने की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई। विभिन्न समुदायों, प्रशासनिक अधिकारियों और पूजा समितियों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

बैठक में दिनेश यादव भाजपा राज्यसभा सांसद डॉ. सरफराज अहमद,सांसद प्रतिनिधि गुड्डू यादव, एसडीपीओ जीत वाहन उरांव, एसडीएम श्रीकांत यशवंत विस्पुते, डीएसपी नीरज सिंह, उपनगर आयुक्त प्रशांत कुमार लायक, गिरिडीह प्रखंड प्रमुख पुनम देवी मौजूद रहे यातायात प्रबंधन प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक नियंत्रण और पूजा पंडालों के पास पार्किंग जोन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए साफ-सफाई, निर्बाध बिजली, जलापूर्ति, महिला आरक्षियों की तैनाती, और बैरिकेडिंग की मांग को पूरा करने के निर्देश दिए गए दुर्गा पूजा की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है इस उत्सव को भव्य और शांतिपूर्ण बनाएं।

# कला संगम सारेगामा गीत प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में कलाकारों ने मचाई धूम

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** कला संगम के तत्वावधान में अधिवक्ता संघ भवन में आयोजित स्व. नन्दकिशोर प्रसाद स्मृति सारेगामा गीत प्रतियोगिता सीजन 13 के सेमीफाइनल का उद्घाटन द्वीप प्रज्वलित कर संरक्षक अजय सिन्हा मंटू व सतविंदर सिंह सलूजा, अध्यक्ष प्रकाश सहाय, कार्यकारी अध्यक्ष पंकज कुमार ताह, सचिव सतीश कुंदन, उपाध्यक्ष अंजनी सिन्हा ने संयुक्त रूप से किया। सबसे पहले स्व. नन्दकिशोर प्रसाद की तस्वीर पर मल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम संचालन मनोज कुमार मुन्ना, नीतीश आनन्द ने किया। सीनियर व जूनियर ग्रुप के कलाकारों ने एक से एक गीत गाकर समां बांध दिया।



अध्यक्षीय भाषण में अध्यक्ष प्रकाश सहाय ने कहा बच्चों में संगीत की प्रतिभा को उभारने के लिए कला संगम गिरिडीह में सांस्कृतिक माहौल बनाया है। इसके लिए स्व. नन्दकिशोर प्रसाद के सुपुत्र अजय सिन्हा, अंजनी सिन्हा, विकास सिन्हा का आभार व्यक्त किया। संरक्षक अजय कुमार सिन्हा ने कहा पिताजी हमें हमेशा संगीत के प्रति सहयोग करने की प्रेरणा देते रहते थे। हम हमेशा कला संगम के साथ खड़े मिलेंगे। संरक्षक सतविंदर सिंह सलूजा ने कहा कि कला संगम संगीत, नृत्य, नाटक को वर्षों से मंच प्रदान करते आ रहा है, इससे युवाओं में समाज के प्रति संवेदनशील तथा जागरूक होने की प्रेरणा मिलती है। पंकज ताह ने कहा इससे बच्चों में चरित्र का निर्माण होता है। इसके लिए सचिव सतीश कुन्दन के सहयोग और कर्मठता की सराहना की। धन्यवाद ज्ञापन अंजनी कुमार सिन्हा ने किया। ज्ञात हो कि 7 सितंबर को ऑडिशन में 40 प्रतिभागियों का चयन किया गया था। आज फाइनल होगा।

# सियालदह-आसनसोल इंटरसिटी सुपरफास्ट का विस्तार न्यू गिरिडीह होते हुए कोडरमा तक करने की मांग

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** ईस्टर्न रेलवे के जेडआरयूसीसी सदस्य मुकेश जालान ने महाप्रबंधक, पूर्व रेलवे को पत्र लिखकर ट्रेन सं. 12383/84 सियालदह-आसनसोल इंटरसिटी सुपरफास्ट का विस्तार न्यू गिरिडीह होते हुए कोडरमा तक करने की मांग रखी है।

उन्होंने कहा कि इस विस्तार से गिरिडीह, जमुआ और धनवार क्षेत्र के यात्रियों को पहली बार कोलकाता के लिए सीधी रेल सेवा उपलब्ध होगी। आज तक आसनसोल मंडल अधीन गिरिडीह रेलवे स्टेशन से कोलकाता के लिए कोई सीधी ट्रेन नहीं चली है, जो इस बड़े औद्योगिक और स्वास्थ्य केंद्र के लिए गंभीर कमी है जालान ने सुझाव दिया कि ट्रेन में अतिरिक्त स्लीपर और वातानुकूलित कोच लगाए जाएँ ताकि अधिक से अधिक यात्रियों को सुविधा मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में इस ट्रेन का रखरखाव आसनसोल में किया जा रहा है, जबकि इसे सियालदह में कराया जा सकता है क्योंकि ट्रेन वहाँ 6 घंटे से अधिक खड़ी रहती है। इस व्यवस्था से ट्रेन को आसनसोल के बाद मधुपुर, न्यू गिरिडीह होते हुए कोडरमा तक बढ़ाना और वापसी में चलाना पूरी तरह संभव है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस ट्रेन का विस्तार न केवल यात्रियों की सुविधा बढ़ाएगा बल्कि क्षेत्रीय व्यापार, रोजगार और रेलवे राजस्व में भी सकारात्मक वृद्धि करेगा।

# बापू के सम्मान में पद यात्रा से उनके आदर्शों को आत्मसात करने का अवसर मिलेगा

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गाँधी आगमन शताब्दी समारोह खरगडीहा के बैनर तले 06-10 . 2025 को खरगडीहा से पंचबा तक की पदयात्रा कार्यक्रम इस पद यात्रा समारोह के मुख्य अतिथि माननीय मंत्री झारखंड सरकार सुदिव्य कुमार सोनू जी होगें।



लंगेश्वरी बाबा के समाधि पर चादर पोशी कर पूज्य बापू जी को माल्यार्पण कर पदयात्रा की शुरूआत माननीय मंत्री झारखंड सरकार के कर कमलों द्वारा होगी। इसकी अधिकारिक घोषणा समिति के संयोजक शिक्षाविद् सुंदर राम ने की संचालक समिति के अध्यक्ष सुनील साव , सचिव जुल्फिकार अली एवं उपाध्यक्ष चीना खान ने कहा कि जन जागरण एवं प्रचार कार्य में समिति के सारे सदस्य गण लग गए हैं । समिति के संयोजक सुंदर राम ने कहा कि स्वंत्रतता आंदोलन के समय पूज्य महात्मा गाँधी ने खरगडीहा एवं परगोडीह में 6 अक्टूबर 1925 को आम सभा की थी। आगमन शताब्दी के अवसर पर उनके सम्मान में पैदल यात्रा आयोजित की गई है। क्षेत्र के लोगों में अपार उत्साह है। पूज्य बापू के सम्मान में पद यात्रा से उनके आदर्शों को आत्मसात करने का अवसर मिलेगा ।

## रांची में ट्रिपल लोड स्कूटी की फोटो

# चालान काटा गया कार का, वाहन मालिक हजारीबाग निवासी

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग/रांची।** रांची में यातायात नियमों की अनदेखी का अजीब मामला सामने आया है। सड़कों पर ट्रिपल लोड स्कूटी की तस्वीर कैमरे में कैद हुई, लेकिन चालान काटा गया कार संख्या JH-01AZ-6617 का। जानकारी के अनुसार यह कार हजारीबाग निवासी के नाम पर रजिस्टर्ड है। चालान में कार का नंबर तो दर्ज किया गया है, लेकिन असलियत में फोटो स्कूटी का है, जिस पर तीन लोग सवार थे। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया है कि आखिर गलती किसकी है- स्कूटी चालक की, जिसने नियम तोड़ा, या फिर परिवहन विभाग की, जिसने गलत वाहन पर कार्रवाई कर दी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह मामला ट्रैफिक चालान व्यवस्था में लापरवाही और तकनीकी खामियों को उजागर करता है। लोग अब पारदर्शिता की मांग कर रहे हैं, ताकि सही वाहन और सही चालक पर ही कार्रवाई हो सके।

# दुर्गा पूजा आयोजकों को सम्मानित करेगा कोसीसीआई

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नगर निगम क्षेत्र के साथ आस-पास के पूजा पंडालों को इस वर्ष भी कोयलांचल चैंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर आज कोसीसीआई के अध्यक्ष राहुल बर्मन की अध्यक्षता में कार्यकारिणी समिति की एक बैठक वंडर वर्ल्ड हॉल बरगंडा में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से अरविंद कुमार को कार्यक्रम का संयोजक बनाया गया।



बताया गया कि भव्य पंडाल, भव्य सजावट, बेहतर साफ-सफाई व बेहतर अनुशासन के आधार पर पंडालों को सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए एक चयन समिति का गठन किया गया जिसमें संयोजक अरविंद कुमार के अलावे अध्यक्ष राहुल बर्मन, सचिव गोपालदास भदानी, कोषाध्यक्ष डॉ सुमन कुमार, मीडिया प्रभारी सुजीत कपिसवे, राजेश गुप्ता, पत्रकार सह छायाकार बिनोद शर्मा, राजीव साहा, मुज्तबा गुडन, निशांत गुप्ता, सोनू, योगेश्वर दास व विकास सिंह को शामिल किया गया। टीम के सदस्य पूजा के दौरान पंडालों का भ्रमण कर अपनी-अपनी राय देंगे, जिसके आधार पर सर्वश्रेष्ठ पूजा पंडालों का चयन किया जाएगा। दुर्गा पूजा के बाद भव्य समारोह आयोजित कर पूजा पंडालों को सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के माननीय नगर विकास सह पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू होंगे। इस कार्यक्रम के प्रायोजक आविष्कार डायग्नोस्टिक को बनाया गया है। बैठक में दिवेन तिवारी, मशरूर आलम सिद्दीकी समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

# खेल में विजयी खिलाड़ियों को मेडल ट्राफी और सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखण्ड शिक्षा परियोजना,गिरिडीह के तत्वाधान में 12 से 13 सितम्बर 2025 तक आयोजित जिला स्तरीय खेलो झारखण्ड प्रतियोगिता 2025-26 के तहत आज दूसरे दिन का खेल का आयोजन सर्कस मैदान गिरिडीह कारमेल स्कूल मैदान और तेतरिया मैदान में किया गया।



प्रतियोगीता में एथेलेटिक्स, खो खो, कब्बड्डी, बोलिबोल, शतरंज तीरंदाजी फूटबाल आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिला स्तरीय खेलो झारखण्ड प्रतियोगिता 2025-26,खेल के समापन समारोह में जिला शिक्षा अधीक्षक,गिरिडीह मुकुल राज, एडीपीओ प्रकाश कुमार और विभिन्न खेलो के जिला संघ के प्रतिनिधि उपस्थित थे। खेल में विजयी खिलाड़ियों को मेडल ट्राफी और सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय प्रशासन,शिक्षकगण एवं जिला शिक्षा विभाग और जिला के फुटबॉल संघ के ऑर्गेनिजिंग चेरमेन नुरुल हुडा एवं जिला के विभिन्न संघ की सराहनीय भूमिका रही।

# 23 सितंबर से कोडरमा लोस क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को मिलेगा राष्ट्रीय मंच

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में 'सांसद खेल महोत्सव 2025' का आयोजन आगामी 23 सितंबर से 25 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा। यह महोत्सव माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'खेलो इंडिया' और 'फिट इंडिया' अभियान की भावना को आगे बढ़ाते हुए युवाओं को खेल और फिटनेस का सबसे बड़ा मंच प्रदान करेगा महिला एवं बाल विकास मंत्री एवं कोडरमा सांसद श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने जानकारी देते हुए कहा कि यह महोत्सव न केवल खेल प्रतिभाओं को पहचान देगा, बल्कि युवाओं में फिटनेस, अनुशासन और टीम भावना को भी सशक्त करेगा। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेल प्रतिभा को पहचान और प्रोत्साहन देना। अनुशासन, टीम भावना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना।

## 'सांसद खेल महोत्सव 2025' का आगाज




ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के खिलाड़ियों को समान अवसर उपलब्ध कराना है इस आयोजन में आधुनिक कान्वेंशनल खेलों के साथ-साथ पारंपरिक खेलों को भी जोड़ा गया है। प्रतियोगिताओं का विस्तृत शेड्यूल इस प्रकार है फुटबॉल टूनार्मेंट । 23 सितंबर से 25 अक्टूबर 2025 सी.एम. हाई स्कूल फुटबॉल ग्राउंड, डोमचांच फुटबॉल टूनार्मेंट- 2 3 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 बरकट्ठा स्टेडियम, अडवार खो-खो 6 अक्टूबर से 18 अक्टूबर 2025 सीएच स्कूल, झुमरी तिलैया लगोरी/सत्तूलिया सात पत्थर 6 अक्टूबर से 18 अक्टूबर 2025 सीएच स्कूल, झुमरी तिलैया कबड्डी 6 अक्टूबर से 18 अक्टूबर 2025 सीएच स्कूल, झुमरी तिलैया बैडमिंटन 1 नवंबर से 4 नवंबर 2025 इंडोर स्टेडियम, गिरिडीह टेबल टेनिस।

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स



भारी बारिश के कारण वैष्णो देवी यात्रा अगले आदेश तक स्थगित

• बोकारो, सोमवार, 15 सितंबर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 120 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

# मुठभेड़ में पांच लाख का इनामी नक्सली ढ़ेर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** झारखंड के पलामू जिले के मनातू जंगल में रविवार सुबह सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता हाथ लगी। यहां प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी और सुरक्षाबलों के जवानों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में संगठन के पांच लाख का इनामी कमांडर मुखदेव यादव को ढेर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार मारे गए नक्सली का शव घटनास्थल से बरामद कर लिया गया है। मुखदेव यादव के शव के पास से पुलिस ने इंसास रायफल एवं भारी मात्रा में गोली बरामद किया है। मालूम हो के तीन सितंबर की रात को पुलिस व नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में पुलिस के दो जवान शहीद हो गये थे। इसके बाद से पुलिस लगातार सर्च अभियान चला रही थी। इसी दौरान रविवार अहले सुबह पुलिस व उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ हो गयी।





जिस दिन पुलिस के साथ तीन सितंबर को मुठभेड़ हुई थी उस दिन शशिकांत गंझू के दस्ते में मुखदेव यादव भी शामिल था। पिछले दिनों हुई मुठभेड़ के बाद पुलिस ने 10 लाख के इनामी टीएसपीसी कमांडर शशिकांत गंझू को लेकर बड़ा सर्च अभियान शुरू किया है। इस अभियान में कोबरा, जगुआर और जिला पुलिस बल को संयुक्त रूप से लगाया गया है। गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए सर्च अभियान के दौरान मुठभेड़ हुई। सर्च अभियान के दौरान नक्सलियों ने पुलिस को देखते ही गोली चलाना शुरू कर दिया। इसके बाद पुलिस के द्वारा किये गये जवाबी कार्रवाई में मुखदेव यादव को मार गिराया। उसकी मौत को सुरक्षाबलों की बड़ी कामयाबी मानी जा रही है। पुलिस का कहना है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। संगठन से जुड़े अन्य बड़े नक्सलियों को भी जल्द ही पकड़ लिया जायेगा या मार गिराया जाएगा। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने मुठभेड़ में नक्सली मुखदेव यादव के मारे जाने की पुष्टि की है। एसपी ने बताया कि टीएसपीसी का दस्ते पलामू के मनातू, तरहसी और चतरा के सीमावर्ती जंगलों को ठिकाना बनाए हुए हैं। शशिकांत गंझू के साथ उसके दस्ते में 8 से 10 नक्सली सक्रिय बताए जाते हैं जिनमें इनामी नक्सली नगीना भी शामिल है। सुरक्षाबलों का कहना है कि यह अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन है। पुलिस का दावा है कि अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक पूरे दस्ते को खत्म नहीं कर दिया जाता। इलाके में लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है और पुलिस ने ग्रामीणों से भी सतर्क रहने की अपील की है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मुखदेव यादव उर्फ तूफान पर पलामू व चतरा जिले में 27 अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इसमें मनातू थाना कांड सं. 06/17, 32/20, 53/21, 05/21 एवं 17/22, तरहसी थाना कांड सं 31/22 एवं 04/23, पंड़वा थाना कांड सं 35/23, मनातू थाना काण्ड सं 04/23, छतरपुर थाना कांड सं. 62/24, छतरपुर थाना कांड सं 194/24, मनातू थान कांड सं 24/25, तरहसी थाना काण्ड सं - 35/25, मनातू कांड स. 38/2025, 56 /2025 पलामू जिले में मुकदमा दर्ज है। उन्होंने बताया कि चतरा जिला के कुन्दा थाना कांड सं 09/13, प्रतापपुर थाना कांड सं 16/17, कुन्दा थाना कांड सं 42/19, 6/21, 11/22, 56/22, 01/23, 02/23, 37/23, 03/24, 27/24, 21/25 दर्ज किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक की तालाब में डूबने से मौत

**लातेहार (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बरवाडीह प्रखंड स्थित कंचनपुर गांव में एक दर्दनाक हादसा हुआ। पलामू जिले के कजरी गांव निवासी 35 वर्षीय श्रीकांत सिंह की तालाब में डूबने से मौत हो गई। श्रीकांत दो दिन पहले अपने रिश्तेदार अमेरिका सिंह के घर कंचनपुर आए थे। रिश्तेदारों संग समय बिताने के दौरान वह घर के पास स्थित तालाब में नहाने गए। इसी बीच गहरे पानी में चले जाने से वह डूब गए।

### होटल रिसेप्शनिस्ट ने लगाई फांसी

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** सरायढेला थाना क्षेत्र के जगजीवन नगर में रहने वाले एक युवक ने अपने किराए के मकान में फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक की पहचान देवघर निवासी 28 वर्षीय अनुपम मिश्रा के रूप में हुई है। वह धनबाद में एक होटल में रिसेप्शनिस्ट की नौकरी कर रहे थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद से पूरे इलाके में मातम का माहौल है। मनईटांड की रहने वाली उसकी पत्नी अनुष्का कुमारी ने बताया कि दोनों ने तीन साल पहले प्रेम विवाह किया था। किराए के मकान में साथ रहते थे।

### करंट की चपेट में आया बिजली मिस्त्री

**हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र के रेवाली गांव में रामगढ़ जिले के बलिया गांव निवासी बिजली मिस्त्री दिलीप कुमार 11 हजार वोल्ट की हाइटेंशन लाइन की चपेट में आ गए। दिलीप पोल पर चढ़कर बिजली की तारों की मरम्मत कर रहे थे। अचानक बिजली प्रवाहित हो जाने से उनके दोनों हाथ और एक पैर बुरी तरह झुलस गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्काल दिलीप को नीचे उतारा और हजारीबाग के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने गंभीर हालत देखते हुए उन्हें रांची रेफर कर दिया। चिकित्सकों का कहना है कि दिलीप के शरीर का बड़ा हिस्सा करंट से झुलस गया है और उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

### नाबालिग लड़की का शव मिलने से सनसनी

**पाकुड़(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र में रविवार को एक नाबालिग लड़की का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। बरमसिया गांव स्थित ईंट- भट्ठा के पास ग्रामीणों ने शव देखा और तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दी। कुछ ही देर में अमड़ापाड़ा थाना प्रभारी मदन शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल की छानबीन शुरू की। पुलिस ने मौके से एक झोला बरामद किया है। झोले में स्कूल ड्रेस, कॉपी-कलम, नाश्ता, जहरीली दवा का पुड़िया, चप्पल और कपड़े मिले हैं। इन सामानों की बरामदगी से आशंका जताई जा रही है कि लड़की ने खुद ही कोई कठोर कदम उठाया हो। पुलिस ने झोले को जब्त कर जांच शुरू कर दी है।

## झारखंड में एसआइआर को लेकर कांग्रेस-झामुमो ने बनाई रणनीति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** बिहार के बाद अब झारखंड में भी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की संभावना को देखते हुए इंडिया ब्लॉक की पार्टियों ने तैयारियां शुरू कर दी है। कांग्रेस-झामुमो और राजद ने अपनी ओर से विशेष तैयारियां शुरू की हैं। कांग्रेस राज्य के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलए-1 और बीएलए-2 की नियुक्ति कर रही है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश अपने बीएलए को मतदान केंद्रों का प्रहरी बताते हैं। वहीं, झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपने बूथ स्तरीय समिति सदस्यों को वोट चोरी के खिलाफ अपना सबसे मजबूत पक्ष बताया। झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडेय कहते हैं कि अगर झारखंड में एसआइआर के नाम पर कोई गड़बड़ी करने की कोशिश की गई, तो हमारी बूथ स्तरीय समिति 'ऑन द स्पॉट' फैसला करेगी। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और एआईसीसी सदस्य राजेश ठाकुर ने कहा कि वोट चोरी की कोशिश की गई है। राहुल गांधी ने भी वोट चोरी रोकने के लिए इसे मुद्दा बनाया था। ऐसे में प्रदेश अध्यक्ष झारखंड में बीएलए की नियुक्ति कर रहे हैं। हम सब मिलकर झारखंड में एसआइआर के नाम पर कुछ भी गलत नहीं होने देंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि अगर एसआइआर सही तरीके से हुआ तो ठीक है, वरना हमारे बीएलए हर बूथ पर प्रहरी की तरह काम करेंगे और किसी भी एकतरफा फैसले को नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि हम झारखंड में भाजपा विरोधी मतदाताओं का नाम हटाने की किसी भी मंशा को कामयाब नहीं होने देंगे।

## हिंदी के प्रचार-प्रसार में झारखंड सरकार अग्रसर : प्रवीण टोप्पो

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की ओर से आज रविवार को रांची के श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान (एटीआई) में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्मिक सचिव प्रवीण टोप्पो ने कहा कि हिंदी राष्ट्रीय एकता, संस्कृति और संवाद की सशक्त भाषा है। हिंदी ने प्रशासनिक कार्यों को सरल और जनसामान्य तक सुगम बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हिंदी भाषा को और अधिक सरल, सहज एवं समृद्ध बनाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन, प्रशासनिक कार्यों तथा तकनीकी क्षेत्रों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देकर इसे और व्यापक बनाया जा सकता है। मातृभाषा के रूप में हिंदी हमारी सांस्कृतिक पहचान है जिसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सबकी जिम्मेवारी है। विभाग की ओर से भारत सरकार के साथ होने वाला पत्राचार भी हिंदी में ही किया जाता है। इससे हिंदी का प्रयोग न केवल राज्य स्तर पर बल्कि केंद्र स्तर पर भी और सशक्त रूप से स्थापित हो रहा है। कार्मिक सचिव प्रवीण टोप्पो ने कहा कि झारखंड सरकार कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग के माध्यम से हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार और इसके प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। विभिन्न योजनाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और जागरूकता अभियानों के जरिए हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार से सम्मानित लेखिका एवं रांची के राम लखन सिंह यादव कॉलेज में हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ पार्वती तिर्की ने कहा कि हिंदी भाषा की गहराई तक जाना आवश्यक है। हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और साहित्यिक धरोहर भी है, जिसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। समारोह में उपस्थित अन्य वक्ताओं ने हिंदी को तकनीकी युग के अनुरूप बनाने, बिजनेस, मैनेजमेंट, मेडिकल, इंजीनियरिंग, ई-गवर्नेंस और डिजिटल प्लेटफॉर्मों पर इसके अधिकाधिक प्रयोग तथा विद्यालय से लेकर उच्च शिक्षा तक हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने पर बल दिया। इस अवसर पर कार्मिक विभाग के विशेष सचिव ओम प्रकाश साह, रांची विश्वविद्यालय के डॉ हीरानंद प्रसाद एवं कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारीगण एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।




## समय पर करें समस्याओं का समाधान : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गिरिडीह।** जिले में दुर्गा पूजा की तैयारियों को लेकर नए परिसदन भवन में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू और राज्यसभा सांसद डॉ. सरफराज अहमद विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में पूजा समितियों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद थे। बैठक में सदर अनुमंडल क्षेत्र की विभिन्न दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारियों ने बिजली, पानी, सड़क, सुरक्षा और स्वच्छता से जुड़ी अपनी समस्याओं को विस्तार से रखा। समितियों ने प्रशासन से आग्रह किया कि त्योहार के दौरान भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष व्यवस्था की जाए और मूर्ति विसर्जन तक निगरानी लगातार बनी रहे।



मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने बैठक में सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और पूजा से पहले समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने नगर निगम, बिजली विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, सड़क निर्माण विभाग और पुलिस विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे निर्धारित समय पर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। मंत्री ने कहा कि दुर्गा पूजा का पर्व सामाजिक सौहार्द और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है, ऐसे में प्रशासन की जिम्मेदारी है कि आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस मौके पर कोडरमा सांसद प्रतिनिधि दिनेश प्रसाद यादव और गिरिडीह सांसद प्रतिनिधि गुड्डू यादव भी उपस्थित रहे। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों में एसडीएम श्रीकांत यशवंत विस्पुते, उपनागर आयुक्त प्रशांत लायक, एसडीपीओ जितवाहन उरांव और डीएसपी नीरज सिंह मौजूद थे। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि विभागीय स्तर पर सभी तैयारियां समय पर पूरी की जाएंगी। जिला और पुलिस प्रशासन दुर्गा पूजा के सफल आयोजन के लिए लगातार बैठकें कर रहा है। शांति समिति की यह बैठक भी उसी क्रम का हिस्सा रही। अधिकारियों ने कहा कि इस बार पूजा पंडालों की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और बिजली-पानी की आपूर्ति पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो सके।

## ओरिएंटल पाइड हॉर्नबिल समेत 112 पक्षी बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग़।** हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल पदाधिकारी मौन प्रकाश के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने गोरहर थाना अंतर्गत जीटी रोड पर बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान एक लग्जरी कार से 112 दुर्लभ और खूबसूरत पक्षी बरामद किए गए, जिनमें विलुप्ति की कगार पर पहुंच चुके ओरिएंटल पाइड हॉर्नबिल समेत कई प्रजातियां शामिल हैं। इस कार्रवाई में महाराष्ट्र निवासी विनोद गणपत माने को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। उसके खिलाफ वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत मामला दर्ज किया गया। विभाग का मानना है कि इस मामले में अंतरराज्यीय गिरोह संलिप्त हो सकता है, जिसकी जांच जारी है। बरामद पक्षियों को फिलहाल बरही वन विभाग कार्यालय में सुरक्षित रखा गया है। विभाग ने बताया कि स्थानीय वातावरण में इन विदेशी प्रजातियों के लिए खतरा हो सकता है, इसलिए सभी पक्षियों को कोलकाता जूलॉजिकल पार्क भेजा जाएगा। इनकी कीमत प्रति जोड़ा 10 हजार से 2 लाख रुपये तक बताई जा रही है। इस कार्रवाई में प्रशिक्षु आईएफएस मोहित बंसल, वाइल्डलाइफ प्रमंडल अधिकारी, बरही व चौपारण प्रक्षेत्र के वनकर्मी, गोरहर थाना प्रभारी समेत कई अधिकारी शामिल थे। डीएफओ मौन प्रकाश ने कहा कि यह कदम पक्षी संरक्षण की दिशा में बड़ी उपलब्धि है और संलिप्त अन्य लोगों की तलाश जारी है।

## झारखंड में अगले तीन दिन जमकर बरसेगा मानसून, येलो अलर्ट जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के 22 जिलों में अगले तीन दिन भारी वर्षा की चेतावनी मौसम विभाग ने दी है। इन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने कहा है कि 15 से 17 सितंबर के बीच झारखंड के 22 जिलों में कहीं-कहीं भारी वर्षा होगी। कुछ जगहों पर गरज के साथ वज्रपात भी होने की संभावना है। इन जिलों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने और जरूरी सावधानी बरतने की सलाह दी गयी है। मौसम विभाग की ओर से रविवार को जारी स्पेशल बुलेटिन में बताया गया है कि पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, देवघर, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज, रांची, बोकारो, धनबाद, खूंटी, रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, चतरा, पलामू, गढ़वा और चतरा जिले में अगले 3 दिन के दौरान कुछ जगहों पर भारी वर्षा हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक 15 सितंबर को पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, देवघर, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज, रांची, बोकारो, धनबाद, खूंटी और रामगढ़ जिले में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। 16 सितंबर को बाबानगरी देवघर, दुमका, गिरिडीह, जामताड़ा, रांची, बोकारो, हजारीबाग, कोडरमा, धनबाद, चतरा और रामगढ़ में कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की संभावना है।

## भारत गौरव ट्रेन से करें चार ज्योतिर्लिंग व स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का दर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चार ज्योतिर्लिंग और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी यात्रा के लिए विशेष भारत गौरव एक्सप्रेस चलाने का फैसला लिया गया है। नौ दिवसीय यात्रा पैकेज में देश के चार प्रमुख ज्योतिर्लिंग मंदिरों के साथ आधुनिक भारत की पहचान बन चुके स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का दर्शन कराया जाएगा। इस भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन का संचालन 25 अक्तूबर से शुरू होगा। यात्रा की शुरुआत अमृतसर से होगी और इसमें जालंधर, लुधियाना, चंडीगढ़, अंबाला, कुरुक्षेत्र, पानीपत, सोनीपत, दिल्ली कैंट और रेवाड़ी से यात्री ट्रेन में सवार हो सकेंगे। इस यात्रा में उज्जैन के महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर, द्वारका के नागेश्वर तथा सोमनाथ (गिर-सोमनाथ) ज्योतिर्लिंग मंदिरों के साथ गुजरात के द्वारकाधीश मंदिर और केवडिया स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का दर्शन कराया जाएगा। ट्रेन में कुल 762 यात्री यात्रा कर सकेंगे। इन्हें इकोनॉमी, स्टैंडर्ड और कम्फर्ट श्रेणियों में विभाजित किया जाएगा। किराया 19,555 रुपये से 39,410 रुपये प्रति यात्री तक होगा। पैकेज में शाकाहारी भोजन, आवास, ट्रांसफर, दर्शनीय स्थलों की यात्रा, बीमा और सुरक्षा की सुविधा दी जाएगी। हालांकि स्मारकों के प्रवेश शुल्क, व्यक्तिगत खर्च और टिप्स इसमें शामिल नहीं होंगे। आईआरसीटीसी ने इस यात्रा को 'वन-स्टॉप स्पिरिचुअल और कल्चरल टूरिज्म पैकेज' के रूप में प्रचारित किया है। ज्योतिर्लिंग मंदिर जहां प्राचीन धार्मिक आस्था का प्रतीक हैं, वहीं स्टैच्यू ऑफ यूनिटी आधुनिक भारत के राष्ट्रीय गर्व का प्रतीक है। आईआरसीटीसी ने यात्रियों को मान्य पहचान पत्र साथ लाने और यात्रा से पहले स्वास्थ्य की जांच कराने की सलाह दी है। कंपनी का मानना है कि पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के श्रद्धालुओं में इस पैकेज की भारी मांग रहेगी क्योंकि एक ही यात्रा में चार पवित्र ज्योतिर्लिंगों और एक राष्ट्रीय धरोहर का दर्शन संभव होगा। आरक्षण आईआरसीटीसी की आधिकारिक वेबसाइट और चंडीगढ़ व दिल्ली स्थित क्षेत्रीय कार्यालयों में किया जा सकता है।




### खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के 12 अधिकारी निलंबित

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत खराब गुणवत्ता के खाद्यान्न की आपूर्ति मामले में कड़ा कदम उठाया है। जांच प्रतिवेदन के आधार पर राज्य खाद्य निगम के 6 सहायक प्रबंधकों और 6 गुणवत्ता नियंत्रकों को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई खाद्यान्न की गुणवत्ता और आपूर्ति में अनियमितताओं के चलते की गई है। इससे पहले विभाग ने 6 आपूर्ति निरीक्षकों/प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निलंबित किया था। इसके अतिरिक्त, 27 आपूर्ति निरीक्षकों/प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों और 7 सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। जांच में पाया गया कि कई दुकानों में खाद्यान्न की कमी, निम्न गुणवत्ता और स्टॉक में अनियमितता की शिकायतें थीं।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 14-09-2025 21:39 Page 1



# महिलाओं ने धरनास्थल पर ही मनाया जितिया

## बांध पर बसे गंगा कटाव पीड़ितों के पुर्नवास के लिए बैठी हैं अन्न त्यागकर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार**। संतान की दीघार्यु के लिए जिउतिया पर्व बिहार में खास है। किसी भी स्थिति में मां निर्जला व्रत रखती है। इसी कड़ी में धरना पर बैठी माताओं ने धरना स्थल पर ही डाला सजाकर पूरे विधि विधान जीवित पुत्रिका व्रत रखा। बता दें कि बुधवार से मां जानकी धाम के संस्थापक राजेश गुरनानी अपने समर्थकों के साथ चार सूत्री मांगो को लेकर सामाहरणालय के समक्ष स्थित इंदिरा गांधी पार्क मे अन्न त्याग कर अलौकिक सत्याग्रह बैठे हैं।रविवार को सत्याग्रह के 5 दिन होने के बाद भी कोई प्रशासनिक अधिकारी इस सत्याग्रह की सुध लेने नहीं आए हैं। जिसके बाद सत्याग्रह पर बैठी महिलाए जितिया पर्व होने के कारण सत्याग्रह स्थल पर ही डाला सजाकर जिवितपुत्रिका व्रत का उपवास अपने संतान की लंबी आयु के लिए कर रहे हैं।

मां जानकी धाम के संस्थापक ने बताया कि बाढ विस्थापितों के पुनर्वास की मांग को लेकर धरना दिया जा रहा है। इसमें सबसे पहले मनिहारी के कारी-कोशी बांध पर बसे गंगा कटाव पीड़ितों को पुर्नवास कराया जाए। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय और मुख्यमंत्री की घोषणाओं के बावजूद करीब 13.18 एकड़ भूमि पर बसे लोगों को अब तक पुनर्वास नहीं मिला है। इन विस्थापित परिवारों का पुनर्वास किया जाए।

दूसरी मांग नगरपालिक क्षेत्र के चकवा विद्यालय एवं सिंह टोली की भूमि पर बसे गंगा कटाव पीड़ितों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्थायी मकान उपलब्ध कराई जाए।

साथ ही बेघर हुए अन्य परिवारों के पुनर्वास की प्रक्रिया जल्द शुरू करने पर जोर दिया गया।तीसरी माँग में कटिहार नगर निगम अंतर्गत 4000 फुटपाथ दुकानदारो को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ दिया जाए।

इसके अलावा उन्हें नगर निगम परिचय पत्र निर्गत की जाए। चौथी मांग में समाज के सभी वर्गों के लिए ह्यसामुदायिक सह-विवाह भवनह्न की स्थापना की मांग की है, ताकि सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिल सके।

# केंद्रीय मंत्री भी नहीं दूर कर सके विद्यालय की बदहाली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सहरसा**। नगर पंचायत व प्रखंड मुख्यालय नवहट्टा स्थित प्राथमिक विद्यालय बंगाली टोला अंग्रेजी पाड़ की बदहाली दूर होने का नाम ही नहीं ले रही है । साल 1986 में स्थापित यह विद्यालय तारणहार की तलाश में है।

वर्तमान में केन्द्र सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी जब बिहार सरकार में अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण मंत्री के साथ ही सहरसा जिले के प्रभारी बीस सूत्री मंत्री थे तो महादलित टोले के इस विद्यालय में आधा घंटा से अधिक समय बिताया था।

जिला प्रशासन के सभी महकमें के अधिकारी साथ थे लेकिन विकास का भरोसा दिलाने के बावजूद बदहाली दूर नहीं हो सकी। लगभग दस ग्यारह साल बीत गए स्थिति जस की तस है।

स्कूल में मात्र दो कमरा है, वह भी जर्जर। शिक्षकों एवं बच्चों की जान जोखिम से भरा रहता है। काई बार वर्ग संचालन के दौरान बच्चें जख्मी भी हुए हैं। अनहोनी की घटना के समय जोखिम कम हो इसलिए बच्चों को वर्ग कक्ष के बाहर बरामदे पर ही पढ़ाया जाता है ।

वर्ग एक से पांच तक के इस स्कूल में 143 बच्चे और छह शिक्षक हैं। स्कूल में जमीन की घोर कमी है। दो शौचालय में से एक ही उपयोगी है एक में किवाड़ ही नहीं है। पेयजल के लिए एक चापाकल है। खासियत यह है कि स्वच्छ पेयजल हेतु आरओ लगा है।

विद्यालय भवन निर्माण हेतु सर्व शिक्षा अभियान के तहत 2007 में लगभग छह लाख की राशि उपलब्ध कराई गई। भवन निर्माण के लिए आवश्यक जमीन उपलब्ध नहीं हो पाया। पुराने भवन को जमींदोज कर नया भवन खड़ा किया जा सकता था, लेकिन विभाग ने इसे गंभीरता से नहीं लिया।

अंततः प्रधानाध्यापक को राशि विभाग को लौटाना पड़ गया।

## एसटीएफ टीम पर हमला, तीन घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के सदर थाना क्षेत्र के पानापुर लंगा में फरार अपराधी को पकड़ने गई एसटीएफ टीम पर परिजनों ने हमला कर दिया। हमले में एसटीएफ का एक जवान घायल हो गया। पुलिस ने मौके से फरार चल रहे अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, एसटीएफ को सूचना मिली थी कि पानापुर लंगा निवासी अजीत अपने घर आया है। अजीत पर मार्च महीने में बराटी थाना क्षेत्र के मदारपुर स्थित एक होमियोपैथिक चिकित्सक के क्लिनिक में घुसकर गोली मारने का आरोप है और वह तभी से फरार चल रहा था।

अजीत को पकड़कर ले जाने के दौरान उसके परिवार के सदस्यों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। इसमें एसटीएफ के जवान पंकज कुमार और पिंटू कुमार घायल हो गए। घायल जवानों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। पथराव करने के आरोप में पुलिस ने नीलम कुमारी सिन्हा को हिरासत में लिया है और पुलिस अभिरक्षा में इलाज कराया जा रहा है।

# सीताकुंड में बालू की कमी



## पिंडदान के लिए खरीदना पड़ रहा बालू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी**। मोक्ष की नगरी गया जी के फल्गु नदी के पूर्वी तट पर स्थित सीताकुंड वेदी पर इस बार पितृपक्ष मेला के दौरान तीर्थयात्रियों को पिंडदान के लिए बालू खरीदना पड़ रहा है। दरअसल, फल्गु नदी पर रबर डैम बनने के कारण नदी में पानी भर गया है और तीर्थयात्री और पिंडदानी नदी से बालू निकालने में असमर्थ हैं।

स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि वे सीताकुंड के पास बालू बेच रहे हैं। दस रुपये प्रति बालू के हिसाब से दिनभर में लगभग 300 से 500 रुपये की बिक्री होती है। दुकानदारों के अनुसार, यह परंपरा इसलिए है क्योंकि धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है कि भगवान राम अपने पिता राजा दशरथ के पिंडदान के लिए माता सीता के साथ सीताकुंड आए थे और पिंडदान के लिए बालू का उपयोग किया था।

तीर्थयात्रियों ने बताया कि वे देश और विदेश से पिंडदान के लिए आए हैं। पहले नदी का पानी कम होने के कारण बालू आसानी से मिलता था, लेकिन अब डैम के कारण पानी भरा है, इसलिए उन्हें मजबूरी में दुकानों से बालू खरीदना पड़ रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन से बालू की बेहतर व्यवस्था की मांग की है। सीताकुंड पर पिंडदान करा रहे आचार्य रवि कुमार ने बताया कि माता सीता ने यहीं पर भगवान राम के साथ राजा दशरथ का बालू का पिंड बनाकर पिंडदान किया था। इसलिए आज भी सभी पिंडदानी इसी बालू का उपयोग करते हैं और यह परंपरा लगातार चलती आ रही है।

# ट्राली बैग से सड़ी गली लाश मिलने से सनसनी

## एसिड से जलाया गया था चेहरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर**। स्थानीय थाना क्षेत्र के मजरोही उर्फ शहरिया पंचायत स्थित चैनपुर बघेल में सुरहा पुल के निकट एक ट्रॉली बैग में अज्ञात महिला का सड़ा गला शव मिलने से सनसनी फैल गई। बताया गया कि शनिवार को कुछ महिलाएं चैनपुर बघेल बिजली पोल फैक्ट्री सुरहा पुल के निकट बकरी चराने गई थी। इस दौरान महिलाओं को बदबू महसूस हुआ।

महिलाओं ने आसपास देखा तो वहां पड़े एक ट्रॉली बैग से कीड़े निकल रहे थे। महिलाओं ने आसपास के लोगों को इसकी सूचना दी।

घटना की सूचना पर सहदेई बुजुर्ग थाने से सुनील कुमार एवं दीपक कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने जंगलों के बीच फेंके गए ट्रॉली बैग को बाहर निकाला।



इसके बाद ट्रॉली बैग को खोला गया तो उसमें लगभग 35-40 वर्ष की एक महिला का शव सड़ी गली अवस्था में पड़ा हुआ था। शव का चेहरा पूरी तरह खराब हो चुका था। ऐसा प्रतीत होता है कि एसिड से चेहरे को जलाया गया है। जिसके कारण शव पूरी तरह सड़ गल गई है। मृत महिला के शरीर पर हरे और गुलाबी रंग की सलवार-समीज था। इस दौरान जुटे लोग मृत महिला की पहचान नहीं कर सके। पुलिस इसका पता लगाने में जुट गई है। स्थानीय लोगों को आशंका है कि किसी अन्यत्र जगह महिला की हत्या कर शव को ट्रॉली बैग में भरकर यहां फेंक दिया गया है।

# राजस्व महाअभियान के तहत शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर**। चलाए जा रहे राजस्व महाअभियान के तहत शिवाजी नगर प्रखंड में अंचल अधिकारी के नेतृत्व में तिथिवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को रहियार उत्तर पंचायत के मनोकामना दुर्गा मंदिर प्रांगण में शिविर का आयोजन किया गया, जहाँ भू-स्वामियों से संबंधित विभिन्न समस्याओं का समाधान करने के उद्देश्य से आवेदन प्रपत्र लिए गए।

शिविर का नेतृत्व सीओ वीणा भारती कर रही हैं। उन्होंने बताया कि राजस्व महाअभियान का मुख्य उद्देश्य है कि प्रखंड के सभी पंचायतों में जाकर रैयतों की जमीन से संबंधित समस्याओं का समय पर समाधान किया जाए। इसके लिए प्रत्येक पंचायत के हल्का गाँवों में अलग-अलग तिथियों पर दो-दो शिविर निर्धारित किए गए हैं। प्रथम चरण और द्वितीय चरण के इन



शिविरों का आयोजन 20 सितंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। सीओ ने बताया कि शिविरों में रैयतों से प्राप्त आवेदनों को संबंधित राजस्व कर्मचारी, अमीन, सीएससी ऑपरेटर और अन्य तकनीकी सहायकों के माध्यम से दर्ज किया जा रहा है, ताकि आगे की प्रक्रिया सुचारु ढंग से हो सके। उन्होंने रैयतों को भरोसा दिलाया कि हर आवेदन का गंभीरता से संज्ञान लिया जाएगा और निर्धारित समय पर कार्रवाई की जाएगी रविवार को आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में रैयतों ने पहुँचकर अपनी-अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रपत्र जमा किए। इस अवसर पर राजस्व कर्मचारी साकेत रमण सुधाकर, अंचल अमीन सुनीता कुमारी, कानूनगो अजय कुमार, सीएससी सुपरवाइजर राम किशोर यादव, सहायक राम कुमार, ऑपरेटर रवि शंकर झा, जीतेन्द्र कुमार, विकास मित्र चंद्रदेव राम, सरपंच पति बाबू प्रसाद सिंह, शिक्षक समेत अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# श्री श्याम उत्सव परिवार की महिलाओं ने दीप प्रज्जवलित कर की कार्यक्रम की शुरूआत

## देवी चित्रलेखा ने कथा महोत्सव के बीच बताया प्यार का सही अर्थ

**नवबिहार टइम्स संवाददाता**

**दरभंगा**। कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय खेल मैदान में श्रीमदभागवत कथा महोत्सव के विश्राम दिवस पर श्री श्याम उत्सव परिवार की महिला सदस्यों ने सामूहिक दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। श्री श्याम उत्सव परिवार का एकमात्र ध्येय जनमानस कल्याण का है। देवी चित्रलेखा जी ने-हरे राम हरे रामा, रामा रामा हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे... भजन से कथा की शुरूआत की। कहा कि प्रेम का अर्थ यह नहीं है कि कोई हर क्षण आपके पास बैठा रहे। नजदीक होना प्रेम नहीं है, हृदय में किसी का बस जाना और उसकी याद में डूबे रहना ही सच्चा प्रेम है। यही बात भक्ति में लागू होती है। इसीलिए गोपियां भक्त-शिरोमणि कही जाती हैं, क्योंकि उनके मन और हृदय में हर पल केवल गोविंद ही निवास करते हैं।

कथा में सुदामा चरित्र एवं भागवत सार का वर्णन किया। कहा कि सप्तम दिवस में भागवकत सार सुनने से सातों दिन की कथा का फल प्राप्त होता है। जहां भक्त जाएगा वहां भगवान होंगे। भक्ति से भगवान आते हैं और सत्संग से भक्ति। इसलिए अच्छा सुनो, अच्छा देखो, अच्छा



बोलो। बचपन से मन भक्ति में लग जाए, इससे बड़ा कोई सौभाग्य नहीं हो सकता। कथा की समापन बेला पर राधा कृष्ण की अनुपम झांकी की प्रस्तुति हुई।

फूलों की होली के साथ साथ मंत्रमुग्ध करने वाले भजनों की अमृत गंगा में भगवत प्रेमी लगातार कथा का रसपान करते रहे। मौके पर स्वर्णलता अग्रवाल, श्रेया कानोडिया, पारुल बजाज, ममता अग्रवाल, सविता वर्मा, नूतन वर्णवाल, नेहा पंसारी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# मदरसा रजा-ए-हबीब नसीरूल उलूम का संगे बुनियाद जलसा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर**। शिवाजी नगर प्रखंड के परशुराम गांव में एक ऐतिहासिक और भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहाँ तालीम-ए-मुस्तफा कॉन्फ्रेंस एवं मदरसा रजा-ए-हबीब नसीरूल उलूम के सगे बुनियाद (शिलान्यास) को लेकर विशाल जलसा का आयोजन हुआ। इस मौके पर हजारों की संख्या में अकीदतमंद, स्थानीय लोग और दूर-दराज से आए मेहमानों ने शिरकत की। जलसे का संचालन और आयोजन कारी गुफरान अहमद एवं मुफ्ती फुरकान अहमद ने किया। कार्यक्रम में बिहार की राजनीति और समाजसेवा से जुड़े कई बड़े चेहरे भी मौजूद रहे। विशेष अतिथि के रूप में जदयू के वरिष्ठ नेता गुलाम रसूल बलयावी तथा गुलाम जिलानी ने शिरकत की। दोनों नेताओं ने इस मौके पर आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के धार्मिक और शैक्षणिक प्रयास समाज के लिए अनुकरणीय हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए रोशनी का काम करेंगे। जलसे में वक्ताओं ने तालीम-ए-मुस्तफा की अहमियत पर विस्तृत चर्चा की। वक्ताओं ने उम्मीद जताई कि यह मदरसा आने वाले दिनों में इलाके की बच्चों को आधुनिक और दीन दोनों तालीम से रोशन करेगा। यह आयोजन न सिर्फ एक धार्मिक जलसा रहा, बल्कि शिक्षा और सामाजिक एकता का मजबूत पैगाम भी छोड़ गया

## वज्रपात और तेज हवा की चेतावनी

पटना। राजधानी सहित प्रदेश के 30 जिलों में मेघ गर्जन, वज्रपात के साथ तेज हवा चलने को लेकर चेतावनी जारी की है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार रविवार को पांच जिलों के किशनगंज, पूर्णिया, सुपौल, अररिया एवं कटिहार जिले के एक या दो स्थानों पर भारी वर्षा को लेकर चेतावनी जारी की गई है। पांच दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री की गिरावट के आसार है। शनिवार को पटना सहित आसपास इलाकों में बादलों की आवाजाही एवं तीखी धूप के कारण उमस वाली गर्मी लोगों को परेशान करते रही। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण पश्चिम बिहार से सटे झारखंड के ऊपर हवा का चक्रवाती परिसंचरण का क्षेत्र बना हुआ है। इनके प्रभाव से प्रदेश के मौसम का अलग-अलग रंग देखने को मिलेगा।

## ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**भागलपुर**। रविवार को मामा के दाह संस्कार में शामिल होने पटना जा रहे भांजे की भागलपुर स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक छोटी खंजरपुर गुलजारी लाल लेन के रहने वाले बृजेंद्र अंबष्ट के इकलौते पुत्र मानव अंबष्ट उर्फ निक्की (44) बताया गया है। वह एक मोबाइल कंपनी में रीजनल मैनेजर के पद पर काम करते थे। मानव अपनी पत्नी रश्मि के साथ सुबह 5.25 बजे भागलपुर-दानापुर इंटरसिटी से पटना जा रहे थे। ट्रेन जब प्लेटफार्म संख्या एक पर आई तो मानव ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करने लगे। इसी दौरान मानव का संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिरकर ट्रेन की चपेट में आ गया। ट्रेन में फंसे मानव 100 से अधिक फीट तक घसीटा गया। जिससे उसके छाती और कमर की हड्डियां टूट गईं। सूचना पर आरपीएफ जवान पहुंचे और यात्रियों की मदद से गंभीर अवस्था मे उसे निकाला। मानव को चिंताजनक स्थिति में रेलवे स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मायागंज स्थित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया।

# क्या एनडीए को धमकी दे रहे मांझी ?

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना**। केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के मंत्री और हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के प्रमुख जीतन राम मांझी ने बिहार की राजनीति में खलबली मचा दी है। लोकसभा चुनाव के कुछ समय पहले महागठबंधन से निकल कर एनडीए में लौटे जीतन राम मांझी ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए सीट बंटवारे को लेकर बड़ा बयान दे दिया है। मांझी ने कहा कि उनकी पार्टी को अगर 20 सीटों पर मौका नहीं दिया गया तो वह 100 प्रत्याशियों को उतारेंगे।

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि वह एनडीए के प्रति समर्पित हैं और लोकसभा चुनाव में भी हर बात स्वीकार की थी। इस गठबंधन में प्रतिष्ठा मिली है, लेकिन हमारे लिए मेहनत करने वाले कार्यकताओं की भी कुछ उम्मीदें हैं। यह उम्मीदें पूरी करने का बिहार विधानसभा चुनाव एक मौका है और हम एनडीए को जिताने के लिए हर तरह से ताकत झोंकने को तैयार भी हैं। लेकिन, इस बार चुनाव में एनडीए के अंदर हमें बिहार की 20 सीटें चाहिए। हमने यह मांग रखी है। बात कर रहे हैं। लेकिन, अगर बात नहीं बनी तो 100 सीटों पर भी प्रत्याशी उतार सकते हैं।

केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि अगर मान लिया जाए हमको हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा अधिकृत करता है, तो हम जरूर फैसला लेंगे। फैसला में हमारा एक ही चीज है कि हम चाहते हैं, हमारा हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा हर हालत में मान्यता प्राप्त कर ले। मान्यता प्राप्त करने के लिए हमको 8 सीट विधानसभा में चाहिए या पोलिंग का 6% टोटल वोट चाहिए। हमारे साथ दो प्रस्थिति है।

आठ सीट जीतने के लिए हमको काम से कम 15 से 20 सीट मिलेगा तभी ना हम इस दायरे में आ सकते हैं। हम सभी सीट तो जीत जाएंगे, ऐसा तो है नहीं। अगर 60% स्कोरिंग सीट माना जाए तो भी कहा जाएगा। तब 15 सीट की बात आती है। अगर 15 सीट हमको मिलेगा और 8 सीट जीत जाएंगे तो एक प्रावधान यह है। नहीं तो हम भी 50 या 100 सीट पर लड़ेंगे। बिहार में हर जगह हमारा दस हजार और 15 हजार वोटर है। जीत करके 6% हम वोट ले आएंगे और हम मान्यता प्राप्त कर लेंगे। 10 वर्ष हमारी पार्टी का हो गया। निबंधित पार्टी रहने में हम अपमानित समझते हैं। इसलिए इस बार करो या मरो का लोगों का यह मुद्दा है।

जीतन राम मांझी ने कहा कि उन लोगों को आभास मिल गया होगा कि जीतन राम मांझी का प्रभाव क्या है। पैसा के बल पर लोग मीटिंग करते हैं। 500 रुपये और 1000 रुपये गाड़ी बिहार से मंगा लेते हैं। तब जिंदाबाद का नारा लगता है। लेकिन, हम तो एक पैसा खर्च नहीं करते हैं। सब अपने लोग आते हैं। हम जहां जाते हैं वहां 10000 की भीड़ 12000 की भीड़ आती है। इस चीज को एनडीए के लोग समझते हैं। हम समझते हैं कि यह समझ करके जो जिताऊ पार्टी है। उसका सीट वह अनुमान करेंगे और हमको लगता है अच्छे मात्रा में सीट मिलेगी। यह हमारा लक्ष्य है।

पिछले बिहार चुनाव 2020 में हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा ने सात सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे। उनमें से चार पर जीत मिली थी, जबकि एक सीट पर इसके प्रत्याशी की जमानत जब्त हो गई थी। जहां हम-से ने प्रत्यशी दिए थे, वहां इसे 0.38 प्रतिशत वोट मिले थे। इस चुनाव में हम-से को तीन सीटों का फायदा हुआ था। इसके पहले उसके महज एक विधायक थे। 2020 के चुनाव में जीतन राम मांझी भी विधायक बने थे और उनके बेटे भी। जब 2020 के जनादेश से अलग होकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार महागठबंधन में चले गए थे तो मांझी उनके साथ रहे थे। बाद में नीतीश-मांझी के बीच गतिरोध बढ़ा और वह मुख्यमंत्री के पहले भारतीय जनता पार्टी के साथ वापस आ गए। 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्हें एनडीए ने संसदीय चुनाव में उतरने का मौका दिया और वह जीते तो सांसद के साथ केंद्रीय मंत्री भी बने। उनकी छोड़ी हुई विधानसभा सीट उप चुनाव में भी उनके पास ही रह गई।

# माई-बहिन योजना को ले राजद-कांग्रेस आमने-सामने

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डेहरी आन सोन**। बिहार में चुनावी वर्ष के मद्देनजर राजनीतिक दल मतदाताओं को आकर्षित करने के प्रयास में जुटे हैं। रोहतास जिले के डेहरी विधानसभा क्षेत्र में महागठबंधन के राजद और कांग्रेस नेता माई-बहिन योजना के तहत फार्म भरवाने के लिए आमने-सामने आ गए हैं।कांग्रेस ने गांधी स्मारक में और राजद ने एक होटल में काउंटर खोला है। कांग्रेस के काउंटर पर भीड़ बढ़ रही है, जबकि राजद के काउंटर पर महिलाओं की संख्या कम है।चर्चा है कि यह सीट राजद के पास है और कांग्रेस भी दावेदारी करने की तैयारी में है। इस कारण राजद और कांग्रेस के बीच आपसी तालमेल का अभाव दिख रहा है।

राजद ने सत्ता में आने पर माई-बहिन योजना के तहत प्रत्येक महिला को प्रतिमाह 2500 रुपये देने का वादा किया है। दोनों दल अलग-अलग स्थानों पर फार्म भरवा रहे हैं, जिससे महिलाएं लाभ प्राप्त करने के लिए उत्सुक हैं।

राजद के स्थानीय विधायक फतेह बहादुर सिंह का कहना है कि यह योजना उनकी पार्टी की है और कांग्रेस द्वारा गलत तरीके से फार्म भरवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उनके होटल में फार्म भरने के लिए दस काउंटर खोले गए हैं, जहां कोई राशि नहीं ली जा रही है। कांग्रेस के काउंटर पर सीमावर्ती औरंगाबाद जिले के बारुण और नवीनगर प्रखंड की महिलाएं आ रही हैं। बारुण प्रखंड के हसनपुरा गांव से आई गीता देवी और डेहरी की साजिया प्रवीण ने बताया कि माई-बहिन योजना का लाभ लेने के लिए उनसे आधार कार्ड, पासबुक, मोबाइल नंबर की फोटो प्रति और फार्म के एवज में 100 रुपये तक लिए जा रहे हैं।


कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष मनोज सिंह ने कहा कि उन्हें पार्टी के जिलाध्यक्ष द्वारा डेहरी प्रखंड में फार्म भरवाने की जिम्मेदारी दी गई है। अब तक दोनों प्रखंडों में 30,000 से अधिक महिलाओं ने फार्म जमा किया है।

# 125 यूनिट मुफ्त बिजली योजना को ले आवेदनों का बढ़ा लोड

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद**। कुछ समय पहले तक नए कनेक्शन को लेकर इक्के दुक्के लोग बिजली विभाग के कार्यालय में पहुंचते थे। लेकिन जब से सरकार द्वारा 125 यूनिट मुफ्त बिजली की घोषणा की गई है,नए कनेक्शन के लिए आवेदनों की बाढ़ आ गई है।

प्रतिदिन नए कनेक्शन को लेकर बड़ी संख्या में आवेदन पहुंच रहे हैं। एक अगस्त से लेकर अब तक नए कनेक्शन को लेकर शहरी क्षेत्र से 455 व ग्रामीण से 1593 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसमें जांच के उपरांत शहरी क्षेत्र में 130 एवं ग्रामीण क्षेत्र में 461 आवेदन रद किए जा चुके हैं।अभी जिले में ग्रामीण क्षेत्र में एक लाख 56 हजार तथा शहरी क्षेत्र में 32187 बिजली उपभोक्ता हैं। इतनी बड़ी संख्या में बिजली कनेक्शन को लेकर प्राप्त हो रहे आवेदन को मुफ्त बिजली से जोड़कर देखा जा रहा है। विभाग के कर्मियों के अनुसार पहले



कई लोग बिजली बिल के कारण जुगाड़ तकनीक से बिजली का उपयोग करते थे, कनेक्शन लेना महंगे का सौदा था। लेकिन जब से सरकार द्वारा मुफ्त बिजली की घोषणा की गई है,उन उपभोक्ताओं को लग रहा है की कनेक्शन लेना हीं बेहतर है।

खासकर वैसे लोग कनेक्शन लेने के ज्यादा इच्छुक हैं, जिन्हें पता है की खपत 125 यूनिट से ज्यादा नहीं होगी। जब बिजली बिल लगेगा ही नहीं तो फिर चोरी से इसका उपयोग क्यों करना है, ऐसे में लोग कनेक्शन लेने के लिए आवेदन जमा कर रहे हैं। हालांकि इस बीच कुछ वैसे लोग भी हैं जो रहते तो एक ही घर में हैं लेकिन अलग कनेक्शन लेकर 125 यूनिट के दायरे में खुद को लाना चाहते हैं। हालांकि जांच के उपरांत उन लोगों का आवेदन रद्द हो रहा है।

बिजली विभाग द्वारा अपनी योजनाओं के प्रचार प्रसार को लेकर भी नई व्यवस्था लागू की गई है। जिसके तहत मीटर रीडिंग करने वाले लोग अपने साथ विभाग की योजनाओं से संबंधित जानकारी का पंपलेट भी लेकर आएंगे।

जिसके कारण उपभोक्ताओं को बिजली विभाग की नई योजनाओं की जानकारी भी मिलेगी। जो लोग बिजली विभाग के कार्यालय में आकर बिल जमा करते हैं उन्हें भी विभाग का पंपलेट उपलब्ध कराना जरूरी है। यानी बिजली विभाग अपनी योजनाओं की हर एक जानकारी उपभोक्ताओं तक पहुंचाने की मुहिम भी संचालित कर रही है।

## सो रही वृद्धा की चाकू मारकर हत्या

**मुजफ्फरपुर**। देवरिया थाना क्षेत्र की देवरिया पंचायत के कमेटी हाल टोला में दालान में सो रही एक वृद्ध महिला की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई। हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन महिला के नाम पर 14 कट्ठा कीमती जमीन होने की बात सामने आई है। स्थानीय लोग भूमि विवाद में इस घटना को अंजाम दिए जाने की आशंका जता रहे थे। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थानाध्यक्ष ने कहा कि छोटे बेटे ने हत्या की प्राथमिकी कराई है। इसमें राजनीति विवाद का कारण बताया है। वैसे भाईयों के बीच बंटवारे का विवाद चल रहा था। बहरहाल सभी बिंदुओं पर जांच कर इसकी गुत्थी सुलझाई जा रही है। बताया जाता है कि कमेटी हाल टोला निवासी स्व. महेंद्र साह की पत्नी फूलझड़ी देवी (72) रात करीब आठ बजे खाना खाने के बाद दालान में सो गई थीं। इसी बीच किसी ने पेट में चाकू गोदकर उनकी हत्या कर दी।

सुबह पांच बजे फूल तोड़ने पहुंची पड़ोस की महिलाओं ने उन्हें जगाया, वृद्धा की मौत हो चुकी थी।

# जुआ के अड्डा पर छापेमारी में चार लोग गिरफ्तार

## आधा दर्जन मोटरसाइकिल सहित छह मोबाइल जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर**। सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत चन्द्रालय मठ स्थित केला बागान में संचालित जुआ अड्डा पर गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर पुलिस ने चार व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जुआ के अड्डे से आधा दर्जन मोटरसाइकिल, छह मोबाइल, चार ताश की गड्डी एवं एक लाख 10 हजार 440 रूपए जब्त कर लिया।

पुलिस ने गिरफ्तार किया गया व्यक्ति एवं जब्त सामान को थाने पर लाकर पूछताछ के बाद प्राथमिकी दर्ज किया। इस मामले में गिरफ्तार किया गया व्यक्ति मोटरसाइकिल मालिक एवं एक अन्य व्यक्ति के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। यह जानकारी सदर एसडीपीओ वन सुबोध कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी।उन्होंने बताया कि पूर्व से सूचना प्राप्त हो रही थी की ग्राम चंद्रालय स्थित चन्द्रालय मठ के पास केला के बगान में रंजित पाण्डेय पिता नागेश्वर पाण्डेय ग्राम चंद्रालय थाना सदर हाजीपुर जिला वैशाली अवैध ढंग से जालसाजी करता है, तथा अवैध ढंग से जुआ खेलवाता है।

इस सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कारवाई हेतु पुलिस अधीक्षक ललित मोहन शर्मा के निदेर्शानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर 1 के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा उक्त स्थल पर जाकर छापेमारी किया गया, छापेमारी के दौरान श्याम कुमार सिंह पिता स्वर्गीय महेश्वर सिंह ग्राम गोविंदपुर सिंघारा थाना महुआ, श्रवण कुमार पिता गुलटेन पासवान, हथसारगंज वार्ड नम्बर 2 थाना नगर हाजीपुर, पप्पू साह पिता स्वर्गीय शिवजी साह ग्राम गदाई सराय थाना सदर हाजीपुर एवं राजन कुमार पिता स्वर्गीय राम जपत सहनी हथसारगंज वार्ड नंबर 2 थाना नगर हाजीपुर सभी जिला वैशाली को 11,0440 रुपया, ताश के गड्डी, मोटर साइकिल एवं मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया।

# गृहमंत्री अमित शाह द्वारा लाई गई राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025 ऐतिहासिक पहल : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पाटलिपुत्र सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की आमसभा रविवार को दानापुर के पनास बैंक्वेट हॉल में आयोजित हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में विशाल सिंह, अध्यक्ष एनसीसीएफ-सह-अध्यक्ष बिस्कोमान, विशिष्ट अतिथि विनय कुमार शाही, अध्यक्ष बिहार को-ऑपरेटिव फ़ेडरेशन लिमिटेड, रमेश चंद्र चौबे, अध्यक्ष बिहार राज्य सहकारी बैंक, रितेश कुमार, अध्यक्ष पाटलिपुत्र सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक और प्रबंध निदेशक वात्सलय मिश्रा उपस्थित रहे। अपने संबोधन में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि गृह मंत्री अमित शाह द्वारा सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के माध्यम से राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025 लाई गई है। उन्होंने




इसे ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सहकारिता को समृद्धि का आधार माना है और यह नीति उसी दिशा में क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने कहा कि सहकारिता भारत की प्राचीन व्यवस्था है, जो छोटे-छोटे संसाधनों को मिलाकर बड़े कार्य संपन्न करने की परंपरा को आगे बढ़ाती है। भारतीय समाज की नींव में सहकारिता की भावना रची-बसी है, जो सामूहिक भागीदारी, लोकतांत्रिक नियंत्रण और साझा लाभ पर आधारित है। यह नीति सहकारिता संस्थाओं को आर्थिक विकास का प्रभावशाली साधन बनाते हुए 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य में अहम योगदान देगी। मंत्री ने बताया कि भारत में दुनिया की एक चौथाई से अधिक सहकारी समितियां हैं और एक तिहाई ग्रामीण जनसंख्या सीधे इससे जुड़ी है। सहकारिता आंदोलन ने बीते 100 वर्षों से सामाजिक उत्थान की दिशा में उल्लेखनीय योगदान दिया है और अब प्रधानमंत्री मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में यह नया आयाम स्थापित करेगा। कार्यक्रम में विभिन्न सहकारी संगठनों के प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पीएम नरेन्द्र मोदी देंगे पीरपैंती अल्ट्रा-सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर परियोजना की सौगात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल अपने बिहार आगमन के मौके पर भागलपुर जिले की जनता को अडानी पावर लिमिटेड के प्रस्तावित पीरपैंती अल्ट्रा-सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर परियोजना की एक बड़ी सौगात देंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को पूर्णिया में नवनिर्मित एयरपोर्ट टर्मिनल के उद्घाटन स्थल से वीडियो कांफ्रेंस के जरिए 2400 मेगावाट क्षमता वाले पीरपैंती थर्मल पावर परियोजना का शिलान्यस करेंगे। इस कार्यक्रम की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मौके पर राज्य के ऊर्ज़ा मंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव, ऊर्जा सचिव मनोज कुमार सिंह, बिहार राज्य विधुत जेनरेशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक महेन्द्र कुमार, जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी, अडानी पावर लिमिटेड के नरेश गोयल सहित भागलपुर के सांसद और विधायकगण मौजूद रहेंगे। बिहार सरकार एवं अडानी पावर लिमिटेड के बीच हुए एकरनामे के अनुसार भागलपुर जिले के पीरपैंती में प्रस्तावित 2400 मेगावाट क्षमता वाले अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल विधुत परियोजना के निर्माण पर लगभग 29 हजार करोड़ रुपए की राशि खर्च होगी। परियोजना में 800 मेगावाट की तीन अलग-अलग इकाईयां स्थापित की जाएगी। इसके लिए कोयला और पानी का स्तोत्र झारखंड के गोड्डा जिले में स्थित ईसीएल का राजमहल खदान तथा पीरपैंती के निकट गंगा नदी है। इस बीच प्रदेश भाजपा के लघु उद्योग प्रकोष्ठ के सह संयोजक दिलीप मिश्र ने प्रदेश के सुदूर एवं पिछड़े पीरपैंती क्षेत्र में इस वृहत बिजली परियोजना के निर्माण का स्वागत करते हुए कहा कि समूचे भागलपुर जिले में औद्योगिक विकास में तेजी आएगी और रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। जिले के युवाओं को अब काम के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

## लीफ आर्टिस्ट मधुरेंद्र ने पत्ता पर पीएम मोदी का तस्वीर बनाकर किया अनोखा स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पूर्णिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रस्तावित 15 सितंबर को पूर्णिया में आगमन को लेकर पूरा बिहार उत्साहित है। वहीं पीएम को आने की खुशी में एक बार फिर से देश के चर्चित अंतरराष्ट्रीय सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार ने अपने खास अंदाज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर उकेर कर स्वागत किया है। रविवार को इंटरनेशनल लीफ आर्टिस्ट मधुरेंद्र ने अपनी 5 घंटे के कठिन परिश्रम के बाद दुनिया के सबसे छोटे 5 सेमी पीपल के हरे पत्तों पर अत्यंत सूक्ष्म और बारीक रूप से पीएम मोदी के साथ पूर्णिया एयरपोर्ट, अमृत भारत ट्रेन और मिथिला मखाना की खास तस्वीर उकेर लिखा 'वेलकम मोदीजी इन मिथिला बिहार' मधुरेंद्र ने अपनी अनूठी कलाकृति के माध्यम से मिथिला के धरती पर स्वागत किया हैं। यह तस्वीर इतना आकर्षक है कि सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। बता दे कि कि भारतीय रेत कलाकार मधुरेंद्र कुमार का जन्म 5 सितंबर 1994 को बिहार के चंपारण में बरवाकला गांव नहीहाल में हुआ था। ये भारत के एक प्रसिद्ध रेत कलाकार व मूर्तिकार और पत्ता कलाकार है। उन्हें सभी सामाजिक, प्राकृतिक और ज्वलंत विषयों पर बड़े पैमाने पर पत्ता और रेत की मूर्तियां बनाकर समाज में सकारात्मक सन्देश देने के लिए पुरे विश्व में जाने जाते है।

# मार्कण्डेय ऋषि की स्मृति में 36वां संस्कृत सम्भाषण शिविर प्रारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सर्वत्र संस्कृतम एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज की ओर से आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत संस्कृत दिवस एवं स्थापना दिवस के शुभावसर पर महर्षि मार्कण्डेय स्मृति स्मृति अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय दशदिवसात्मक संस्कृत सम्भाषण शिविर का शुभारंभ संस्कृतमय वातावरण में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव एवम आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि संस्कृत भाषा विश्व की भाषा उसी समय होगी जब विश्व के लोग संस्कृत बोलने लगेंगे। मॉरीशस के पूर्व शिक्षा मंत्री अरमुगम परशुरामन भी चाहते हैं कि यह अभियान अन्तर्राष्ट्रीय स्तर भौतिक रूप से भी बोलना सीखाए। अपने उद्घाटन उद्बोधन में अभियान के प्रधान संरक्षक एवं पूर्व गृहसचिव उत्तर प्रदेश शासन ने कहा कि पुरुषार्थ के सम्यक ज्ञान के लिए संस्कृत का ज्ञान अत्यावश्यक है। भारत के सभी लोगों को मार्कण्डेय पुराण का विस्तार से जानकारी प्राप्त करना चाहिए। पूर्व संयुक्त निदेशक पेंशन, उत्तर प्रदेश शासन धर्मेन्द्रपति त्रिपाठी ने कहा कि मार्कण्डेय ऋषि मृत्यु पर विजय प्राप्त करने वाले ऋषि हैं। अभियान की राष्ट्रीय संयोजिका प्रोफेसर रागिनी वर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उग्र नारायण झा, राष्ट्रीय उपाध्यक्षा डॉ लीना चौहान, असम प्रांत की सहसंयोजिका सुजाता घोष, विशिष्ट अतिथि डॉ. मधु कुमारी, राजस्थान प्रांत की सह संयोजिका कल्पना शर्मा, बिहार प्रांत के प्रचार सचिव मुरलीधर शुक्ल आदि वक्ताओं ने महर्षि मार्कण्डेय को मानव कल्याण का प्रणेता बताया तथा महामृत्युंजय जाप की महत्ता पर विस्तार से जानकारी दी।

# मरीजों को दवा देने में बिहार प्रदेश नंबर वन

## सरकारी अस्पतालों में दी जाने वाली दवाओं की स्थिति पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने जारी किया रैंकिंग स्कोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सरकारी अस्पतालों में मरीजों को मुफ्त दवा मुहैया कराने में प्रदेश देश भर में नंबर वन है। राज्य को यह खिताब स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के एवीडीएमएस केंद्रीय डैशबोर्ड की ओर से मासिक राज्य रैंकिंग में मिला है। राज्य स्वास्थ्य समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर से बेहतर बनाने में कई प्रयास किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों का एक सुखद परिणाम है कि लोगों को सरकारी अस्पतालों में अब आसानी से दवाएं उपलब्ध हो जा रही हैं। गंभीर बीमारियों के साथ-साथ सामान्य बीमारियों की दवाएं भी सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध कराई जा रही है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार एवीडीएमएस केंद्रीय डैशबोर्ड की ओर से राज्यों के लिए हर महीने एवरेज स्कोर आधारित रैंकिक दी जाती है। यह रैंकिंग अस्पतालों में इलाज के लिए आए रोगियों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के आधार पर जारी होती है। बिहार पिछले साल के अक्टूबर में मरीजों को दवा उपलब्ध कराने के मामले में पहले स्थान पर चल रहे राजस्थान को पछाड़ते हुए 79.34 अंकों के स्कोर के साथ पहला स्थान हासिल कर लिया। इस महीने दूसरे स्थान पर 77.89 अंक के साथ राजस्थान दूसरे स्थान पर तो 64.68 अंकों के साथ तेलंगाना तीसरे स्थान पर रहा। इसके बाद अस्पतालों में रोगियों को दवा उपलब्ध कराने के मामले में राज्य का दबदबा लगातार कायम रहा। केंद्र सरकार की ओर से हाल में अगस्त 2025 के लिए जारी एवरेज स्कोर में एक बार फिर से राज्य को 82.13 अंक के साथ पहला स्थान दिया गया है। 78.61 अंक के साथ राजस्थान दूसरे स्थान पर तो 73.28 अंक के साथ पंजाब तीसरे स्थान पर है।

**मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में दी जाती हैं 611 दवाएं**

राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में कुल 611 प्रकार की दवाएं मरीजों को दी जाती हैं। इसके तहत मेडिकल कॉलेज व अस्पताल के ओपीडी में 356 प्रकार की दवा, आईपीडी में 255 प्रकार की दवा, जिला अस्पताल के ओपीडी में 287 प्रकार की दवा, आईपीडी में 169 प्रकार की दवा, अनुमंडलीय अस्पताल के ओपीडी में 212 प्रकार की दवा, आईपीडी में 101 प्रकार की दवा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के ओपीडी में 212 प्रकार की दवा, आईपीडी में 97 प्रकार की दवा, रेफरल अस्पताल के ओपीडी में 203 प्रकार की दवा, आईपीडी में 98 प्रकार की दवा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी में 201 प्रकार की दवा, आईपीडी में 93 प्रकार की दवा, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी में 180 प्रकार की दवा, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी में 140 प्रकार की दवा, आईपीडी में 53 प्रकार की दवा, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर 151 प्रकार की दवा तो स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर 97 प्रकार की दवाएं दी जाती हैं।

# रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीइओ सतीश कुमार ने किया पटना-मोकामा-राजेंद्रपुल रेलखंड का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार द्वारा आज पटना-मोकामा-राजेंद्रपुल रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण के दौरान उन्होंने इस रेल खण्ड पर संरक्षा, सिगनलों की दृश्यता, रेलवे ट्रैक के रख-रखाव, ट्रैक की समुचित बैलास्टिंग, ट्रैक स्क्रीनिंग, ओवरहेड ट्रैक्शन व एलाइनमेंट एवं ट्रैक फिटिंग्स आदि का मुआयना किया। इस क्रम में उन्होंने राजेंद्रपुल के समानांतर गंगा नदी पर निर्माणाधीन नए रेल पुल का भी जायजा लिया एवं अधिकारियों को आवश्यक



निर्देश दिए। अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड द्वारा सोनपुर मंडल के नारायणपुर एवं पसराहा स्टेशन के मध्य कि.मी. संख्या 88/20 पर रेलवे ट्रैक के रख-रखाव सहित संरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं का गहन मुआयना किया गया। निरीक्षण के दौरान पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह सहित अन्य उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे।

## पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन अध्यक्षा सुनीता सिंह के दिशा-निर्देश में अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा सुनीता सिंह के दिशा-निर्देश में प्रत्येक वर्ष की भांति अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हाजीपुर एवं पटना में किया गया। इस प्रतियोगिता में ग्रुप-1 (आयु 6 से 9 वर्ष), ग्रुप-2 (आयु 10 से 12 वर्ष) एवं ग्रुप-3 (आयु 13 से 15 वर्ष) के कुल 179 बच्चे शामिल हुए। विदित हो कि बच्चों के रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करने एवं प्रासंगिक विषयों के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर संगठन की सचिव मीनाक्षी कुमार, कोषाध्यक्षा अर्चना चौधरी एवं संयुक्त सचिव प्रियंका सिंह द्वारा बच्चों को उपहार स्वरुप रोचक पुस्तक एवं स्नैक्स वितरित किया गया।

## नैतिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बाल्यकाल से संस्कृत अध्ययन अनिवार्य : मृत्युंजय झा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. मृत्युंजय कुमार झा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज समाज में नैतिक मूल्यों का ह्रास दिखाई दे रहा है। बच्चों और युवाओं में अनुशासन, संस्कार तथा कर्तव्यनिष्ठा के प्रति लगाव कम होता जा रहा है। ऐसे समय में संस्कृत शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है जो नई पीढ़ी में उच्च आदर्शों, मानवीय मूल्यों और नैतिक चेतना का संचार कर सकती है। उन्होंने कहा कि संस्कृत केवल भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और दर्शन की आत्मा है। इसमें जीवनोपयोगी श्लोक, सूक्तियां और कथाएं निहित हैं जो बालकों में सत्य, अहिंसा,



करुणा, परोपकार और कर्तव्यपालन जैसी प्रवृत्तियों को स्वाभाविक रूप से विकसित करती हैं। अध्यक्ष ने बल देते हुए कहा कि यदि बाल्यकाल से ही बच्चों को संस्कृत पढ़ने के लिए प्रेरित किया जाए तो वे चरित्रवान, अनुशासित और आदर्श नागरिक बन सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जैसे एक मजबूत नींव पर ही भवन स्थायी बनता है, वैसे ही प्रारम्भिक अवस्था में संस्कृत शिक्षा से बच्चों का नैतिक आधार मजबूत होगा। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों से अपील की कि वे बच्चों को संस्कृत अध्ययन के प्रति जागरूक करें। 'शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि अच्छे चरित्र और सुदृढ़ व्यक्तित्व का निर्माण करना है। संस्कृत शिक्षा इस दिशा में सबसे प्रभावी साधन है' उन्होंने कहा।

# डिजिटल क्रॉप सर्वे से फसलों की हो रही रियल टाइम मॉनिटरिंग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार एक ऐसा राज्य बना चुका है जहां उगाई जा रही फसलों का डाटा डिजिटल रुप से देखा जा सकता है। कृषि विभाग सभी 38 जिलों में उगाए गए खरीफ फसलों का डाटा डिजिटली उपलब्ध कराने के लिए डिजिटल क्रॉप सर्वे की शुरूआत कर चुका है। इससे आसानी से पता चल रहा है कि राज्य के किस जिले में फसल की कितने क्षेत्र में खेती की गई है। कृषि विभाग खरीफ 2025-26 में राज्य के करीब 1 करोड़ 99 लाख से अधिक प्लॉट का डिजिटल क्रॉप सर्वे करने जा रहा है जिसके बाद सभी 38 जिलों के 30652 से अधिक गांवों में उगाए गए फसलों का डाटा डिजिटली उपलब्ध हो जाएगा जिससे फसलों की रियल टाइम मॉनिटरिंग हो सकेगी। साथ ही इससे कृषि को लेकर बेहतर योजना बनाने में सफलता मिल रही है। राज्य सरकार की योजनाबद्ध नीतियों, आधुनिक तकनीक के समावेश और किसानों को केंद्र में रखकर बनाई गई रणनीतियों के चलते बिहार की कृषि प्रणाली पारंपरिक ढांचे से निकलकर अब एक आधुनिक और लाभकारी प्रणाली में तब्दील हो गई है।

# राष्ट्रीय महिला पुलिस दिवस पर सम्मान समारोह में शामिल हुईं अभिनेत्री पाखी हेगड़े

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना के निमडा पाली ग्रामसभा में पाखी फाउंडेशन के तत्वावधान में राष्ट्रीय महिला पुलिस दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार प्रदेश की सुरक्षा और सेवा में लगातार तत्पर रहने वाली महिला पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य उन वीरांगनाओं को सलाम करना था, जो घर-परिवार की जिम्मेदारियों के साथ-साथ प्रदेश की सुरक्षा में भी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपना योगदान दे रही हैं।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में अभिनेत्री पाखी हेगड़े उपस्थित



रहीं। उन्होंने महिला पुलिस कर्मियों को सम्मानित करते हुए कहा कि समाज की सुरक्षा व्यवस्था में महिलाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। ये बहनें सिर्फ अपने परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा हैं। इनका समर्पण और साहस आने वाली पीढ़ियों के लिए उदाहरण बनेगा। पाखी हेगड़े ने आगे कहा कि महिला पुलिस कर्मियों ने यह साबित किया है कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। आज वे अपराध नियंत्रण से लेकर आपदा प्रबंधन और जनसेवा तक हर मोर्चे पर मजबूती से खड़ी हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि इस तरह के आयोजनों से महिला पुलिसकर्मियों का मनोबल और भी मजबूत होगा। समारोह में उपस्थित ग्रामीणों और आम लोगों ने भी महिला पुलिसकर्मियों का तहेदिल से आभार व्यक्त किया। पूरे कार्यक्रम का माहौल भावुक और प्रेरणादायी रहा। अंत में पाखी फाउंडेशन की ओर से संदेश दिया गया कि महिलाओं को हर क्षेत्र में समान अवसर और सम्मान दिया जाए, ताकि समाज और अधिक सशक्त बन सके।

## भगवान श्रीकृष्ण की लीला स्थलों पर हम बना रहे हैं श्रीकृष्ण पाथेय तीर्थ: मुख्यमंत्री डॉ. यादव



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। हमारे पूर्वजों ने लोकतंत्र रूपी पौधे की जड़ों को इतनी खूबसूरती से सींचा है, कि अब यह विशाल वटवृक्ष बन चुका है। भगवान श्रीकृष्ण सच्चे अर्थों में लोकतांत्रिक व्यवस्था के पक्षधर थे। उन्होंने अपने राजकाज में लोकतांत्रिक मूल्यों और सभी के विचारों को महत्व दिया। हमारी सरकार भगवान श्रीकृष्ण के बताए मार्ग पर ही चल रही है। उनके विचार हमारे लिए अमूल्य पूंजी है, हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भगवान श्रीकृष्ण की स्मृतियों को चिरस्थाई बनाने के लिए मध्यप्रदेश एवं देश में उनकी लीला स्थलों को चिन्हित कर श्रीकृष्ण पाथेय विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

# जोनल तीरंदाजी प्रतियोगिता का समापन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पाटलिपुत्र खेल परिसर में 13 और 14 सितंबर को आयोजित खेलो इंडिया एनटीपीसी जोनल आर्चरी टूर्नामेंट 2025 का आज भव्य समापन हो गया। यह प्रतियोगिता बिहार में पहली बार आयोजित की गई। आज तीरंदाजी के कंपाउंड प्रतिस्पर्धा के कड़े मुकाबले में पुरुष वर्ग में आरएसपीबी के शुभम दास तथा महिला वर्ग में पश्चिम बंगाल की प्राप्ति वेटेबल ने स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के निदेशक सह सचिव श्री रविंद्र नाथ चौधरी, बिहार तीरंदाजी संघ के सचिव मनोज कुमार, हरेश कुमार, कंपटीशन डायरेक्टर,(भारतीय तीरंदाजी संघ , बिहार ओलंपिक संघ की उपाध्यक्ष नूतन कुमारी, अंजलि कुमारी ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित और प्रोत्साहित किया। पुरुष वर्ग - शुभम दास आरएसपीबी स्वर्ण पदक विजेता , दिव्यांशु सिंह, झारखंड रजत पदक विजेता,विक्रम कुमार बिहार , कांस्य पदक विजेता एवं एमडी आदिल एसपीएसबि चौथे स्थान पर, महिला वर्ग - प्राप्ति वेटेबल, स्वर्ण पदक विजेता पश्चिम बंगाल, संगीता कुमारी मुर्मू रजत पदक विजेता झारखंड, राज अदिति कुमारी झारखंड, कांस्य पदक विजेता , सलोनी उरांव झारखंड चौथे स्थान पर रहीं। इस तीरंदाजी प्रतियोगिता में बिहार, झारखंड, उड़ीसा छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल एवं एसपीएसबी, आरएसबी,सीएसईबी के कुल 350 प्रतिभागी, प्रशिक्षक, प्रबंधक, तकनीकी पदाधिकारी भाग ले रहे थे। खिलाड़ियों में 200 पुरुष और 120 महिला प्रतिभागी हैं ।

# बिहार छात्र संसद का आठवां संस्करण संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना के प्रतिष्ठित ए.एन. कॉलेज के सभागार में आयोजित 8वें बिहार छात्र संसद में राज्य के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक भविष्य पर विस्तृत और गहन विचार-विमर्श हुआ। इस एकदिवसीय आयोजन में राज्य के कोने-कोने से आए 700 से अधिक छात्र-छात्राओं और प्रख्यात अतिथियों ने भाग लिया। पूरे दिन चले इस लोकतांत्रिक महोत्सव में



युवाओं ने बिहार के भविष्य की चुनौतियों और संभावनाओं पर सार्थक संवाद, मंथन और समाधानपरक चर्चा की। 'बिहार छात्र संसद' एक गैर-राजनीतिक, वैचारिक और युवामुखी मंच है जिसकी स्थापना का उद्देश्य युवाओं को केवल भाषण देने का अवसर नहीं बल्कि विचार करने, बहस करने और लोकतांत्रिक जिम्मेदारी समझने का वास्तविक मंच देना है। यह मंच पिछले आठ वर्षों से बिहार में नेतृत्व निर्माण, वैचारिक जागरूकता और जन संवाद की संस्कृति को मजबूत कर रहा है। इस मंच की खास बात यह है कि यह न किसी दल से जुड़ा है, न किसी एजेंडे से - सिर्फ युवाओं की आवाज और उनकी ऊर्जा को दिशा देने के लिए समर्पित है।

कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार छात्र संसद के संस्थापक एवं अध्यक्ष अंकित कुमार के प्रेरक भाषण से हुआ। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा बिहार छात्र संसद का उद्देश्य है 'प्रोत्साहित युवा, प्रगतिशील बिहार'। हम चाहते हैं कि राज्य के युवा केवल समस्याओं पर चर्चा न करें, बल्कि समाधान भी सुझाएं, जिम्मेदारी लें और नेतृत्व करें। ये मंच इसलिए जरूरी है क्योंकि जब युवा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होते हैं, तभी समाज और राजनीति दोनों में स्थायी परिवर्तन आता है।

## संपाकीय

# जहरीली हवा से घटी लोगों की उम्र

देश के कई शहरों और महानगरों में वायु प्रदूषण इस कदर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है कि इसका सीधा असर लोगों के फेफड़ों पर पड़ने लगा है। नतीजा यह कि लोगों की आयु घट रही है और वे कई तरह की बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। हर वर्ष लाखों लोग सांस से जुड़ी बीमारियों के अलावा हृदय रोग और कैंसर जैसी जटिलताओं का सामना कर रहे हैं। दरअसल, लंबे समय तक जहरीली हवाओं के बीच रहने से फेफड़े की कोशिकाएं कमजोर पड़ने लगी हैं। श्वसन रोग से संबंधित आठवें राष्ट्रीय सम्मेलन 'रेस्पिकान 2025' में विशेषज्ञों की ओर से साझा किए गए आंकड़ों ने चिंता बढ़ा दी है। उनके मुताबिक, देश में हर वर्ष फेफड़े के कैंसर के 81,700 नए मामले आ रहे हैं। इतना ही नहीं, हवा में प्रदूषण का असर केवल फेफड़े तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी कमजोर कर रहा है। बच्चों की सेहत पर भी जहरीली हवा का गंभीर असर पड़ रहा है, जो भविष्य के लिए एक बड़ी चेतावनी है। विशेषज्ञों का कहना है कि फेफड़े का स्वास्थ्य कोई एक दिन में नहीं बिगड़ता। अगर सामूहिक रूप से समन्वित प्रयास किए जाएं, तो स्थिति को और ज्यादा गंभीर होने से बचाया जा सकता है। देश में सार्वजनिक परिवहन तंत्र को मजबूत नहीं किए जाने का नतीजा है कि लोग आवाजाही के लिए निजी वाहनों का अधिक इस्तेमाल करते हैं। हर वर्ष सड़कों पर बड़ी संख्या में नए वाहन आ रहे हैं, जिससे प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। यह निराशाजनक है कि न तो उद्योगों से निकलने वाले कचरे तथा धुएं को नियंत्रित करने के ठोस उपाय अब तक हो पाए हैं और न ही फसलों के अवशेष जलाने की समस्या का कोई प्रभावी समाधान निकल पाया है। हालत यह है कि हर दिन लोगों के फेफड़ों में जहरीली हवा भर रही है। विशेषज्ञों की चेतावनी को सरकार और समाज दोनों को गंभीरता से लेना होगा। हमें जीवनदायिनी वायु को प्राणघातक बनने से हर हाल में रोकना होगा। अगर हम ऐसा नहीं कर पाए, तो सांसों की डोर कमजोर होती चली जाएगी।

**हिन्दी की ताकत को जानना हो तो उसके सांस्कृतिक, भावनात्मक और रचनात्मक विस्तार को देखना होगा। मातृभाषा का ज्ञान किसी भी व्यक्ति के मन की पीड़ा का सबसे अच्छा समाधान है। महापुरुषों, विद्वानों और नेताओं ने समय-समय पर हिन्दी भाषा के महत्व को रेखांकित किया है। पुरुषोत्तमदास टंडन मानते थे कि जीवन के हर क्षेत्र में हिन्दी अपनी भूमिका निभाने में समर्थ है। महात्मा गांधी ने हिन्दी को स्वतंत्रता संग्राम के दौरान संवाद व जनसंपर्क का सबसे शक्तिशाली माध्यम माना। उनके शब्द थे कि सम्पूर्ण भारत की पारस्परिकता के लिए ऐसी भाषा चाहिए, जो जनता का बड़ा भाग जानता-समझता हो। गांधीजी कहते थे, 'दिल की कोई भाषा नहीं है, दिल से दिल संवाद करता है और राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्र गूंगा है।' ये कथन आज भी वैसी ही सार्थकता के साथ जीवंत हैं। अमेरिकी चिकित्सक वॉल्टर चेनिंग तो यह मानते थे कि विदेशी भाषा का किसी स्वतंत्र राष्ट्र की शिक्षा एवं प्रशासन की भाषा होना सांस्कृतिक दासता है। माखनलाल चतुर्वेदी और राहुल सांस्कृत्यायन ने हिन्दी को देश और भाषा की विरासत, सांस्कृतिक धरातल और अधिष्ठान के रूप में देखा। बालकृष्ण शर्मा नवीन ने तो यहां तक कहा कि राष्ट्रीय एकता का बंधन केवल हिन्दी ही जोड़ सकती है।**

# राष्ट्र की पहचान से विश्व की साझी भाषा तक हिन्दी की शक्ति

(योगेश कुमार गोयल)

हिन्दी की ताकत को जानना हो तो उसके सांस्कृतिक, भावनात्मक और रचनात्मक विस्तार को देखना होगा। मातृभाषा का ज्ञान किसी भी व्यक्ति के मन की पीड़ा का सबसे अच्छा समाधान है। महापुरुषों, विद्वानों और नेताओं ने समय-समय पर हिन्दी भाषा के महत्व को रेखांकित किया है।

हर वर्ष 14 सितम्बर को मनाया जाने वाला हिन्दी दिवस उस गौरव की स्मृति के रूप में मनाया जाता है, जब हिन्दी को भारतीय संघ की राजभाषा घोषित किया गया था। यह दिवस हिन्दी की समृद्धि, स्वीकार्यता, रचनात्मकता और वैश्विक विस्तार का उत्सव है। निरंतर बढ़ती हिन्दी शक्ति आज न केवल भारत के सांस्कृतिक, सामाजिक और प्रशासनिक परिदृश्य को आकार देती है बल्कि विश्व मंच पर भी अपनी प्रगाढ़ छाप छोड़ रही है। आज दुनियाभर में हिन्दी चाहने वालों, बोलने या पढ़ने-समझने वाले लोगों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। हिन्दी को लेकर भारतीय और विदेशी विद्वानों, साहित्यकारों तथा विभूतियों का आदर भाव वर्षों से रहा है।

डा. फादर कामिल बुल्के, जिन्होंने हिन्दुस्तानी संस्कृति को आत्मसात किया, हिन्दी को गृहिणी की संज्ञा देते हुए कहा था कि यह भारतीय जीवन का अभिन्न हिस्सा है। संस्कृत को तो वे मां मानते थे और अंग्रेजी को नौकरानी। इसी तरह आयरिश प्रशासक जॉन ग्रियर्सन ने हिन्दी को संस्कृत की बेटियों में सबसे सुंदर और शिरोमणि बताया। ऐसे तमाम उदाहरण इस बात के प्रमाण हैं कि हिन्दी, शब्द और विचार के धरातल पर विभिन्न भाषाओं से जितनी आत्मीयता रखती है, उतनी ही भारत के जनमानस से जुड़ी है लेकिन दुखद है कि आज भी पुनरुत्थानवादी मानसिकता वाले कुछ लोग हिन्दी की व्यापकता, समृद्धि और ताकत को नजरअंदाज करते हैं और संयुक्त राष्ट्र में हिन्दी को स्थान नहीं मिलने की बात पर कुतर्क करके उसके वैश्विक पक्ष को कमतर आंकते हैं। हालांकि ऐसी नकारात्मक चर्चाओं से न हिन्दी का कुछ भला हो सकता है, न ही उसका अस्तित्व डिग सकता है। तथ्य यही है कि आज विश्वभर में हिन्दी बोलने वालों का आंकड़ा करोड़ों में है और यह निरंतर बढ़ रहा है।

हिन्दी की ताकत को जानना हो तो उसके सांस्कृतिक, भावनात्मक और रचनात्मक विस्तार को देखना होगा। मातृभाषा का ज्ञान किसी भी व्यक्ति के मन की पीड़ा का सबसे अच्छा समाधान है। महापुरुषों, विद्वानों और नेताओं ने समय-समय पर हिन्दी भाषा के महत्व को रेखांकित किया है। पुरुषोत्तमदास टंडन मानते थे कि जीवन के हर क्षेत्र में हिन्दी अपनी भूमिका निभाने में समर्थ है। महात्मा गांधी ने हिन्दी को स्वतंत्रता संग्राम के दौरान संवाद व जनसंपर्क का सबसे शक्तिशाली माध्यम माना। उनके शब्द थे कि सम्पूर्ण भारत की पारस्परिकता के लिए ऐसी भाषा चाहिए, जो जनता का बड़ा भाग जानता-समझता हो। गांधीजी कहते थे, 'दिल की कोई भाषा नहीं है, दिल से दिल संवाद करता है और राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्र गूंगा है।' ये कथन आज भी वैसी ही सार्थकता के साथ जीवंत हैं। अमेरिकी चिकित्सक वॉल्टर चेनिंग तो यह मानते थे कि विदेशी भाषा का किसी स्वतंत्र राष्ट्र की शिक्षा एवं प्रशासन की भाषा होना सांस्कृतिक दासता है। माखनलाल चतुर्वेदी और राहुल सांस्कृत्यायन ने हिन्दी को देश और भाषा की विरासत, सांस्कृतिक धरातल और अधिष्ठान के रूप में देखा। बालकृष्ण शर्मा नवीन ने तो यहां तक कहा कि राष्ट्रीय एकता का बंधन केवल हिन्दी ही जोड़ सकती है।

हिन्दी की ऊर्जा और आत्मबल का उदाहरण महात्मा गांधी के हिन्दी प्रेम का एक प्रसंग भी है। सन् 1917 में कलकत्ता कांग्रेस अधिवेशन में बाल गंगाधर तिलक ने अंग्रेजी में भाषण दिया था। गांधीजी ने तिलक को स्पष्ट समझाया कि देशवासियों के साथ अपनी ही भाषा में संवाद ही सही अर्थों में दिलों तक पहुंच सकता है। यह भावप्रवण संवाद भारत के हर नागरिक के गौरव का स्रोत है। महात्मा गांधी ने विविध अवसरों पर हिन्दी को राष्ट्र की आत्मा कहा था। आज हिन्दी का विस्तार भारत तक सीमित नहीं रहा। कई देशों में हिन्दी लोगों के दिलों में बसती है, जहां की स्थानीय भाषाओं के साथ-साथ हिन्दी भी संगठित रूप से बोली जाती है। दुनियाभर में सैंकड़ों विश्वविद्यालयों, शैक्षिक संस्थाओं, शोध केंद्रों और अनगिनत प्लेटफॉर्म्स पर हिन्दी पढ़ाई जाती है, शोध होती है और यह वहां अध्ययन, अध्यापन और अनुसंधान की भाषा बन चुकी है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, विश्वभर में लगभग 75 करोड़ लोग हिन्दी बोलते समझते हैं और एथ्नोलॉग जैसी अंतर्राष्ट्रीय भाषायी




संस्थाओं की रिपोर्ट के मुताबिक, यह विश्वभर में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है, जो तेजी से ऊपर की ओर बढ़ रही है।

हिन्दी का वैश्विक सांस्कृतिक प्रभाव भी आश्चर्यचकित करता है। भारतीय फिल्म उद्योग, जिसे दुनियाभर में 'बॉलीवुड' के नाम से जाना जाता है, हर साल करीब 1500 फिल्में हिन्दी में बनाता है। ये फिल्में भारत में ही नहीं, अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, खाड़ी देशों सहित अनेक देशों में देखी जाती हैं। हिन्दी फिल्मों, गीतों, साहित्य और कला का प्रभाव विदेशी मंचों, सांस्कृतिक समारोहों, मीडिया एवं एफएम चैनलों तक फैला हुआ है। यूएई में हिन्दी एफएम चौनल स्थानीय लोगों की खास पसंद बन चुके हैं। हिन्दी फिल्म अभिनेता, निर्माता व कलाकार विदेशों में शो आयोजित करते हैं, जिससे भारतीय संस्कृति और हिन्दी भाषा का विस्तार होता है। जहां-जहां भारतवंशी बसे हैं, वहां हिन्दी विशेष सम्मान के साथ जीवंत है। यह यथार्थ हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है।

वैश्वीकरण के दौर में हिन्दी व्यापार, वाणिज्य, शिक्षा, तकनीकी और प्रशासन के क्षेत्र में निरंतर बढ़ रही है। फेसबुक, गूगल, यूट्यूब जैसी कंपनियों ने हिन्दी को प्राथमिकता देना शुरू कर दिया है। भारत में 80 प्रतिशत मोबाइल उपभोक्ता हिन्दी में सामग्री अपनाते हैं। इंटरनेट, सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर हिन्दी की उपस्थिति लगातार बढ़ रही है और इसका प्रसार इतनी गति से हो रहा है कि कुछ ही वर्षों में हिन्दी इंटरनेट की प्रमुख भाषा बन सकती है। हिन्दी की संवैधानिक सुरक्षा भारत में संविधान के अनुच्छेद 343 से 351 के तहत निश्चित है। यह धाराएं हिन्दी के प्रचार-प्रसार, स्वीकार्यता और संरक्षण का मजबूत आधार हैं। यह न केवल भारत की आधिकारिक भाषा है बल्कि सम्पर्क भाषा, प्रशासन और विधि के क्षेत्र में इसका प्रयोग निर्णायक रूप से हो रहा है। भारत के शैक्षिक संस्थानों, सरकारी कार्यालयों और सांस्कृतिक आयोजनों में हिन्दी को सम्मानपूर्वक अपनाया गया है। विश्व हिन्दी सचिवालय की स्थापना, हिन्दी को संयुक्त राष्ट्र की मान्यता दिलवाने की पहल और डिजिटल क्षेत्र में हिन्दी सशक्तीकरण, ये सभी कदम हिन्दी के वैश्विक मंच पर सशक्तीकरण की दिशा में उठाए गए हैं।

कुल मिलाकर, हिन्दी दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं, यह हमारी संस्कृति, भाषायी आत्मसम्मान और राष्ट्रीय एकता का दिन है। इस दिन हर भारतीय को यह संकल्प लेना चाहिए कि हिन्दी को रचनात्मक, सुंदर और समृद्ध बनाए रखने में अपना योगदान दे। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का सपना केवल राजभाषा का प्रतिष्ठापन नहीं था बल्कि भारत की आत्मा, उसकी विविधता और सांस्कृतिक गौरव की अभिव्यक्ति थी, जिसे हिन्दी ने बखूबी आकार दिया है। हिन्दी भाषा की बढ़ती ताकत और वैश्विक प्रतिष्ठा आज न केवल भारत की बल्कि विश्व संस्कृति की सबसे मजबूत और सुंदर कड़ी बन चुकी है। इसलिए, हिन्दी दिवस के अवसर पर यही प्रेरणा लें कि जीवन के हर क्षेत्र में हिन्दी का उत्कर्ष हो, इसकी भाषायी, सांस्कृतिक, साहित्यिक और तकनीकी शक्ति निरंतर बढ़ती रहे और आगामी पीढ़ियां हिन्दी को न केवल संवाद का बल्कि वैश्विक अभिव्यक्ति का सबसे प्रभावशाली माध्यम बनाएं। (लेखक साढ़े तीन दशक से पत्रकारिता में सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार तथा प्रदूषण मुक्त सांसें, तीखे तेवर, दो टूक इत्यादि कई चर्चित हिन्दी भाषी पुस्तकों के लेखक हैं)(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# विश्व की सबसे समृद्ध भाषा है हिन्दी

(रमेश सर्राफ धमोरा)

हिन्दी भारत सरकार की आधिकारिक भाषा है और हिंदी बोलने वालों की संख्या भारत में सर्वाधिक है। हिंदी भाषा का अर्थ है 'भारत या हिंद से संबंधित'। यह भारत की आधिकारिक राजभाषा है और दुनिया में तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है।

हिन्दी एक भारतीय इंडो-यूरोपीय भाषा है जो संस्कृत से विकसित हुई और देवनागरी लिपि में लिखी जाती है। देवनागरी लिपि में ही संस्कृत, मराठी, नेपाली और कई अन्य भारतीय भाषाएँ भी लिखी जाती है। देवनागरी का अर्थ है 'देवताओं की लिपि' या 'शहर की लिपि'। यह संस्कृत के दो शब्दों देव (ईश्वर/देवता) और 'नागरी' (नगर/शहर से लिया गया विशेषण) से मिलकर बना है। देवनागरी एक ब्राह्मी-आधारित वर्णमाला है जिसका उपयोग भारत की कई भाषाएँ जैसे हिंदी, मराठी और संस्कृत को लिखने के लिए किया जाता है। इसीलिए हिंदी भाषा को संस्कृत भाषा की प्रत्यक्ष वंशज कहा जाता है।

हिंदी भाषा एक दूसरे के साथ बातचीत करने के लिए बहुत आसान और सरल माध्यम प्रदान करती है। यह प्रेम, मिलन और सौहार्द की भाषा है। हिन्दी विविध भारत को एकता के सूत्र में पिरोने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लेकिन यह कैसी विडम्बना है कि जिस भाषा को कश्मीर से कन्याकुमारी तक सारे भारत में समझा जाता हो। उस भाषा के प्रति आज भी इतनी उपेक्षा व अवज्ञा क्यों ? प्रत्येक वर्ग का व्यक्ति हिन्दी भाषा को आसानी से बोल-समझ लेता है। इसलिए इसे सामान्य जनता की भाषा अर्थात जनभाषा कहा गया है।

हिन्दी भारत सरकार की आधिकारिक भाषा है और हिंदी बोलने वालों की संख्या भारत में सर्वाधिक है। हिंदी भाषा का अर्थ है 'भारत या हिंद से संबंधित'। यह भारत की आधिकारिक राजभाषा है और दुनिया में तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। इसका इतिहास प्राचीन संस्कृत और प्राकृत भाषाओं से जुड़ा है। हिन्दी भाषा का जन्म भारत में ही हुआ था । एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है। बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची परिचायक भी है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवतः सबसे वैज्ञानिक भाषा है। जिसे दुनिया भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं। भारतेन्दु हरिश्चंद्र को आधुनिक हिंदी का जनक कहा जाता है। जिन्होंने हिंदी, पंजाबी, बंगाली और मारवाड़ी सहित कई भाषाओं में अपना योगदान दिया था।

भारत की स्वतंत्रता के बाद 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने एक मत से यह निर्णय लिया कि हिन्दी की खड़ी बोली ही भारत की राजभाषा होगी। इस महत्वपूर्ण निर्णय के बाद 1953 से सम्पूर्ण भारत में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाते लगा है जो हिंदी भाषा के महत्व को दर्शाता है। यदि हम हिंदी भाषा के विकास की बात करें तो यह कहना गलत नहीं होगा कि पिछले सौ सालों में हिंदी का बहुत विकास हुआ है। हिंदी भाषा का इतिहास लगभग एक हजार वर्ष पुराना माना गया है। भारत में धर्म, परंपराओं और भाषा में विविधता के बावजूद यहां के लोग एकता में विश्वास रखते हैं। भारत में विभिन्न भाषाएं बोली जाती हैं। लेकिन सबसे ज्यादा हिंदी भाषा बोली, लिखी व पढ़ी जाती है। इसीलिए हिंदी भारत की सबसे प्रमुख भाषा है। हिन्दी के ज्यादातर शब्द संस्कृत, अरबी और फारसी भाषा से लिए गए हैं। यह मुख्य रूप से आर्यों और पारसियों की देन है। इस कारण हिन्दी अपने आप में एक समर्थ भाषा है। जहां अंग्रेजी में मात्र 10 हजार मूल शब्द हैं। वहीं हिन्दी के मूल शब्दों की संख्या 2 लाख 50 हजार से भी अधिक है। हिन्दी विश्व की एक प्राचीन,समृद्ध तथा महान भाषा होने के साथ हमारी राजभाषा भी है।

हिन्दी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, और दिल्ली राज्यों की राजभाषा भी है। राजभाषा बनने के बाद हिन्दी ने विभिन्न राज्यों के कामकाज में लोगों से सम्पर्क स्थापित करनें का अभिनव कार्य किया है। लेकिन विश्व भाषा बनने के लिए हिन्दी को अब भी संयुक्त राष्ट्र के कुल सदस्यों के दो तिहाई देशों के समर्थन की आवश्यकता है। भारत सरकार इस दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। हम संभावनाएं जता सकते हैं कि शीघ्र ही हिन्दी को संयुक्त राष्ट्र संघ की आधिकारिक भाषा में शामिल कर लिया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी विदेश यात्रा के दौरान अधिकतर अपना सम्बोधन हिन्दी भाषा में ही देते हैं। जिससे हिन्दी भाषा का महत्व विदेशी धरती पर भी बढ़ने लगा है।

# क्षेत्र की प्रगति और समृद्धि में चार चांद लगाता है एयरपोर्ट



सुमन कुमार झा

15 सितंबर, 2025 खास तौर पर 1.15 करोड़ लोगों वाले सीमांचल क्षेत्र के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। पहली बार यहाँ के लोग उसी व्यक्ति को देखेंगे जिसने एक दशक में वादा पूरा किया। चार जिलों पूर्णिया, कटिहार, अररिया और किशनगंज से मिलकर बना सीमांचल के लोगों ने इस क्षेत्र की प्रगति और समृद्धि की कोई उम्मीद नहीं छोड़ी है।

पिछले दो दशकों से अधिक समय तक मेरा आत्मीय संबंध देश के प्रतिष्ठित राजनेताओं के साथ रहा है। इस दीर्घ अवधि में मुझे भारत वर्ष के विभिन्न प्रांतों की यात्राएँ करने और वहाँ की धरती, वहाँ के जन-मन तथा वहाँ के संघर्षों को निकट से देखने-समझने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इन यात्राओं के दौरान जब भी नए लोगों से अनौपचारिक वार्तालाप होती, तो स्वाभाविक रूप से एयरपोर्ट और हवाई संपर्क की चर्चा अवश्य उठती थी, और सच कहूँ तो उस क्षण मुझे गहरी पीड़ा का अनुभव होता था कि सीमांचल और कोसी जैसे महत्वपूर्ण भूभाग को अब तक इस सुविधा से वंचित रखा गया है। मुझे पूर्ण विश्वास और हृदयंगम संतोष है कि पूर्णिया एयरपोर्ट न केवल संपूर्ण सीमांचल और कोसी क्षेत्र के लिए एक सेतु का कार्य करेगा, यह एयरपोर्ट इस क्षेत्र की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रगति का स्वर्णिम द्वार सिद्ध होगा, और यहाँ के युवाओं, व्यापारियों, छात्रों तथा आम नागरिकों के लिए नयी संभावनाओं के अनंत क्षितिज खोलेगा। इस ऐतिहासिक निर्णय और युगांतकारी उपलब्धि के लिए मैं व्यक्तिगत रूप से भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी तथा बिहार के दूरदर्शी मुख्यमंत्री माननीय श्री नीतीश कुमार जी के प्रति अपनी गहन कृतज्ञता और हृदय से आभार प्रकट करता हूँ। सचमुच, यह दिन सीमांचल और कोसी के स्वप्नों को साकार करने वाला है।

अप्रैल 1933 में ब्रिटिश शासन के तहत, पूर्णिया के लोगों ने पहली बार देखा और महसूस किया कि इंसान पक्षियों की तरह उड़ सकता है। सपने कभी नहीं मरते और इसलिए पूर्वजों की आँखों में जो सपना था, वह आखिरकार नौ दशकों से भी ज़्यादा समय बाद हकीकत में बदल गया। पूर्णिया के लोगों ने लगातार सरकारों द्वारा लंबे समय तक उपेक्षा के बावजूद सपने देखना कभी नहीं छोड़ा। सरकार आती-जाती रहती है, लोगों को रहना चाहिए, लेकिन सपने देखना कभी बंद नहीं करना चाहिए। अन्य स्थानों पर रहने वाले लोगों के लिए भी मार्ग प्रशस्त किया है और उनके लिए सपनों के साथ जीने का एक सुंदर संदेश दिया है।

भारत के विभिन्न शहरों में एयरपोर्ट का विकास केवल यातायात की सुविधा तक सीमित नहीं रहा है, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक और सामरिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। बिहार के सीमांचल क्षेत्र में स्थित पूर्णिया एयरपोर्ट भी इन्हीं में से एक है। यह एयरपोर्ट ऐतिहासिक, सामरिक और भौगोलिक दृष्टि से विशेष महत्व रखता है। इस एयरपोर्ट का भौगोलिक स्थान इतना उपयुक्त है कि इसे पूर्वी भारत के सामरिक दृष्टिकोण से सबसे महत्वपूर्ण ठिकानों में से एक माना गया। इसका लोकेशन नेपाल की सीमा, उत्तर-पूर्वी राज्यों और बंगाल की खाड़ी से नजदीक होने के कारण सामरिक दृष्टि से उपयोगी रही। पूर्णिया एयरपोर्ट का इतिहास सैन्य और नागरिक दोनों दृष्टियों से समृद्ध रहा है। द्वितीय विश्व युद्ध से लेकर आज तक इसने अलग-अलग भूमिकाएँ निभाई हैं। बिहार के विकास में भी नई संभावनाएँ खोलेगा। इस तरह, पूर्णिया एयरपोर्ट का इतिहास केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि भविष्य की संभावनाओं का भी प्रतीक है। आइए इसके इतिहास, विकास, महत्व और वर्तमान स्थिति को विस्तार से समझते हैं।

पूर्णिया एयरपोर्ट का निर्माण स्वतंत्रता प्राप्ति से पहले ब्रिटिश शासनकाल में हुआ था। उस समय इसका मुख्य उद्देश्य सैन्य और सामरिक गतिविधियों के लिए था। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान भारत में कई एयरफील्ड बनाए गए थे, ताकि जापान और अन्य धुरी राष्ट्रों के हमलों का सामना किया जा सके। इन्हीं में से एक एयरफील्ड पूर्णिया में भी बनाया गया।

स्वतंत्रता के बाद भारतीय वायुसेना ने इस एयरपोर्ट को अपने नियंत्रण में ले लिया। 1950 और 1960 के दशक में यह एयरफोर्स स्टेशन के रूप में प्रमुख रहा। यहाँ से कई महत्वपूर्ण सैन्य अभ्यास और मिशन संचालित किए गए।

सामरिक दृष्टि से यह एयरबेस इतना महत्वपूर्ण था कि 1962 के भारत-चीन युद्ध और 1971 के भारत-पाक युद्ध में भी इसकी भूमिका रही। हालांकि इसकी तुलना गुवाहाटी या बागडोगरा जैसे बड़े एयरबेस से नहीं की जाती, लेकिन सीमांचल और उत्तर-पूर्वी राज्यों तक पहुंच के लिए यह रणनीतिक दृष्टि से अहम रहा।

1960 के दशक में इस एयरपोर्ट का उपयोग कुछ समय तक नागरिक उड्डयन के लिए भी किया गया। पूर्णिया से पटना, कोलकाता और दिल्ली तक छोटी दूरी की उड़ानें संचालित होती थीं। उस समय भारतीय एयरलाइंस (जो बाद में एयर इंडिया में विलय हुई) ने यहां से सीमित सेवाएं शुरू की थीं। लेकिन समय के साथ यात्री संख्या कम होने, व्यावसायिक घाटे और बेहतर सुविधाओं वाले पास के हवाई अड्डों (जैसे बागडोगरा और पटना) की वजह से नियमित उड़ानें बंद हो गईं।

पूर्णिया एयरपोर्ट को बाद में इंडियन एयरफोर्स स्टेशन के रूप में अधिसूचित कर दिया गया। वर्तमान में इसे एयर फोर्स स्टेशन पूर्णिया के नाम से जाना जाता है। यहाँ भारतीय वायु सेना का नियंत्रण है और नागरिक उड्डयन के लिए सीमित उपयोग की अनुमति है। इस एयरबेस पर अब भी समय-समय पर वायुसेना के विमान उतरते रहे हैं और सैन्य अभ्यास होते रहते हैं।

पूर्णिया एयरपोर्ट का इतिहास केवल सैन्य तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह सीमांचल के आर्थिक विकास के सपनों से भी जुड़ा रहा है। पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज और अररिया जैसे जिलों के लिए यह एयरपोर्ट निकटतम हवाई सुविधा है। यह क्षेत्र ऐतिहासिक रूप से उपेक्षित रहा है। रेल और सड़क की सीमित सुविधाओं के कारण यहां एयरपोर्ट का महत्व और भी बढ़ जाता है। कृषि और व्यापार (विशेषकर मखाना, चाय, मक्का, और जूट) के निर्यात में यह सहायक हो सकता है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को देश धन्यवाद दे रहा है कि 2016 में केंद्र सरकार ने 'उड़ान' (छ्रह्व ड्ड स्त्रद्द छ्रद्दह्यड्ढ द्मड्ढ ड्ड्ढ ह्ड्डद्दह्लड्ढद्म) (उड़े देश का आम नागरिक) योजना की शुरुआत की। इस योजना का मकसद छोटे शहरों को हवाई नेटवर्क से जोड़ना था। पूर्णिया एयरपोर्ट को भी इस योजना के तहत शामिल किया गया।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और रक्षा मंत्रालय के बीच कई दौर की बातचीत हुई, ताकि इस एयरपोर्ट को नागरिक उड़ानों के लिए खोला जा सके। चूंकि यह एक एयरफोर्स स्टेशन है, इसलिए यहाँ नागरिक उड्डयन की अनुमति सीमित रूप से दी जाती है।

2021-22 में यहां से नागरिक उड़ानें शुरू करने की तैयारी चल रही है। रनवे और टर्मिनल के आधुनिकीकरण की योजना बनी और फलीभूत हुआ,15 सितम्बर 2025 से नियमित उड़ानें शुरू हो रहीं हैं।

पूर्णिया एयरपोर्ट के इतिहास को देखते हुए इसका भविष्य उज्ज्वल है। 'उड़ान' योजना के तहत यहां से नियमित उड़ानें शुरू हो रहीं हैं, सचमुच में सीमांचल क्षेत्र का सामाजिक-आर्थिक विकास तेज हो जाएगा। उत्तर-पूर्वी राज्यों और बिहार को जोड़ने में यह एयरपोर्ट एक महत्वपूर्ण केंद्र बन सकता है। नेपाल और बांग्लादेश की नजदीकी इसे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और टूरिज़्म के लिए भी आकर्षक बना सकती है। पूर्णिया का कृषि और व्यापारिक महत्व (जैसे मखाना, चाय, मक्का, और जूट) एयर कार्गो सेवाओं के जरिये राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया जा सकता है।

पूर्णिया एयरपोर्ट का विकास और इसका संचालन न सिर्फ़ बिहार बल्कि पूरे सीमांचल क्षेत्र, पड़ोसी देश नेपाल और बांग्लादेश के लिए एक बड़ा अवसर साबित हो सकता है। यह क्षेत्र ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। सीमांचल जो नेपाल और बांग्लादेश की सीमा से सीधे जुड़े हैं। ऐसे में अगर पूर्णिया एयरपोर्ट पूरी तरह से सक्रिय और विकसित हो गया है तो इसके दूरगामी आर्थिक, सामाजिक और रणनीतिक प्रभाव होंगे।

सीमांचल क्षेत्र बिहार का पिछड़ा इलाका माना जाता है। यहां रोज़गार और उद्योग की कमी है। एयरपोर्ट सक्रिय होने से निवेशक आसानी से इस क्षेत्र में आएंगे। कृषि आधारित उद्योग जैसे मक्का, मखाना, जूट, धान, केला, लीची और मछली के कारोबार को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाज़ार तक पहुंचाने में एयरपोर्ट सहायक होगा। इससे व्यापारियों को पटना या कोलकाता जाने की ज़रूरत नहीं पड़ेगी, सीधे हवाई मार्ग से माल की ढुलाई संभव होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड ब्लाइंड फुटबॉल टीम का ट्रायल शुरू

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ब्लाइंड फुटबॉल झारखंड की ओर से 23-27 सितंबर तक जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में ईस्ट जोन ब्लाइंड फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जायेगा. इसमें बिहार, झारखंड, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, मध्यप्रदेश, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उतराखंड और पश्चिम बंगाल सहित कुल 14 टीमें हिस्सा लेंगी. इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए मेजबान झारखंड की टीम ने अपनी तैयारी शुरू कर दी. ब्लाइंड फुटबॉल झारखंड की ओर से टीम के गठन के लिए कई चरणों में ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है. ट्रायल का पहला चरण सबल सेंटर, नोवामुंडी में आयोजित किया गया है. यहां 35 खिलाड़ी (महिला-पुरुष) हिस्सा ले रहे हैं. ब्लाइंड फुटबॉल झारखंड के सचिव सह मास्टर ट्रेनर राजकुमार सिंह ने बताया कि ट्रायल के आधार पर आठ महिला व आठ पुरुष खिलाड़ी का चयन किया जायेगा.



### विधायक पूर्णिमा साहू ने दिव्यांग जनों को भेंट की व्हीलचेयर

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** साकची पूर्वी एवं बिरसानगर क्षेत्र के दिव्यांगजनों के बीच जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने व्हीलचेयर भेंट की. शनिवार को पूर्णिमा साहू ने एग्रिको स्थित आवासीय कार्यालय में व्हीलचेयर प्रदान किया. इस अवसर पर उन्होंने बिरसानगर निवासी मिंटू मंडल और नेहरू कॉलोनी की 15 वर्षीय दिव्यांग बालिका पीटू बाग को व्हीलचेयर सौंपते हुए कहा कि यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि मैं उनके कठिन जीवन में थोड़ा सा योगदान देकर उनकी सहायता कर पायी. इस दौरान साकची पूर्वी के भाजपा मंडल अध्यक्ष युवराज सिंह, बिरसानगर के पूर्व मंडल अध्यक्ष बोलटू सरकार व अन्य मौजूद रहे.



### भारत-पाक मैच का बायकॉट कीजिए, टीवी मत ऑन करिए

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एशिया कप के महामुकाबले में भारत यूएइ की सरजमीं पर पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेलता दिखेगा. इतना ही नहीं, लोगों ने अपील करते हुए कहा कि पाकिस्तान के भेजे आतंकियों ने महिलाओं का सिंदूर देखकर सुहाग उजाड़ा है, ऐसे देश के साथ होने वाला मैच किसी को भी नहीं देखना चाहिए. इस मैच का 101 परसेंट बॉय कॉट करेंगे. कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों के दर्दनाक हमले के बाद पहली बार आमने-सामने खेलने वाले भारत और पाकिस्तान के मैच को लेकर देशभर में सेंटिमेंट बेकार है. वहीं एशिया कप के इस मैच को लेकर बॉय कॉट की आवाज भी उठ रही है. पहलगाम हमले के बाद हम नहीं चाहते की भारत पाकिस्तान से मैच खेले. शायद यही वजह है कि इस मैच में लोगों की ज्यादा दिलचस्पी नहीं है. अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर 100 फीसदी मैच का बॉय कॉट करेंगे.



### पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाएं : समाजसेवी

**मधुपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के बावन बीघा स्थित एक होटल सभागार में शनिवार को ग्रामसभा फेडरेशन का राज्य स्तरीय वार्षिक सम्मेलन हुआ, जिसमें जलवायु संकट समाधान पर ग्रामसभा की भूमिका पर चर्चा हुई. इस अवसर पर समाज कर्मी घनश्याम ने कहा कि जलवायु संकट से लड़ने के लिए सभी जिले से आए हुए प्रतिनिधि जल संरक्षण और संवर्धन के लिए एक योजना तैयार करें. योजना तैयार करने के बाद इस संबंध में सरकार से बातचीत की जायेगी. दुमका की ऐनी टुडू ने कहा कि ग्राम सभा फेडरेशन के द्वारा जहां-जहां से जुड़े हैं. उनलोगों को अपने गांव क्षेत्र में काम से कम हर साल 10-10 पौधे लगाने चाहिए. उन्होंने कहा कि एक पेड़ से ढाई सौ किलोग्राम ऑक्सीजन मिलता है, जो गांव के तीन चार आदमियों के लिए पर्याप्त होता है. इस तरह से सभी गांव में पेड़ पौधे लगाना अति आवश्यक है. मौके पर सागरी अन्ना, मो. सैफ, अबरार ताविदा, अताउल शेख, सिद्धू, सालगे मंडी, विजय भगत, सुमित्रा आदि मौजूद थे.



### मसमोहना कब्रिस्तान के पास नाला में मिला शव

**मरकच्चो/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत मसमोहना कब्रिस्तान के समीप शनिवार को एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद हुआ है. शव की शिनाख्त नहीं हो पायी है. मृतक के शरीर पर जख्म के कई निशान थे. स्थानीय लोगों ने आशंका जतायी है कि व्यक्ति की हत्या दो-तीन दिन पहले की गयी है. अन्यत्र हत्या तक शव यहां फेंक दिया गया. ग्रामीण मवेशी चराने मसमोहना कब्रिस्तान की ओर आये थे, तभी उनकी नजर सोती (नाला) में शव पर पड़ी. उनकी सूचना पर वहां भीड़ लग गयी. बाद में सूचना मिलने पर नवलशाही पुलिस पहुंची. थाना प्रभारी शशिभूषण कुमार ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, कोडरमा भेजा. थाना प्रभारी के अनुसार शव की फिलहाल शिनाख्त नहीं हो पायी है. शव का पोस्टमार्टम करा 72 घंटों के लिए शीतगृह में रखा जाएगा, ताकि उसकी शिनाख्त हो सके. उन्होंने कहा कि आसपास के थानों से भी संपर्क कर जानने की कोशिश की जा रही है कि बीते कुछ दिनों में उनके क्षेत्रों में किसी के गुमशुदगी का मामला है या नहीं.

### सफाईकर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

**दुमका/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड लोकल बॉडीज इंप्लाइज फेडरेशन दुमका नगर परिषद के बैनर तले जिलाध्यक्ष संजीव कुमार राम और जिला मंत्री विजय कुमार दास के संयुक्त नेतृत्व में शुक्रवार से सफाईकर्मियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है. कर्मियों ने नगर परिषद कार्यालय के प्रांगण में धरना देकर लंबित मानदेय के जल्द भुगतान की मांग की. हड़ताल को संबोधित करते हुए जिला मंत्री विजय कुमार दास ने कहा कि सफाईकर्मी शहर को स्वच्छ रखने के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं, लेकिन विभाग द्वारा समय पर मानदेय का भुगतान नहीं किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि इस बार दुर्गापूजा, काली पूजा और छठ जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों में हड़ताल पर जाने के लिए वे मजबूर हैं, क्योंकि उनकी आर्थिक स्थिति लगातार खराब होती जा रही है. जिलाध्यक्ष संजीव कुमार राम ने बताया कि विभाग को एक महीने पहले ही आवेदन देकर लंबित मानदेय का भुगतान करने की मांग की गयी थी. पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी. उम्मीद थी कि त्योहार से पहले भुगतान हो जाये, ताकि सफाईकर्मी भी अपने परिवार के साथ खुशियां मना सकें, लेकिन विभाग की उदासीनता ने हमें हड़ताल करने पर मजबूर कर दिया. धरना में सनी हरि, अमर हरि, सुजीत हरि, उमेश हरि, रोहित हरि, विनोद हरि समेत कई सफाई कर्मी मौजूद थे. कर्मियों ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक हड़ताल जारी रहेगी.

### अंगूठा लगवाकर राशन नहीं देने का आरोप

**रमना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के बहियार खुर्द पंचायत के सैकड़ों लाभुकों ने स्थानीय डीलर के खिलाफ अंगूठा लगवाकर राशन नहीं देने का आरोप लगाया है. लाभुकों ने उपायुक्त को आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है. दिये गये आवेदन में लाभुकों ने कहा कि डीलर मनमाने तरीके से दुकान चला रहा है. उपभोक्ताओं ने कहा कि दो से तीन बार अंगूठा लगाकर आश्वासन दिया गया कि राशन आयेगा तो मिलेगा, लेकिन हमलोगों को राशन नहीं देकर बाजार में बेच दिया जाता है. मालूम हो कि इसके पूर्व कई बार बड़ी संख्या में प्रखंड कार्यालय पहुंचकर लाभुकों ने कार्रवाई की मांग की थी.

# 9160 वादों का हुआ निष्पादन, 18.71 करोड़ के राजस्व की वसूली

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया

**कोडरमा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया. इस दौरान 12 बेंचों के माध्यम से कुल 9160 वादों का निष्पादन हुआ. इनमें लंबित वादों की संख्या 1523 व प्री-लिटिगेशन के 7637 मामले (बैंक ऋण व अन्य) शामिल हैं. वहीं विभिन्न विभागों से कुल 18 करोड़ 71 लाख 19 हजार 901 रुपये के राजस्व की वसूली की गयी. मौके पर प्रधान जिला जज बाल कृष्ण तिवारी ने कहा कि लोक अदालत शीघ्र, सस्ता, एवं सुलभ न्याय पाने का सशक्त माध्यम है. इसके माध्यम से जहां एक ओर लोगों के समय एवं पैसों की बचत होती है, वहीं लोगों को त्वरित न्याय भी मिल पाता है. उन्होंने कहा कि वादों के निष्पादन के दृष्टिकोण से कोडरमा का ग्राफ ऊंचा है. इसके लिए यहां के सभी न्यायिक पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं. इससे पहले झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्घाटन समारोह को कोडरमा न्याय मंडल के न्यायिक पदाधिकारियों, पैनल अधिवक्ता, मध्यस्थ एवं पारा लीगल वॉलेंटियर सहित अन्य स्टेक होल्डर ने गूगल मीट से जुड़कर ऑनलाइन अवलोकन किया.

साथ ही कोडरमा जिला न्याय सदन परिसर में नालसा की ओर से चलाये जा रहे स्कीम वीर परिवार सहायता योजना 2025 के तहत स्थापित डेडिकेटेड सेल का विधिवत उद्घाटन शिलापट्ट का अनावरण कर किया गया. प्रधान जिला जज बालकृष्ण तिवारी ने सभी बेंचों का निरीक्षण किया. मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, एलडीएम विमल कांत झा, स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष कुमार सिन्हा व कोडरमा बाजार शाखा प्रबंधक सतीश कुमार सिंह, न्यायालयकर्मी रंजीत कुमार सिंह, राजीव कुमार, रवींद्र कुमार, अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, मनोज कुमार मिश्रा, महेश्वर कुमार, अजीत कुमार, रंजीत कुमार, प्रियंका कुमारी, रवि कुमार, अभिमन्यु कुमार, प्रकाश चन्द्र सिन्हा, सूर्यकांत संदीप, अखौरी मुकेश, डेडिकेटेड सेल के पैनल अधिवक्ता राजेश्वर प्रसाद सिंह व पीएलवी पांडेय शेखर प्रसाद आदि मौजूद थे. इन्होंने की मामले की सुनवाई लोक अदालत के बेंच संख्या एक में जिला जज प्रथम गुलाम हैदर, अधिवक्ता भुनेश्वर राणा, बेंच संख्या दो में जिला जज द्वीतीय संजय कुमार चौधरी, अधिवक्ता सुधीर कुमार सिन्हा, बेंच संख्या तीन में जिला जज तृतीय राकेश चंद्रा, अधिवक्ता जय गोपाल शर्मा, बेंच संख्या चार में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित कुमार वैश, अधिवक्ता लखन प्रसाद सिंह, बेंच संख्या पांच में अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार, अधिवक्ता संजय कुमार सिंह, बेंच संख्या छह में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी शिवांगी प्रिया, अधिवक्ता शांति कुमारी, बेंच संख्या सात में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी नमिता मिंज, अधिवक्ता कीर्ति कुमारी, बेंच संख्या आठ में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी ज्योत्सना पांडेय, अधिवक्ता रीना कुमारी, बेंच संख्या नौ में मुंसिफ मिथिलेश कुमार, अधिवक्ता सुरेश कुमार, बेंच संख्या दस में स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष आर. के. तिवारी, सदस्य ममता सिंह एवं कुमारी अनुपमा, बेंच संख्या ग्यारह में जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी व अधिवक्ता अंशु यामिनी, एवं बेंच संख्या बारह में जिला उपभोक्ता फोरम की सदस्य शिल्पी चटर्जी व अधिवक्ता रीतम कुमारी ने मामले की सुनवाई की.

# सेमेस्टर वन में नामांकन के समर्थन में अभाविप ने सौंपा ज्ञापन

## कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ रत्नाकर भारती को ज्ञापन



**मधुपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय महाविद्यालय में सेमेस्टर वन में नामांकन को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने शनिवार को कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ रत्नाकर भारती को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन के माध्यम से बताया कि महाविद्यालय में सेमेस्टर वन में नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल बंद कर दिया गया है. बहुत सारे सब्जेक्ट ऐसा है, जिसमें सीट खाली है. अगर पोर्टल खोल दिया जाता है तो विद्यार्थियों का एक साल बच जायेगा. दुर्गा पूजा में महाविद्यालय बंद हो जायेगा. इसीलिए जल्द से विश्वविद्यालय से बात कर मधुपुर महाविद्यालय के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू करवाई जाये. ताकि जो दूर दराज के छात्र- छात्राओं को परेशान नहीं हो. बताया कि 2023 -27 के छात्र का अब तक मार्कशीट और एडमिट कार्ड नहीं मिला है. जिससे छात्र काफी परेशान हो रहे है. साथ ही छात्रवृत्ति के लिए बोनाफाइड शुरू करवाने छात्रों को आई कार्ड वितरण करने की बात कही गई. मौके पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. भारती ने आश्वासन दिया कि वह नामांकन के लिए विश्वविद्यालय बात करेंगे और जल्द से जल्द नामांकन शुरू करने का प्रयास करेंगे. साथ ही आई कार्ड वितरण व बोनाफाइड बनाने का भी आदेश दे दिया है. मौके पर के सुदामा यादव, आनन्द यादव, गुलजार कुमार, दीपक मिश्रा, रंजन यादव, सोहेल अंसारी, सोहेब अंसारी, हर्ष कुमार, सोनू कुमार, आलोक कुमार, सौरव कुमार आदि उपस्थित थे.

# डीसी ने की चारों नगर निकायों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा

## बोले -शहरी विकास कार्यों में तेजी लाएं



**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) के सभागार में पहली बार जिले के चारों नगर निकायों की संयुक्त बैठक जिले के डीसी कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में हुई. बैठक में डीसी ने सभी निकायों के अधिकारियों को योजनाओं के कार्यान्वयन में पारदर्शिता को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया. डीसी ने शहरी विकास कार्यों में तेजी लाने और स्वच्छता अभियान में जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिया. बैठक में अपर उपायुक्त भगीरथ प्रसाद, जेएनएसी सह मानगो नगर निगम के उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार, जुगसलाई नगर परिषद के कार्यपालक संदीप पासवान, चाकुलिया नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मोटाय बानरा सहित सभी नगर निकायों के सहायक नगर आयुक्त, विशेष पदाधिकारी, सिटी मैनेजर, अभियंता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे. पीएम आवास योजना : बिरसानगर प्रधानमंत्री आवास योजना का डीसी स्वयं 18 सितंबर को निरीक्षण करेंगे. डीसी ने योजना में आ रही समस्याओं, अब तक आवास आवंटन की जानकारी ली. उन्होंने डीएमसी को अप्रोच पथ का निर्माण, बिजली, पानी का कनेक्शन बहाल कराने को कहा. इसके अलावा मानगो नगर निगम को लंबित 13 पीएम आवास योजना का निर्माण इस माह तक पूर्ण कराने को कहा. 'स्वच्छता ही सेवा 2025' अभियान : जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितंबर से दो अक्तूबर 2025 तक चलाया जायेगा. अभियान के तहत डीसी ने सभी निकायों को पूजा पंडालों, सार्वजनिक स्थानों और बाजारों में विशेष सफाई अभियान चलाने का निर्देश दिया गया. पूजा के दौरान विशेष सफाई : डीसी ने नगर निकायों को पूजा के दौरान विशेष व्यवस्था करने को कहा. नगर निकायों की ओर से इस साल पूजा के दौरान पूजन सामग्री का उठाव के लिए अलग से वाहन की व्यवस्था रहेगी. डीसी ने कचरा पृथक्करण और पूजन सामग्री के वैज्ञानिक निस्तारण के लिए विशेष वाहनों की व्यवस्था करने के लिए भी कहा गया. बाजारों में शुरू होगी रात्रि सफाई : डीसी ने नगर निकायों को रात्रि सफाई व्यवस्था को भी अमल में लाने की बात कहीं. डीसी ने साफ किया कि स्वच्छता केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है. अवैध होर्डिंग को हटाने का आदेश : डीसी ने शहर के चौक-चौराहों पर लगे अवैध होर्डिंग को तत्काल हटाने का आदेश दिया गया. पीएम स्वनिधि : डीसी ने पीएम स्वनिधि योजना के लक्ष्य को 30 सितंबर तक प्राप्त करने का निर्देश दिया गया. साफ-सफाई : डीसी ने नगर निकायों के सहायक नगर आयुक्तों, विशेष पदाधिकारियों को प्रतिदिन फील्ड का स्वयं निरीक्षण करने और सफाई पर विशेष निगरानी रखने को कहा. स्वच्छता सर्वेक्षण : डीसी ने आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग के लिए अभी से तैयारी करने और जागरूकता अभियान चलाने का आदेश दिया गया. जलापूर्ति योजना : डीसी ने मानगो, मोहरदा सहित नगर निकायों में चल रही सभी योजनाओं की समीक्षा की.

**पार्किंग :** बिष्टुपुर पीएम मॉल के समीप पार्किंग की समस्या का निदान के लिए डीएमसी ने बगल में ही एक सरकारी जमीन उपलब्ध होने की बात कही. जल्द ही एडीसी के साथ डीएमसी पार्किंग स्थल का निरीक्षण करेंगे. स्थल चयनित होने पर सड़क पर पार्किंग बंद हो जायेगी.

**जेपी सेतु बस स्टैंड :** डीसी ने जेपी सेतु बस स्टैंड में नियमित बसों की सूचना प्रसारित करने, सड़कों पर वाहनों की पार्किंग पर रोक लगाने, सफाई व्यवस्था को बेहतर करने को कहा.

# रेलवे न्यू कॉलोनी में बनेगा भव्य दुर्गा पूजा पंडाल

## दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर समिति सदस्यों ने की बैठक



**मधुपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे न्यू कॉलोनी श्री जगत जननी दुर्गा मंदिर के प्रांगण में शनिवार को दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों की बैठक हुई, जिसमें दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर चर्चा की गयी. बैठक में इस बार पूजा ओर आकर्षक बनाने का निर्णय कमेटी द्वारा लिया गया. पूजा की शुरूआत में पहले बेलभरनी पूजा कार्यक्रम को पूरे धूमधाम के साथ मनाएं जाने का निर्णय लिया गया. पंडाल व सजावट को लेकर भी इस वर्ष आकर्षक ढंग से सजाये जाने का निर्णय लिया गया. साथ ही मंदिर के आसपास की जगह व प्रसाद वितरण स्थल की भी साफ-सफाई को लेकर एक टीम बनायी गयी. पूजा समिति के अध्यक्ष रवि शेखर ने कहा कि जिस प्रकार पहले के वर्षों में हमारा पूजा पंडाल सबसे आकर्षक का केंद्र रहता है. इस परंपरा को कायम रखते हुए इस बार भी पूजा पंडाल को आकर्षक बनाया जायेगा. मौके पर शंभू प्रसाद तांती, रमाकांत सिंह, कमल किशोर राय, अशोक गोंड, राजेश चौधरी, अमित चंद्रवंशी, राजेश यादव, प्रशांत चंद्रा, अमर पासवान, कुंदन झा, संजय कुमार, राज कुमार मंडल ल, बीरेंद्र यादव, धर्मेंद्र कुमार, हरि मंडल, अमन कुमार, आर के प्रसाद, राजीव पाण्डेय, अनिल पटेल, राकेश वर्मा, बिनोद प्रसाद, दीपक मिश्रा, अमित दुधारिया, बिनोद गोंड राज कुमार, संतोष कुमार, बास्की यादव, सुनील कुमार आदि मौजूद थे.

### शिक्षा में लापरवाही नहीं की जायेगी बर्दाश्तः डीएसई

**धुरकी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) अनुराग मिंज ने शनिवार को धुरकी प्रखंड स्थित उच्च विद्यालय टाटीदिरी और उत्क्रमित मध्य विद्यालय मिर्चाइया का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने शिक्षकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी. निरीक्षण के क्रम में डीएसई ने विद्यालयों की गतिविधियों, एमडीएम योजना और शिक्षकों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की. उन्होंने बताया कि शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ शिक्षक बायोमेट्रिक अटेंडेंस लगाकर विद्यालय से गायब हो जाते हैं और बाद में दूसरी पाली में आकर पुनः उपस्थिति दर्ज करते हैं. यहां तक कि कृत्रिम बायोमेट्रिक अंगूठे के प्रयोग की भी सूचना मिली थी.

# किताबी ज्ञान के साथ अन्य क्षेत्रों में भी दक्ष बनें बच्चे : मंत्री

## जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पीएमश्री परियोजना बालिका प्लस टू उवि में शिक्षकों व अभिभावकों की बैठक

**कोडरमा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पीएमश्री परियोजना बालिका प्लस टू उवि में शनिवार को शिक्षकों व अभिभावकों की बैठक हुई. यहां बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ नीरा यादव, डीसी ऋतुराज, जिप अध्यक्ष रामधन यादव आदि थे. बैठक की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गयी. केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा ने कहा कि यह विद्यालय की छात्राएं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं. अभिभावक भी विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था से संतुष्ट हैं. पीएमश्री विद्यालय की परिकल्पना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह शिक्षा निधि के तहत विकसित किया जा रहा है. स्कूल में लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेगी. मंत्री ने छात्राओं को सिर्फ किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रह अन्य क्षेत्रों में भी दक्षता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया. मंत्री ने पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाने व सफाई पर भी जोर दिया. मंत्री ने सभी शिक्षकों से आग्रह किया कि वे अभिभावकों की अपेक्षाओं पर खरे उतरें. छात्राओं को निष्ठा के साथ पढ़ायें. आंगनबाड़ी केंद्रों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वहां के बच्चों पर भी ध्यान देना आवश्यक है. उन्हें छोटी-छोटी गतिविधियों के माध्यम से शिक्षित करने की जरूरत है, ताकि शिक्षा की नींव मजबूत हो. विधायक डॉ नीरा ने कहा कि शिक्षक-अभिभावक बैठक सराहनीय पहल है. यह नियमित रूप से हो. इसके माध्यम से अभिभावकों की भावनाओं को सुनने और समझने का अवसर मिलता है. बच्चों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रखना है, उन्हें एक आदर्श नागरिक के रूप में भी विकसित करना है. डीसी ऋतुराज ने जिले में शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी. कहा कि यह जिला शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है. जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि इस प्रकार की बैठकों से विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार होती है. बैठक के दौरान अभिभावकों ने विद्यालय से संबंधित विभिन्न समस्याओं को जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखा. मंत्री ने जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर आवश्यक निर्देश दिये.

# जिलाध्यक्ष के चुनाव को लेकर कांग्रेसियों ने की रायशुमारी



**मारगोमुंडा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के डॉ एसआरके मिशन स्कूल परिसर मारगोमुंडा में प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष जयशंकर शरण ने की. इस दौरान तय कार्यक्रम तहत पार्टी के पदाधिकारियों तथा कार्यकताओं से वन टू वन मीटिंग कर जिलाध्यक्ष के चयन के लिए नामों का प्रस्ताव भी लिया. ऑल इंडिया कांग्रेस द्वारा नियुक्त मलेंद्र राजन ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मैं यहां पार्टी के आलाकमान मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी तथा कार्यक्रम के संयोजक केसी वेणुगोपाल के निर्देश पर आये हैं. कांग्रेस इस अभियान के तहत ग्रास रूट पर संगठन को खड़ा करने का मुहिम चलायी है. साथ ही संगठन के लोगों को उचित सम्मान तथा स्थान देने का काम कर रही है. देवघर जिला अध्यक्ष के चयन के लिए पहुंचे हैं. इसके लिए आपसे रायशुमारी की जायेगी, आपकी भावनाओं को मैं पार्टी नेतृत्व तक पहुंचाया जायेगा और उनके ही निर्णय से यहां का जिलाध्यक्ष तय होंगे. कहा कि विश्वास दिलाना चाहता हूं कि जिलाध्यक्ष वही बनेंगे, जिसे आप चाहेंगे और जो संगठन के कार्यों को आगे बढ़ायेंगे. कांग्रेस के विचार धाराओं को आगे बढ़ायेंगे, कांग्रेस के प्रति लॉयल एवं समर्पित होंगे. बैठक के दौरान विद्यालय के छात्रों द्वारा अपने हाथ से बनाई हुई स्केच जो पर्यवेक्षक मलेंद्र राजन का था, उन्हें भेंट किया, जिन्हें पाकर पर्यवेक्षक मलेंद्र राजन बहुत ही प्रसन्न हुए तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना किया .

# महिलाओं को सुरक्षा मुहैया कराना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी : डीआईजी

**रमना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भवनाथपुर पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी नौशाद आलम ने शनिवार को भवनाथपुर थाना और पुलिस निरीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्हें पुलिस द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. गार्ड ऑफ ऑनर की प्रक्रिया सही नहीं होने पर उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक जानकारी दी. इसके बाद उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों और जवानों से परिचय प्राप्त किया. निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने थाना परिसर की साफ-सफाई, अधिकारियों के आवास और जर्जर भवनों की स्थिति की जानकारी ली. उन्होंने जर्जर भवनों को तोड़ने और नये भवन निर्माण पूरा होने तक समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. साथ ही अधीनस्थ अधिकारियों के साथ बैठक कर कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि महिलाओं को सुरक्षा मुहैया कराना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है. अपराध पर अंकुश लगाने के लिए जनता के साथ मित्रवत व्यवहार जरूरी है. उन्होंने अधिकारियों से आम जनता की समस्याओं को सुनकर त्वरित निदान करने और मामलों के निपटान में पारदर्शिता लाने पर जोर दिया. पत्रकारों से बातचीत में डीआईजी आलम ने कहा कि ज्वॉइनिंग के बाद यह उनका पहला निरीक्षण है. यह इलाका पहले नक्सल प्रभावित और असुरक्षित माना जाता था, लेकिन अब काफी सुधार हुआ है और लोग शांति से रह रहे हैं.

# अतिक्रमण को किसी भी सूरत में नहीं किया जायेगा बर्दाश्त : नप प्रशासक

## अतिक्रमण हटाने को लेकर नगर परिषद में बैठक आयोजित



**मधुपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद कार्यालय सभागार में शनिवार को शहरी क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने को लेकर नप प्रशासक सुरेंद्र किस्कू की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गयी. बैठक में आम लोगों के अलावा फुटपाथी दुकानदारों को भी बुलाया गया था. मौके पर लोगों ने हटिया रोड, गांधी चौक, स्टेशन रोड, सरदार पटेल रोड, थाना रोड, डालमिया कूप चौक आदि जगहों को अतिक्रमण मुक्त कराने का सुझाव दिया. कहा कि आने वाले पर्व को ध्यान में रखते हुए यह जरूरी है. गांधी चौक पर अतिक्रमण हटाकर पुलिस तैनाती की मांग की. बताया गया कि अतिक्रमण हटाने के लिए पुलिस व अंचल समेत आम लोगों का सहयोग जरूरी है. बैठक में नप प्रशासक ने कहा कि नगर की सुंदरता और आमजन की सुविधा के लिए अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा. उन्होंने संबंधित विभागों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिया. उन्होंने फुटपाथ दुकानदारों और स्थानीय नागरिकों से अपील किया कि वे स्वयं स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने में नगर परिषद का सहयोग करें. साथ ही उन्होंने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की. ताकि मधुपुर शहर को जाम और अव्यवस्था से मुक्त कराया जा सके. बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि नगर परिषद जल्द ही व्यापक अभियान चलाकर अवैध कब्जों को हटायेगी. नगरवासियों ने भी इस पहल का समर्थन करते हुए कहा कि अतिक्रमण मुक्त शहर से मधुपुर की छवि निखरेगी और आम जनता को राहत मिलेगी. मौके पर नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, अरविंद कुमार, चैंबर ऑफ कॉमर्स के महासचिव हेमंत नारायण सिंह, अरविंद यादव, अल्ताफ हुसैन, कन्हैया लाल कनु, अजय कुमार, विवेक बथवाल, जावेद इकबाल आदि मौजूद थे.

# गिरिडीह में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की हुई बैठक

## भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार, अफवाहों से रहें सावधान : सुदिव्य कुमार सोनू

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** आगामी पर्व-त्योहारों को शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक नए परिषदन भवन में हुई, जिसकी अध्यक्षता झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने की इस बैठक में मुख्य रूप से आगामी दुर्गा पूजा के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर होने वाले धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों को लेकर सुरक्षा व्यवस्था और साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने पर गहन चर्चा हुई।

मंत्री सोनू ने अपने संबोधन में कहा कि गिरिडीह हमेशा से भाईचारे और मिलजुलकर त्यौहार मनाने के लिए जाना जाता है। आने वाले समय में भी यह परंपरा कायम रहनी चाहिए। उन्होंने सभी पूजा समितियों और समाज के प्रबुद्धजनों से अपील की कि वे प्रशासन के साथ सहयोग करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से आयोजन सुनिश्चित करें बैठक में डॉ. सरफराज अहमद, दिनेश प्रसाद यादव, गुड्डू यादव, एसडीपीओ जीत वाहन उरांव, एसडीएम श्रीकांत यशवंत विस्पुते, डीएसपी नीरज सिंह, उपनगर आयुक्त प्रशांत कुमार लायक, नगर थाना प्रभारी ज्ञान रंजन कुमार, पंचबा थाना प्रभारी राजीव कुमार, मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो और बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार सिंह मौजूद रहे गिरिडीह अनुमण्डल के विभिन्न पूजा समितियों के अध्यक्ष, सदस्य और शांति समिति के गणमान्य लोग भी बैठक में शामिल हुए। इन प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र में होने वाले पर्व-त्योहारों की तैयारियों और संभावित चुनौतियों पर प्रशासन को अवगत कराया। कई समितियों ने जुलूस के रूट, विद्युत आपूर्ति, साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की बैठक के दौरान एसडीएम एवं एसडीपीओ ने पूजा आयोजनों के दौरान पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरे लगाने, नियमित गश्ती और संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी करने की बात कही। साथ ही, नगर निगम से उचित लाइटिंग और साफ-सफाई के लिए समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया गया मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि त्योहार केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं होते, बल्कि सामाजिक एकता को मजबूत बनाने का अवसर भी होते हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत प्रशासन को सूचना दें।इस प्रकार शांति समिति की यह बैठक गिरिडीह में आने वाले पर्व-त्योहारों को लेकर सुरक्षा, सौहार्द और प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में सार्थक साबित हुई।



## अमरौल में खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने पहुंचे विधायक मनोज यादव, अतिथियों ने किया उत्साहवर्धन



नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** अमरौल में आयोजित खेलकूद कार्यक्रम में हजारीबाग के बरही विधायक मनोज कुमार यादव मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे। उनके साथ कई स्थानीय अतिथि और जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विधायक मनोज यादव ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि खेल युवाओं के व्यक्तित्व विकास और अनुशासन का आधार है। उन्होंने खिलाड़ियों से आग्रह किया कि वे खेल को केवल प्रतियोगिता तक सीमित न रखें, बल्कि इसे जीवन का हिस्सा बनाकर आगे बढ़ें। विधायक ने आश्वासन दिया कि वे क्षेत्र में खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत केवल उचित मंच और प्रोत्साहन की है। मौके पर मौजूद अन्य अतिथियों ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दीं और उन्हें समाज और क्षेत्र का गौरव बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण और खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## झारखंड राज्य के गठन में अहम भूमिका निभाने वाले आंदोलनकारियों का सम्मान



नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड राज्य के गठन में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले आंदोलनकारियों को रविवार को गिरिडीह के उत्सव उपवन में सम्मानित किया गया। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखंड सरकार की ओर से आयोजित प्रशस्ति पत्र वितरण सह सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू शामिल हुए।

समारोह में गिरिडीह सदर प्रखंड के करीब 230 आंदोलनकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंत्री सोनू ने कहा कि झारखंड आंदोलन सिर्फ एक राजनीतिक संघर्ष नहीं था, बल्कि यह राज्य की अस्मिता और पहचान से जुड़ा हुआ था। हजारों आंदोलनकारियों के संघर्ष और बलिदान के बदौलत ही 2000 में झारखंड राज्य का गठन संभव हो पाया। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार आंदोलनकारियों के सपनों और उनके योगदान को कभी भुला नहीं सकती। सरकार लगातार उनके सम्मान और कल्याण के लिए काम कर रही है और आगे भी यह प्रयास जारी रहेगा मंत्री ने यह भी कहा कि आंदोलनकारियों का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। आज उनके योगदान को नई पीढ़ी तक पहुँचाना बेहद जरूरी है, ताकि आने वाली पीढ़ी समझ सके कि राज्य की पहचान और अधिकारों के लिए किस तरह का आंदोलन हुआ था कार्यक्रम के दौरान बीडीओ गणेश रजक, झामुमो के कई स्थानीय नेता और भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। समारोह में लोगों का उत्साह देखने लायक था। आंदोलनकारियों को सम्मानित होते देख पूरा माहौल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें आंदोलनकारियों को सम्मानित करने की परंपरा को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया गया।

## बिरहोर बस्ती में अधिवक्ता परिषद ने मनाया स्थापना दिवस, बच्चों संग किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड अधिवक्ता परिषद की हजारीबाग जिला इकाई के बैनर तले डेमोटांड़ स्थित बिरहोर बस्ती में अधिवक्ता परिषद का स्थापना पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बिरहोर बस्ती और बिरसा विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भारत माता के गीत गाकर की।

इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. संतोष पांडे ने अधिवक्ता परिषद की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी और कहा कि यदि किसी को कानून से संबंधित सहयोग की आवश्यकता होगी, तो परिषद उनके साथ खड़ी है। जिला अध्यक्ष विनोद कुमार ने कहा कि परिषद बिरहोर समाज के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं महामंत्री वासुदेव राणा ने समस्याओं को सरकार तक पहुँचाने का संकल्प लिया और कोषाध्यक्ष कपिल देव राणा ने आश्वस्त किया कि परिषद हर समय उनके लिए खड़ी रहेगी। मीडिया प्रभारी अमित मिश्रा ने कहा कि परिषद सामूहिक प्रयासों से बिरहोर समुदाय की समस्याओं को दूर करेगी। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुई और बच्चों के बीच अल्पाहार का वितरण भी किया गया। समापन राष्ट्रगान और "भारत माता की जय" के जयकारों के साथ हुआ। इस मौके पर अधिवक्ता परिषद हजारीबाग जिला इकाई के डॉ. संतोष पांडे, विनोद कुमार, वासुदेव राणा, कपिल देव राणा, अमित मिश्रा सहित कई अधिवक्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## हाथियों के आतंक से त्रस्त ग्रामीण, फसलों की तबाही पर मुआवजे की मांग

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड में जंगली हाथियों का उत्पात लगातार बढ़ता जा रहा है। वन विभाग की कोशिशों के बावजूद हाथियों का झुंड काबू में नहीं आ पा रहा है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। बताया गया कि लगभग 26 हाथियों का झुंड बीते कई दिनों से गांवों में घुसकर धान और मक्का की फसलों को बर्बाद कर रहा है। किसानों का कहना है कि उनकी महीनों की मेहनत पर पानी फिर गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वन विभाग सिर्फ औपचारिकता निभाता है लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता। न तो हाथियों को रोकने की स्थायी व्यवस्था है और न ही अब तक किसानों को क्षतिपूर्ति राशि दी गई है।

## सदर प्रखंड की सखिया पंचायत में विधायक प्रदीप प्रसाद ने की ग्रामीणों से मुलाकात, समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रदीप प्रसाद रविवार को सदर प्रखंड अंतर्गत सखिया पंचायत पहुँचे, जहाँ उन्होंने बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र की कई समस्याएँ उनके समक्ष रखीं।

ग्रामीणों ने विशेष रूप से सड़क, नाली, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाओं और बिजली से जुड़ी परेशानियों को विस्तार से बताया। विधायक प्रदीप प्रसाद ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि इन समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों और पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कदम उठाए जाएँगे।

**विधायक ने कहा**—'जनता की समस्याओं का समय पर समाधान करना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए मैं निरंतर प्रयासरत हूँ।' ग्रामीणों ने विधायक की इस पहल और संवेदनशीलता की सराहना की और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र की समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा। इस अवसर पर भाजपा नेता प्रमेश्वर यादव, रामअवतार शर्मा, बिरजू रवि, पुरन महतो, लालमेन महतो, रामस्वरुप महतो, सुधीर कुमार, पप्पु साव, देवदीप कुमार, सीपी गोप, भुनेश्वर महतो, देवकी महतो, शिवपाल यादव, मनोज यादव, जागो यादव, पूर्व मुखिया अरुण यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।



## हिमालया ग्रुप के संस्थापक का निधन

**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हिमालय ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के संस्थापक गौरी शंकर का निधन 83 वर्ष की आयु में दिल्ली के अपोलो अस्पताल में हो गया। हिमालय ग्रुप के द्वारा बिहार में मेडिकल, पारामेडिकल, नर्सिंग, B.Ed, आईटीआई, लॉ और मैनेजमेंट सहित अनेक प्रकार की संस्थाओं का संचालन किया जा रहा है। उनके निधन से हिमालय ग्रुप सहित शैक्षणिक समाज में शोक की लहर व्याप्त है। गौरी शंकर अपने पीछे हिमालय ग्रुप के निदेशक डॉ उमाशंकर सहित पत्नी, दो पुत्र, तीन पुत्री, पौत्र- पौत्री, नाती-नतनी से भरा पूरा एक परिवार को छोड़कर स्वर्गगामी हो गए।



## महाराष्ट्र में सेमीकंडक्टर प्लांट लगा रही कंपनी को मिली 100 एकड़ जमीन

### सचिन तेंदुलकर का भी है निवेश

■ सचिन तेंदुलकर समर्थित आरआरपी इलेक्ट्रॉनिक्स को नवी मुंबई में 12,035 करोड़ की सेमीकंडक्टर फैब परियोजना के लिए 100 एकड़ भूमि मिली, जिससे 1.25 लाख वेफर बनेंगे हर माह

**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आरआरपी इलेक्ट्रॉनिक्स को महाराष्ट्र में सेमीकंडक्टर परियोजना लिए नवी मुंबई में 100 एकड़ भूमि के लिए राज्य सरकार से पत्र मिल गया है। कंपनी की राज्य में 12,000 करोड़ रुपये की लागत से सेमीकंडक्टर फैब लगाने की योजना है। दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर द्वारा समर्थित इस कंपनी ने एक बयान में बताया कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार देर रात आयोजित एक कार्यक्रम में कंपनी को यह सहमति पत्र प्रदान किया।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि उसने दुनिया की सबसे पुरानी और स्थापित सेमीकंडक्टर कंपनियों में से एक की सेमीकंडक्टर फैब इकाई को टेक्सास के शेरमैन से यहां स्थानांतरित करने के लिए नवी मुंबई में 100 एकड़ जमीन हासिल कर ली है।



**12,035 करोड़ रुपये की परियोजना**

कंपनी ने फडणवीस के हवाले से कहा, 'हमारी सरकार इस पहल की सफलता सुनिश्चित करने के लिए बुनियादी ढांचे, नीतिगत सुविधा या कौशल विकास में सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।' कंपनी ने बताया कि 12,035 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली यह परियोजना क्षेत्र की सबसे बड़ी और सबसे उन्नत फैब में से एक होगी। इसकी क्षमता प्रति माह 1,25,000 वेफर्स बनाने की होगी। आरआरपी इलेक्ट्रॉनिक्स को उम्मीद है कि विनिर्माण कार्य छह महीने के भीतर शुरू हो जाएगा। परियोजना का पहला चरण वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही तक चालू होने की उम्मीद है। आरआरपी इलेक्ट्रॉनिक्स के चेयरमैन राजेंद्र चोडणकर ने कहा, 'यह अधिग्रहण भारत को सेमीकंडक्टर में आत्मनिर्भर बनाने की हमारी यात्रा में एक ऐतिहासिक कदम है।'

## पूर्व सांसद प्रतिनिधि योगेश कुमार योगेश का निधन, भाजपाइयों में शोक की लहर

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** चौपारण पूर्वी मंडल के पूर्व सांसद प्रतिनिधि योगेश कुमार योगेश का आज निधन हो गया। वह पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे और एम्स दिल्ली में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका शव एंबुलेंस से पैतृक गांव पड़रिया लाया जा रहा है, जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं उनके चाचा शंकर नाथ शाही ने बताया कि योगेश का पालन-पोषण बड़े लाड़-प्यार से किया गया था, लेकिन आज वह उन्हें बेसहारा छोड़कर चले गए। इस दुखद घटना से परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। योगेश कुमार योगेश के निधन से चौपारण सहित पूरे भाजपा परिवार में गहरा शोक व्याप्त है। इस अवसर पर पूर्व विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा, पूर्व केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने गहरा शोक व्यक्त किया। निवर्तमान सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव ने कहा कि योगेश के निधन से पार्टी की अपूर्णीय क्षति हुई है। वहीं भाजपा के कई नेताओं एवं कार्यकताओं जैसे मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, रामस्वरूप पासवान, कृष्णा कुमार साव, अरविंद कुमार सिंह, राजेंद्र चंद्रवंशी, प्रवीण सिंह, रघुनाथ प्रसाद, सुनील कुमार सिंह, शिवशंकर प्रसाद, अरुण पांडेय, अशोक कुमार ठाकुर, राजकुमार यादव, देवकुमार यादव, मो. सेराज, जन्मेजय कुमार सिंह समेत अनेक कार्यकताओं ने शोक संवेदना व्यक्त की। योगेश कुमार योगेश के निधन से न केवल परिवार बल्कि पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। भाजपा कार्यकताओं ने इसे संगठन के लिए बड़ी क्षति बताया है।

## मारवाड़ी अग्रवाल समाज द्वारा मैराथन दौड़ का आयोजन, महिलाओं-युवाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** मारवाड़ी अग्रवाल समाज की ओर से रविवार को मैराथन दौड़ का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में महिलाओं और युवाओं ने सक्रिय रूप से भागीदारी करते हुए पूरे उत्साह और जोश का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य, खेलकूद और जागरूकता को बढ़ावा देना था। दौड़ में शामिल प्रतिभागियों ने खेल भावना के साथ भाग लिया और समाज को फिटनेस का संदेश दिया। आयोजकों ने विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। मौके पर समाज के पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।



## पारा शिक्षक न संविदा कर्मी और न ही स्थायी कर्मी आखिर हैं कौन से कर्मी सरकार स्पष्ट करे : सुखदेव

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड सरकार की निरंकुशता और दोहरी नीतियों का दंश झेलते झेलते पारा शिक्षकों का जीवन काफी निराशाजनक और चिंताजनक हो चुका है देश के किसी भी हिस्सों में सरकारी, अर्द्धसरकारी या फिर प्राइवेट सेक्टरों में कोई भी कर्मी अगर 90 दिनों तक नियमित सेवा पूरा कर लें तो वह स्थाईकर्मी के समकक्ष माना जाता है लेकिन झारखंड सरकार के पास कौन सा संवैधानिक उपन्यास है कि यहां के खांटी झारखंडी मूलवासी जो विगत 25 वर्षो से पारा शिक्षक के रूप में अपनी बेहतर सेवा दे रहे हैं जिन्हें झारखंड के शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ कहे जाते हैं और उन्हें 67 कामों की जिम्मेदारी भी दी गई है।

उसके बाद उन्हें सरकार के अधीनस्थ आजाद हिंद के गुलाम कर्मी समझ कर सेवा ले रहे हैं जुल्म और शोषण का कहर भी झेलना पड़ रहा है, सरकार के निरंकुश मिजाज वाले अधिकारियों के तुगलकी फरमान का सामना भी करना पड़ रहा है बंधुआ मजदूरों की तरह हमें समान काम का समान मजदूरी भी मिलना दूभर हो गया है बावजूद हमें केवल सहायक अध्यापक का लॉलीपॉप देकर बेवजह आर्थिक शोषण करते हुए आज तक हमें न संविदा कर्मी की सूची में शामिल किया है और न ही स्थायी कर्मी के रूप में दर्जा प्राप्त है अपने हक और अधिकार के लिए विगत 25 वर्षो के ऐतिहासिक संघर्ष में हम सभी सहायक अध्यापकों को 20 से 25 हजार तक मानदेय की लंबी लकीर खींची गई है बहुत सारे पारा शिक्षकों की मौत हो चुकी है और वर्तमान में भी मौतों का सिलसिला जारी है और बहुत सारे पारा शिक्षक निःशुल्क सेवा निवृत्त हो रहे हैं उनके परिजनों के लिए सरकार के खजानों से एक फूटी कौड़ी भी नसीब नहीं कैसा यह आजाद हिंदुस्तान और कैसी यह आकांक्षाओं की भूमि जहां एक तरफ रसमलाई की थालियां परोसी गई है तो दूसरी तरफ सुखी रोटियां परोसी गई है जबकि मेहनत एक समान जिस स्कूल में काम करने वाली रसोइया बहनों को सरकार के निर्देश पर मास्टर साहब ने चयनित किया है उन्हें संविदा कर्मी का दर्जा और मास्टर साहब ही उस संविदा कर्मी की सूची से गायब जबकि पारा शिक्षकों का भी चयन सरकार के नोटिफिकेशन के आधार पर ग्राम शिक्षा समितियों के द्वारा किया गया था जिसमें सरकार हमेशा आरक्षण रोस्टर का अनुपालन नहीं होने का बहाना बनाते हुए हमें शोषण और संवैधानिक अधिकार का हनन करने की प्रवृत्ति अपनाई हुई है जो बिल्कुल नाइंसाफी और अप्रासंगिक है सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार हमें समान काम का समान वेतन का हक मिलना चाहिए या फिर हमें संविदा कर्मी की सूची में शामिल करना होगा नहीं तो दुगार्पूजा के बाद पूरे झारखंड में अपने संवैधानिक अधिकार के लिए पुनः पुराने अंदाज में एक बार फिर एक बड़े पैमाने पर एक बड़ा आंदोलन का आगाज होगा जिसमें हमारी अमूल्य धरोहर की कर्मभूमि झारखंड का धरतीपुत्र होने के नाते हमारा जनतांत्रिक अधिकार है।

## सांसद खेल महोत्सव के तहत सदर प्रखण्ड में आयोजित नमो फुटबॉल टूर्नामेंट-2025 का हुआ समापन

■ मेजबान ओरिया की टीम बनी विजेता, 66 टीमों ने लिया भाग, फाइनल मुकाबला में ओरिया की टीम ऐतिहासिक जीत दर्ज कर ट्रोफी पर किया कब्जा

नवीन सिन्हा

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा सांसद खेल महोत्सव के तहत सदर प्रखण्ड में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट - 2025 का सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रतियोगिता का पहला सेमिफाइनल मुकाबला ओरिया बनाम चुटियारो के बीच खेला गया। जिसमें ओरिया की टीम 3-0 से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। उसके बाद दुसरा सेमिफाइनल मुकाबला बिरबिर बनाम चुटियारो की टीम के बीच खेला गया। जिसमें बिरबिर की टीम 3-0 से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग समाजसेवी सह भाजपा नेता श्रद्धानंद सिंह सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

फाइनल मुकाबला की ओरिया पंचायत की टीम ओरिया एवं बिरबिर की टीम के खिलाडियों से अतिथियों ने परिचय प्राप्त किया तथा फूटबॉल पर किक मारकर मुकाबला का शुभारंभ कराया। इस दौरान संचालन समिति द्वारा अतिथियों को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर अतिथि वंदन एवं अभिवादन किया। टूर्नामेंट में मेजबानी कर रही ओरिया पंचायत की ही दो टीमें फाइनल में पहुंची। फाइनल के महामुबकला में दोनों टीमों ने जबदस्त खेल प्रदर्शन किया और दोनों टीमें बराबरी पर रही। अपना काफी दमखम लगाया एवें बेहतर खेल का प्रदर्शन दिया। साथ ही संघर्षपूर्ण रहा। प्लेंटीशुट ऑट में मुकाबला चला गया। प्लेंटीशुट ऑट में मेजबान ओरिया की टीम 5-4 से विजेता बनी। ओरिया की टीम ऐतिहासिक जीत दर्ज कर ट्रोफी पर कब्जा किया। अतिथियों द्वारा प्रतियोगिता की विजेता ओरिया टीम को 25 हजार का चेक एवं बिरबिर की टीम को 15 हजार का चेक सुपूर्द किया गया। मैन ऑफ दा मैच नरेंद्र यादव, मैन ऑफ दा सीरीज दीपक राम उर्फ बिट्टू एवं बेस्ट गोलकीपर कौलेश्वर यादव उर्फ काली को दिया गया। टूर्नामेंट में कुल 66 टीमों ने भाग लिया था। बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सांसद मनीष जायसवाल ने पूरे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव के तहत व्यापक स्तर पर नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन कर फुटबॉल के पुराने क्रेज को जीवंत करने का भागीरथी प्रयास किया है। उनके इस प्रयास का सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहा है हर गांव में युवा मैदान से जुड़ रहे हैं। उन्होंने विजेता ओरिया टीम को बधाई दिया साथ ही आगे ओर बेहतर करने को प्रेरित किया वहीं उपविजेता बीरबीर टीम को हताश नहीं होते हुए इस हार से सीखकर आगे बेहतर प्रदर्शन करने का उचित मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि खेल में हार जीत तो होता ही है लेकिन अच्छे खिलाड़ी और टीम खेल से सीखने का प्रयास करते हैं और भविष्य में बेहतर करने को लालहित रहते हैं। श्रद्धानंद सिंह ने सांसद मनीष जायसवाल के प्रयास को क्षेत्र के खेल खिलाड़ियों के उत्थान और युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए मिल का पत्थर बताया।

मंच संचालन अबोध राम एवं धन्यवाद ज्ञापन शैलेंद्र यादव ने किया। निर्णायक के रूप में परमेश्वर गोप, उमेश कुमार यादव, सिलेंदर यादव, संजय कुमार एवं दिलीप कुमार ने अपनी भूमिका निभाई। टूर्नामेंट के सफल संचालन में संचालन समिति के अध्यक्ष अशोक यादव, सचिव जितेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष शैलेश पासवान, सह-सचिव निरंजन यादव, सह-राहुल ठाकुर, विनय यादव, अभय पासवान, बादल साव, बादल पासवान, राजदीप कुमार, कृष्णा कुमार, रवि कुमार, शैलेंद्र यादव, प्रमोद पासवान, गिरजा पासवान, कौलेश्वर साव सहित नवयुवक क्लब ओरिया के भूतपूर्व खिलाड़ी एवं वर्तमान खिलाडियों ने अपना सरहानीय योगदान दिया।

मौके पर मुख्य रूप से श्रद्धानंद सिंह, भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजकरण पाण्डेय, भाजपा एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष तनवीर अहमद, सांसद प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, किशोरी राणा, रंजन चौधरी, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष अनेश्वर प्रसाद, भाजपा नेता नरेंद्र कुमार, सदर पश्चिमी भाजपा मंडल अध्यक्ष रणधीर पांडेय, कटकमसांडी भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव, सांसद प्रतिनिधि जीवन मेहता, बीरेंद्र कुमार बीरू, लब्बू गुप्ता, अनूप कुमार, कृष्णा मेहता, दामोदर प्रसाद, श्यामलाल महतो, महेश प्रसाद, अबोध राम, मुनेश ठाकुर, दिलीप कुमार रवि, नरेश यादव, मंटू कुमार, बादल कुमार, जितेंद्र कुमार साहू, जितेंद्र कुमार, जयनारायण मेहता, कुलदीप कृष्णा, राज मल्होत्रा, आशेष सिन्हा, तरुण कसेरा एवं इन्द्रनारायण कुशवाहा सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।



New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 14-09-2025 21:43 Page 1



# लाभुकों ने डीलर को बनाया बंधक

## लूट लिये सैकड़ों बोरी अनाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा जिला अंतर्गत धुरकी प्रखंड में राशन वितरण के मामले में शनिवार को एक बड़ी खबर सामने आई है। जहां पर लाभुकों ने राशन डीलर को पहले बंधक बनाया। फिर दुकान से राशन लूट कर ले गए।

घटना के बाद इस मामले में डीलर ने थाने में शिकायत की है। वहीं आपूर्ति पदाधिकारी को मामले की जानकारी दी देते हुए कार्रवाई का अनुरोध किया है। इस मामले की जानकारी के बाद प्रशासनिक महकमा घटना की जांच में जुट गया है। वहीं मामले को लेकर चर्चा का बाजार गर्म है।

जानकारी के अनुसार धुरकी प्रखंड के कदवा गांव में छोटेलाल कोरबा जनवितरण प्रणाली का दुकानदार हैं। शनिवार को छोटेलाल दुकान पर सितंबर महीने का राशन वितरण के लिए लाभुकों से अंगूठा लगवा रहे थे। इसी दौरान राशन लूट की घटना हो गई।

छोटेलाल ने धुरकी थाने में दिए गए शिकायत में उल्लेख किया है कि अंगूठा लगवाने के दौरान ई-पास मशीन काम नहीं कर रहा था। इसी दौरान कुछ लाभुक एकजुट होकर पहले उन्हें बंधक बनाया। इसके बाद दुकान में घुसकर वहां रखे चावल तथा गेहूं का बोरा लूटकर ले भागे।

डीलर ने कहा कि उनकी दुकान से



104 बोरी चावल तथा 21 बोरी गेहूं को लाभुकों ने लूट लिया है। उन्होंने कहा है कि ई-पाश मशीन काम नहीं कर रहा था। ऐसे में शनिवार की दोपहर दो बजे तक लाभुकों ने उन्हें बंधक बनाए रखा। छोटेलाल कोरबा ने बताया की घटना की जानकारी आपूर्ति पदाधिकारी को दी गई है। साथ ही इसकी थाने में नामजद शिकायत की गई है।

## सीएस ने जतायी नाराजगी

**धनबाद।** जिले के सभी आठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संस्थागत प्रसव की संख्या लगातार कम हो रही है। इस पर सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा ने नाराजगी जताई है।

उन्होंने कहा है उपायुक्त के निर्देश पर 50% से कम उपलब्धि करने वाले स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारियों पर कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए सभी प्रभारी को निर्देश जारी किया गया है।

पिछले दिनों स्वास्थ्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक में उपायुक्त ने खराब प्रदर्शन पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने 50% से कम उपलब्धि करने वाले केंद्र को चिन्हित करने को कहा है।


गर्भवती महिलाओं को 9 महीने में चार एंटी नेटल चेकअप जांच करने हैं। सिविल सर्जन ने सभी प्रभारी को नियमित जांच करने का निर्देश दिया है। इसके लिए सभी सरकारी अस्पताल और केंद्र में जांच की व्यवस्था की गई है।

उन्होंने बताया कि कई केंद्र में आने पर मरीजों को सीधे रेफर किया जा रहा है। ऐसे केंद्र की भी जांच की जा रही है। इसकी रिपोर्ट अधिकारियों को भेजी जाएगी।

# छापेमारी से खुला छात्रों को गुंडा और नशेड़ी बनाने का सामान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिला के आरआईटी थाना अंतर्गत बंता नगर में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। जहां गुप्त सूचना पर थाना प्रभारी संजीव सिंह ने पानी टंकी से सटे राजा जेनरल स्टोर में छापेमारी करते हुए हुक्का, चिलम और अलग-अलग फ्लेवर के नशे का सामान बरामद किया है।





मिली जानकारी के अनुसार राजा जनरल स्टोर की आड़ में व्यापक पैमाने पर गांजा और नशे का कारोबार किया जाता है। पुलिस यहां से पुलिस ने काफी संख्या में कई प्रतिबंधित सामन को बरामद किया है।

बताया जाता है कि राजा जनरल स्टोर से जमशेदपुर शहर के हाई सोसाइटी युवाओं और अंग्रेजी माध्यम के स्कूली बच्चों तक हुक्का और उसमें प्रयोग किया जाने वाला नशीला पदार्थ अलग-अलग फ्लेवर का सप्लाई किया जाता है। बताया जाता है कि एक सप्ताह पूर्व डीएवी एनआईटी के बच्चों को नशापान करते पकड़ा गया था, हालांकि स्कूल प्रबंधन ने इसे दबा दिया, मगर पुलिस को इसकी भनक लग गई और पुलिस ने पूरे मामले के तह पर पहुंचकर एक बड़ा खुलासा कर दिया है। बता दें कि राजा उर्फ मुकेश प्रजापति नामक युवक काले कारोबार का सरगना है। एक छोटे से गुमटी से लेकर उसने एक विशाल शोरूम वन विभाग की जमीन पर खड़ा कर लिया है, जो कहीं ना कहीं दर्शा रहा है कि उसने काली कमाई के जरिए ही यह साम्राज्य खड़ा किया है। इधर पुलिसिया कारवाई के बाद नशे के कारोबार करनेवाले माफिया में हड़कंप मच गया है।

# अपने ही गढ़ में हुआ ढेर

### बिहार और झारखंड के कई नक्सली घटनाओं में था शामिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिले के मनातू और तरहसी सीमावर्ती काश जंगल में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में प्रतिबंधित संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) का जोनल कमांडर और टॉप नक्सली मुखदेव यादव मारा गया। मुखदेव यादव पर झारखंड और बिहार में 26 से अधिक नक्सली घटनाओं में शामिल होने का आरोप था।

बीते तीन सितंबर को मनातू थाना क्षेत्र के केदल जंगल में हुई मुठभेड़ में भी मुखदेव यादव शामिल था। उसी मुठभेड़ में नक्सलियों की पहली फायरिंग से दो जवान शहीद हो गए थे। मुखदेव टीएसपीसी सुप्रीमो शशिकांत गंझू का सबसे करीबी और भरोसेमंद कमांडर माना जाता था।

मुखदेव यादव पहले भाकपा (माओवादी) संगठन से जुड़ा था। बाद में टीएसपीसी में शामिल होकर उसने तेजी से संगठन में स्थान बनाया। उसे हाल ही में बड़ी

### टीएसपीसी का माना जाता था सबसे करीब

जिम्मेदारी दी गई थी। वह शशिकांत के लिए लेवी वसूली और हथियारों की सप्लाई का काम करता था। पुलिस के अनुसार, मुखदेव अक्सर इंसास राइफल के साथ चलता था।

मुखदेव यादव पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र के मिटार गांव का रहने वाला था। जिस इलाके में मुठभेड़ हुई, वह उसका गढ़ माना जाता है। यही इलाका उसकी सक्रियता का केंद्र था और घर से कुछ किलोमीटर की दूरी पर ही उसका खात्मा हुआ। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार मुखदेव पर झारखंड और बिहार में 26 से भी अधिक नक्सली घटनाओं में शामिल होने का आरोप था। वह आधा दर्जन से अधिक मुठभेड़ों में पुलिस से भिड़ चुका था। इन घटनाओं में अब तक चार जवान शहीद हो चुके थे, वहीं एक हमले में आदि जनजाति परिवार के पिता-पुत्र की भी मौत हुई थी।

# बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** बच्चों के समुचित विकास और प्रारंभिक शिक्षा के लिए आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से बाल विकास परियोजना द्वारा कई तरह की सुविधा मुहैया की जाती है। परंतु बच्चों को सारठ प्रखंड के लगवां पंचायत स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पिपरा सोल में अपेक्षित सुविधाएं मयस्सर नहीं हो रही हैं। टीम के पड़ताल किया तो कई कमियां उजागर हुई।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यहां के बच्चों को अनियमित रूप से पोषाहार उपलब्ध कराया जाता है। जब भोजन मिलता है तो केंद्र की ओर से थाली नहीं दिया जाता। उसे अपने-अपने घर से लाना पड़ता है। आरोप यह भी है कि केंद्र के रसोई घर में बर्तनों का घोर भाव है। जहां बर्तन ही नहीं है वहां पोषाहार कैसे बनता है यह भी एक बहुत बड़ा सवाल है। निर्माण काल से ही इस



केंद्र का शौचालय आधा अधूरा पड़ा हुआ है।

ऐसे में आपात स्थिति में बच्चों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। केंद्र के रख-रखाव, रंग रोगन के नाम पर कुछ भी खर्च नहीं किया जाता है।

वहीं यहां का चापाकल महीनों से खराब पड़ा है। ऐसे में भगवान भरोसे इस केंद्र का संचालन किया जा रहा है।

सेविका नीलमणि टुडू के अनुसार 30 बच्चे यहां नामांकित है उसमें से नौ बच्चे उपस्थित पाए गए। सहायिका ललिता देवी की उपस्थिति में केंद्र का संचालन हो रहा था।

ग्रामीणों का आरोप है कि किचन में सब चीज की कमी है। कड़ाही, गमला, बाल्टी, गिलास, थाली आदि किचन में नहीं नजर आया। जहां बर्तन का इतना अभाव हो वहां भोजन कैसे बनाया जाता है इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है।

# जंगल से हथिनी की चोरी होने की थाने में शिकायत दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू )।** पलामू जिले में हथिनी चोरी का मामला सामने आया है। उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर के निवासी नरेंद्र कुमार शुक्ला ने सदर थाना में शिकायत दर्ज कराई है।

शिकायत में बताया गया कि रांची से मिजार्पुर जाते समय हथिनी सदर थाना क्षेत्र के जोरकट इलाके में चोरी हो गई। सदर थाना प्रभारी लालजी ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

हथिनी में लगी चिप की जानकारी वन विभाग को दे दी गई है और उसी के आधार पर उसकी लोकेशन ट्रैक की जा रही है। फिलहाल पुलिस हथिनी और लापता महावतों की तलाश में जुटी हुई है।

इस संबंध में मेदिनीनगर वन प्रमंडल के डीएफओ सत्यम कुमार ने बताया कि हाथी के मालिक हाथी को रांची से लेकर मिजार्पुर जा रहे थे। इस दौरान कुंदरी वन प्रक्षेत्र में महावत और हाथी उसके बाद लापता हो गए। उन्होंने कुंदरी वन प्रक्षेत्र के वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी को जांच के लिए लगाया गया है।

यह मामला उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर के विंध्याचल निवासी नरेंद्र कुमार शुक्ला से जुड़ा है। उन्होंने पुलिस को बताया कि उन्हें संगम लाल नाम के व्यक्ति से जयमति नाम की हथिनी जिम्मेनामा (अस्थायी मालिकाना हक) पर मिली थी।

चूंकि उनके गांव में हथिनी के खाने-पीने की व्यवस्था ठीक नहीं थी, इसलिए वह उसे लेकर झारखंड आ गए। जिसको रांची से मिजार्पुर ले जाया जा रहा था। इस दौरान उसको ले जाने वाले हाथी के साथ गायब हो गए। नरेंद्र शुक्ला ने जयमति नामक हथिनी के देखभाल की जिम्मेदारी मिजार्पुर के मुन्ना पांडेय और चुनार के मन्ना पाठक को सौंपी थी।

दोनों महावत हथिनी के साथ रांची से मिजार्पुर जाने के दौरान पलामू जिले के जोरकट इलाके पहुंचे। 11 अगस्त को हथिनी और महावत वहीं मौजूद थे, लेकिन 13 अगस्त को जब नरेंद्र वापस लौटे, तो हथिनी और दोनों महावत गायब मिले।

# सौतेले बेटे और बहु ने मिलकर की वृद्ध पिता की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चाकुलिया।** प्रखंड के श्यामसुंदरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत वीरभांगा गांव में पुत्र व पुत्रवधू की पिटाई से घायल बुजुर्ग पिता की मौत हो गई। दो दिन पहले मामूली विवाद में गांव के 55 वर्षीय लखन मुर्मू के सौतेले पुत्र चैतन्य मुर्मू व उसकी पत्नी सुकुलमनी मुर्मू ने डंडे से पीटा था। घायल लखन मुर्मू ने शुक्रवार की देर रात घर में दम तोड़ दिया। पुलिस ने हत्यारोपी पुत्र चैतन्य मुर्मू व उसकी पत्नी सुकुलमनी मुर्मू पर हत्या का मामला दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

घटनाक्रम के मुताबिक, विगत 11 सितंबर की रात किसी बात को लेकर चैतन्य मुर्मू ने पत्नी के साथ मिलकर अपने पिता पर डंडे से हमला कर दिया था। इससे उनके सीने में अंदरूनी चोट आई थी। घटना के बाद घायल लखन मुर्मू को चाकुलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए लाया गया था। यहां प्राथमिक उपचार के बाद वह घर लौट गए थे। शुक्रवार रात घर अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलने पर शनिवार को श्यामसुंदरपुर थाना प्रभारी सुनील भोक्ता और एएसआई देव कुमार पुलिस बल के साथ वीरभांगा गांव पहुंचे। पुलिस ने शव बरामद कर उसे पोस्टमार्टम के लिए घाटशिला भेज दिया तथा आरोपी पुत्र चैतन्य मुर्मू व उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया।



मृतक की दूसरी पत्नी चंपू मुर्मू के बयान पर श्याम सुंदरपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। जानकारी के मुताबिक चैतन्य मुर्मू लखन मुर्मू की पहली पत्नी का पुत्र था। पहली पत्नी की मौत होने के बाद चैतन्य मुर्मू ने चंपू मुर्मू से दूसरा विवाह किया था। इसके बाद से पिता व पुत्र के बीच अक्सर किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता रहता था।

बीते 11 सितंबर की रात भी दोनों के बीच विवाद हुआ। इसके बाद चैतन्य एवं उसकी पत्नी सुकुल मुर्मू ने मिलकर डंडे से लखन मुर्मू पर हमला कर दिया। इसके बाद घायल होने पर उनका चाकुलिया सीएचसी में इलाज कराया गया।

इस संबंध में थाना प्रभारी सुनील भोक्ता ने बताया कि चैतन्य मुर्मू व सुकुल मुर्मू पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। घटना को लेकर विस्तृत छानबीन की जा रही है।

# रैली कर सरना समिति ने सरकार को दी चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में कुरमी जाति को आदिवासी सूची में शामिल करने की मांग का विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को राजधानी रांची में केंद्रीय सरना समिति की ओर से

आदिवासी आस्तित्व बचाओ बाइक रैली का आयोजन किया गया। समिति अध्यक्ष अजय तिर्की के नेतृत्व में यह रैली मोरहाबादी मैदान से शुरू होकर मेन रोड, अल्बर्ट एक्का चौक होते हुए बापू वाटिका पहुँची। यहां महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रैली का समापन किया गया।

रैली में सैकड़ों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग शामिल हुए। बाइक पर सरना झंडा थामे युवाओं ने ह्लआदिवासी एकता जिंदाबादह्व और ह्लआदिवासी की हकमारी बंद करो जैसे नारे लगाए और कुरमी समाज की मांग का कड़ा विरोध किया। रैली में शामिल युवाओं ने कहा कि कुरमी को किसी भी कीमत पर आदिवासी का दर्जा नहीं दिया जाएगा। यदि ऐसा हुआ तो चरणबद्ध आंदोलन चलाकर सरकार को जवाब दिया जाएगा।

केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि कुरमी कभी भी आदिवासी नहीं रहे हैं और न ही भविष्य में आदिवासी माने जाएंगे। उन्होंने इसे आदिवासी समाज के अस्तित्व की लड़ाई बताया। तिर्की ने आरोप लगाया कि कुरमी समाज केवल राजनीतिक हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए आदिवासी दर्जे की मांग कर रहा है, जबकि केंद्र सरकार 2015 में ही इस पर रोक लगा चुकी है।

आदिवासी संगठनों के नेताओं प्रवीण कच्छप और लक्ष्मीनाथ मुंडा ने भी आरोप लगाया कि कुरमी समुदाय आदिवासी समाज के हक-अधिकारों पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है, जिसे किसी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कुरमी समाज आंदोलन करेगा, तो आदिवासी संगठन भी मुंहतोड़ जवाब देंगे।

# दो पेट्रोल पंप संचालकों से मांगी गयी रंगदारी की राशि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**राजगंज।** शहरी क्षेत्र के बाद अब ग्रामीण इलाका भी सुरक्षित नहीं रहा। ग्रामीण क्षेत्र में कारोबार करने वाले लोगों को प्रिंस खान व मेजर के नाम से धमकी मिल रही है।

पिछले मंगलवार को चालीबंगला स्थित कारोबारी बीरबल मंडल के पेट्रोल पंप पर अपराधियों ने तीन राउंड फायरिंग कर दहशत फैला दिया। उसी दिन शाम को इसकी जिम्मेदारी मेजर ने ली थी।

ठीक दूसरे दिन राजगंज थाना क्षेत्र के दलूडीह एवं जरमुनई में संचालित पेट्रोल पंप के मालिकों को 50 लाख रुपये रंगदारी देने का धमकी दिया गया।

मेजर के नाम पर संचालकों के मोबाइल पर वाइस रिकॉर्डिंग एवं वॉट्सऐप मैसेज भेजकर रंगदारी की मांग की गई। इस मामले में पुलिस कुछ भी बताने में परहेज कर रही है। बताया जा रहा है कि धमकी मिलने

### व्यवसायियों में भय एवं गुस्सा

की जानकारी वरीय पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया। जिसके बाद दोनों जगहों में पुलिस ने अपनी निगरानी बढ़ा दी है। सादे लिबास में पुलिस कर्मी प्रतिष्ठान के आस पास निगरानी कर रहे हैं।

आपराधिक गिरोह द्वारा भेजे गए मोबाइल मैसेज में इस बात का जिक्र किया है कि गोलीबारी में बीरबल का मैनेजर बच गया। जल्दी दो वरना अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहो।

जिससे पंप में कार्यरत कर्मियों में भय का माहौल है। एक कर्मचारी ने बताया कि मालिक ने सभी को सतर्क रहने के लिए कहा है।

पेट्रोल पंप की सुरक्षा के मद्देनजर वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर कपुरिया ओपी की पुलिस टीम राजगंज पहुंची। थाना प्रभारी प्रमोद लकड़ा ने थाना क्षेत्र के पेट्रोल पंप जाकर जायजा लिया। आपात स्थिति से निपटने के लिए कर्मियों को दिशा निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठान परिसर एवं आस-पास कम से कम छह हाई रेजुलेशन का सीसीटीवी कैमरा होनी चाहिए। साथ ही हूटर (तेज आवाज की मशीन) लगाने को कहा गया।

स्पष्ट रूप से स्थानीय थाना व अन्य पदाधिकारियों का मोबाइल नंबर अंकित करने को कहा गया। सूत्रों के अनुसार राजगंज इलाके में अपराधिक गतिविधि बढ़ जाने के कारण अन्य थाने की पुलिस को क्षेत्र में निगरानी के लिए लगाया गया है। इधर पांच दिन बीतने के बाद गोलीकांड घटना में पुलिस जगह जगह संदिग्धों की तलाश कर रही है। लेकिन अभी तक पुलिस को ठोस सफलता नहीं मिल पाई है।

# झामुमो ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** रांची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मणिपुर दौरे को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने कड़ा प्रहार किया है। रविवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में झामुमो के केंद्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि जब मणिपुर जल रहा था और वहां निर्दोष लोग हिंसा की भेंट चढ़ रहे थे, उस समय प्रधानमंत्री मोदी ने चुप्पी साधे रखी और मणिपुर नहीं गए। लेकिन जैसे ही विधानसभा चुनाव करीब आया, अचानक प्रधानमंत्री को मणिपुर की याद आ गई और वे वहां पहुंचकर घोषणाओं की झड़ी लगाने लगे।

भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि मणिपुर की जातीय हिंसा ने देश को झकझोर कर रख दिया था। इस हिंसा में 960 लोगों की मौत हुई, हजारों लोग घायल हुए और दस हजार से अधिक घर आग के हवाले कर दिए गए। आज भी पचास हजार से अधिक लोग राहत शिविरों में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। इसके बावजूद प्रधानमंत्री को मणिपुर जाने में 870 दिन यानी 29 महीने लग गए। इस दौरान उन्होंने 44 देशों की यात्रा कर ली, लेकिन मणिपुर की जनता तक नहीं पहुंचे।

झामुमो नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अब चुनावी मंच से सात हजार पक्के मकान बनाने की घोषणा की है। यह पैसा मोदी का नहीं बल्कि देश की जनता का है। उन्होंने याद दिलाया कि 2024 में हालात इतने बिगड़े कि वहां के मुख्यमंत्री को इस्तीफा तक देना पड़ा, लेकिन उस समय भी प्रधानमंत्री ने एक शब्द नहीं कहा। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद मुख्यमंत्री का इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया।

भट्टाचार्य ने व्यंग्य करते हुए कहा कि जहां-जहां चुनाव होते हैं, वहां प्रधानमंत्री मोदी जरूर पहुंचते हैं। मणिपुर का यह दौरा भी उसी कड़ी का हिस्सा है।

# सर्पदंश से झारखण्ड में हर वर्ष होती है चार हजार मौतें

***नवबिहार टाइम्स संवाददाता***

***जमशेदपुर।*** *सांप हमारा मित्र होता है जो भूमि संरक्षण में बहुत सहयोग का काम करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में चूहे से फसलों को बर्बाद होने से सांप ही बचाते हैं। इसके बावजूद देश में सर्पदंश से हर साल 50 हजार लोगों की मौत होती है। झारखंड में वर्ष 2024-25 में यह आंकड़ा 4000 जबकि पूर्वी सिंहभूम जिले में औसतन 60 मौतें है। सांप 15 जुलाई से 15 सितंबर के बीच सबसे ज्यादा सक्रिय होते हैं। इसका मुख्य कारण है मानसून। सांप अधिकतर मिट्टी के बिल, नमी वाले जगहों, जलाशयों के आसपास और पुराने कबाड़ रखने वाले जगहों, पुआल व लकड़ी रखने वाले स्थानों पर घर बनाकर रहते हैं। मानसून में जब इनके बिलों में पानी भरता है तो भोजन और नए आवास की तलाश में ये बाहर निकलते हैं। कभी भोजन समझकर तो कभी खुद के बचाव के लिए ये हमलावर हो जाते हैं। इसलिए सांपों को लेकर जागरूकता जरूरी है ताकि जरूरतमंदों को बचाया जा सके। क्योंकि झारखंड में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी, खराब निगरानी सिस्टम और ग्रामीण इलाकों में झाड़-फूंक, अंधविश्वास व जागरूकता की कमी के कारण सबसे अधिक मौतें होती है।*

*स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार देश में हर साल 50 हजार लोगों की सर्पदंश से मौत होती है। इसमें प्रतिवर्ष 1000 की बढ़ोतरी हो रही है। इसकी रोकथाम के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय से सभी राज्यों के सचिवों को पत्र भेजकर स्वास्थ्य केंद्रों में एंटी वेनम दवा की उपलब्धता रखने का निर्देश दिया है ताकि वर्ष 2030 तक सर्पदंश के आंकड़ों को आधा किया जा सके।*

*करैत : यह चार रंगों में काले में पीला धारी, काले में सफेद धारी, चमकीले भूरे में सफेद धारी व भूरे में सफेद धारी में होती है। यह एक बार में छह मिलीग्राम विष छोड़ता है। करैत अक्सर सोए हुए व्यक्ति के पास जाकर छिप जाता है और उसके हिलने में काटता है लेकिन इसके काटने पर दर्द नहीं होता। यह न्यूरो टाक्सिक विष छोड़ता है जिससे मस्तिष्क के तंत्रिका तंत्र प्रभावित करता है।*

*रसेल वाइपर : यह भूरे रंग का चित्तेदार सांप होता है जो झारखंड के सभी जिलों में सबसे ज्यादा पाए जाते हैं और झारखंड में कुल मौत के आंकड़ों में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी इस सांप के काटने से होती है। यह एक बार में आठ मिलीग्राम विष छोड़ता है। यह सांप हिस..स की आवाज के साथ अटैक करता है और आठ का आकार की तरह भागता है। यह हेमो-टाक्सिक विष छोड़ता है जो हमारे खून में मौजूद प्लाज्मा को नष्ट कर देता है।*

*कोबरा (नाग) : यह तालाब, नदी किनारे या नमी वाले क्षेत्रों में मेढ़क, मछली या छोटे सांपों के बच्चों को खाने के लिए रहता है। यह झारखंड में बंगाल के सीमावर्ती इलाकों जैसे साहिबगंज, पाकुड, झारग्राम, चाकुलिया, धालभूमगढ़ जैसे क्षेत्रों में पाया जाता है। यह एक बार में सबसे ज्यादा 15 मिलीग्राम न्यूरोटॉक्सिक विष छोड़ता है।*

*इंडियन शो स्केल वाइपर : ये उत्तरी बिहार, चंपारण व मधुबनी के सीमावर्ती क्षेत्रों के अलावा झारखंड के सभी जिलों में पाया जाता है। यह भी पत्थर, पुआल के ढ़ेर, पुरानी लकड़ी के आसपास रहता है। यह एक बार में 40 मिलीग्राम तक विष छोड़ सकता है।*

*धामन, अजगर, राजस्थानी बोआ व दोमुंहा जैसा सांप। धामन सांप के काटने से काटे हुए स्थान पर जलन होती है लेकिन यह विषहीन सर्प की श्रेणी में आता है। जंगलों की कटाई और नए कल-करखानों खुलने के कारण ज्यादातर अजगर, धामिन व राजस्थानी बोआ (काले में सफेद धारी व काले रंग में चितकबरा) सांप भोजन की तलाश में आ जाते हैं। राजस्थानी बोआ छोटे आकार में एक से डेढ़ फीट का मोटा सांप रहता है। इसके सर्पदंश घबराने की जरूरत नहीं सिर्फ निगरानी की जरूरत है।*

*ग्रामीण क्षेत्रों में या रात के समय सांप ने यदि काटा तो काटे हुए स्थान पर उसके दांतों के आकार से हम पहचान सकते हैं कि सांप विषैला था या विषहीन जैसे : काटे वाली जगह पर छोटे-छोटे कई दांतों का दाग है तो वह विषहीन सांप है।*

*छोटे दांतों के बीच दो मोटे दांतों का दाग है तो वह विषैला सांप है। काटे वाले स्थान पर फफोला होना, जलन, लालिमा होना लक्षण विषैला सांप, साथ में तेज दर्द की शिकायत होगी। सांप की आंखें यदि इलिप्स की तरह है तो विषैला है, यदि पूरा गोल है तो विषहीन है। सिर यदि चौड़ा और त्रिकोण आकार में है तो वह विषैला है। यदि गोलाकार आकार में होता है तो विषहीन होता है।सांप का विष जब तक काटे गए व्यक्ति के खून में या शरीर के अंदर नहीं मिलता है, तब तक व्यक्ति को नुकसान नहीं होता है इसलिए कई बार ग्रामीण सांप को काटने पर उसे मार देते हैं। ऐसी स्थिति में मरे हुए सांप को लेकर डॉक्टर के पास जाए ताकि इलाज करने में आसानी हो।*

*यदि टाइट कपड़े पहने हैं तो उसे खोल दें। सांप द्वारा काटा हुआ हिस्सा को हृदय की ऊंचाई से नीचे रखे। काटे हुए स्थान को कभी भी कपड़े से टाइट नहीं बांधना है। घायल व्यक्ति को शांत रखते हुए उसे सांत्वना दे कि कुछ नहीं हुआ ताकि शरीर का रक्तचाप नहीं बढ़े और उसकी इम्यून सिस्टम बेहतर रहे। घायल व्यक्ति को सोने नहीं देना है।चार घंटे के अंदर एंटी वेनम का इंजेक्शन लगवाना अनिवार्य है। फिल्मों की तरह जहर को चूस कर निकालने या काटे गए स्थान पर चीरा नहीं लगाना है। घायल व्यक्ति को चाय-कॉफी या दर्द निवारक दवा नहीं देना है। ठंडा या गर्म की सिकाई नहीं करना है और न ही कोई क्रीम लगाना है। कटे हुए स्थान पर हल्का बैंडेज बांधने के बाद स्प्लिंट (कमानी देकर) बांधना है ताकि उस हिस्से का मूवमेंट ज्यादा न हो।*

CMYK

# संतान की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए माताओं ने रखा निर्जला उपवास, जितिया पर्व धूमधाम से मना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पाकुड़।** जिला मुख्यालय एवं प्रखंड क्षेत्रों में रविवार को जितिया पर्व के अवसर पर माताओं ने अपनी संतान की लंबी उम्र, स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना के लिए श्रद्धा और आस्था के साथ निर्जला उपवास रखा। माताओं ने दिनभर बिना जल और आहार ग्रहण किए व्रत किया और बच्चों की रक्षा, जीवन में आने वाली हर विपत्ति से बचाव एवं कल्याण की प्रार्थना की। व्रत कर रही माताओं ने बताया कि जितिया व्रत का धार्मिक और सामाजिक महत्व बहुत गहरा है। यह पर्व विशेष रूप से माताओं द्वारा अपने बच्चों के कल्याण और दीर्घायु के लिए मनाया जाता है। जिस प्रकार सुहागिन महिलाएं हरितालिका तीज का कठोर व्रत कर पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं, उसी प्रकार



माताएं अपने बच्चों की सुरक्षा और खुशहाली के लिए यह कठोर निर्जला उपवास करती हैं। जितिया व्रत में माताएं 'डलिया' सजाती हैं, जिसे दूसरे दिन संतान द्वारा खोला जाता है। डलिया खोलने के बाद माताएं पारण कर व्रत का समापन करती हैं। इस पर्व के दौरान बाजारों में रौनक देखी गई। फलों की बढ़ती मांग के कारण कीमतों में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। सामान्य दिनों में 25 से 30 रुपये में उपलब्ध नारियल रविवार को लगभग 50 रुपये में बिक रहा था। वहीं अन्य फलों की कीमतों में भी उछाल देखा गया। फलों की वर्तमान कीमतें इस प्रकार हैं: केला 40 रुपये दर्जन, सेब 120 रुपये किलो, मूली 40 रुपये किलो, खीर 60 रुपये किलो, शरीफा 120 रुपये किलो और बेदाना 140 रुपये किलो। जितिया पर्व केवल धार्मिक उत्सव ही नहीं, बल्कि माताओं के अटूट प्रेम और समर्पण का प्रतीक भी है। इस अवसर पर स्थानीय लोग माताओं की श्रद्धा और व्रत के प्रति आस्था को देखकर प्रभावित हुए। विशेषज्ञों का कहना है कि इस प्रकार के पर्व समाज में नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने में भी मदद करते हैं।

# हिंदी दिवस पर पाकुड़ में विशेष कार्यक्रम और संगोष्ठी आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पाकुड़।** हिंदी दिवस के अवसर पर रविवार को जिला मुख्यालय सहित विभिन्न प्रखंडों, शिक्षण संस्थानों और कोचिंग सेंटर्स में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शहर के रविंद्र भवन में सिटी कंप्यूटर सेंटर की ओर से विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसका शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेवी लुत्फुल हक ने हिंदी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को देवनागरी लिपि में भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। यही कारण है कि प्रत्येक वर्ष यह दिवस राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक पहचान और मातृभाषा हिंदी के




प्रचार-प्रसार के लिए मनाया जाता है। सिटी कंप्यूटर सेंटर के निदेशक हैदर अली ने व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में कंप्यूटर शिक्षा अनिवार्य हो चुकी है, जो न केवल रोजगार के अवसर बढ़ाती है, बल्कि शिक्षा और सूचना तक पहुंच को आसान बनाती है, कार्यक्षमता और उत्पादकता बढ़ाती है तथा वैश्विक स्तर पर जुड़ाव का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने विशेष रूप से छात्राओं से अपील की कि वे कंप्यूटर शिक्षा से जुड़कर आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाएं। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों और कोचिंग सेंटरों से छात्र-छात्राओं सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# स्कूलों में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी : विधायक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रनिया।** रनिया प्रखंड के तांबा पेरिस क्रूस उपासनालय एवं एसपीजी मध्य विद्यालय के स्थापना दिवस समारोह का आयोजन रविवार को धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए सरकारी, गैर-सरकारी और अल्पसंख्यक विद्यालयों को एक साथ लेकर चलना जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है। साथ ही समय-समय पर विद्यालयों का निरीक्षण कर कमियों को दूर किया जाना चाहिए।

स्थापना दिवस पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। नृत्य, गीत और खेलकूद प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उनके



प्रदर्शन पर उपस्थित अतिथियों ने तालियां बजाकर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में पेरिस चेयरमैन पादरी संतोष भुइयां, सहायक पादरी जोसेफ नाग, प्रमुख नेली डहंगा, बीडीओ प्रशांत डांग, थाना प्रभारी विकास कुमार जायसवाल, जिप सदस्य बिरेन कंडुलना, उप प्रमुख रेशमा कंडुलना, आइलीना तोपनो, सम्मून लुगून, गबरियल तोपनो, डेविड तोपनो, जुस्तियान भेंगरा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# वैश्विक अंतर धार्मिक प्रतिज्ञा सप्ताहांत अभियान का समापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह में आयोजित तीन दिवसीय वैश्विक अंतर धार्मिक प्रतिज्ञा सप्ताहांत अभियान का रविवार को बरगंडा स्थित चर्च में समापन हुआ। यह अभियान 12 से 14 सितंबर तक स्थानीय संस्था बनवासी विकास आश्रम द्वारा एक्सेस टू जस्टिस परियोजना और जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन नेटवर्क के तहत चलाया गया। उद्देश्य था—बाल विवाह, बाल यौन शोषण और बाल तस्करी जैसी कुरीतियों के खिलाफ समाज को जागरूक करना। समापन कार्यक्रम में विभिन्न धर्मों के गुरुओं ने एक स्वर में बाल विवाह के विरुद्ध संदेश दिया। ईसाई धर्म से मुख्य पास्टर लालू दास, सहयोगी पास्टर धीरज मसीह और मुकुल बड़ा ने कहा कि यीशु ने बच्चों को धर्मोपदेश का केंद्र माना है। बाल विवाह मासूमियत




को पीड़ा में बदल देता है, इसलिए समाज को इसे रोकना होगा। सनातन धर्म के धर्मगुरु उदय कुमार पंडा और जनार्दन पंडा ने कहा कि बेटियां घर की लक्ष्मी हैं। अल्पायु में विवाह करना धार्मिक विश्वास का अपमान है। वहीं, इस्लाम धर्म से मौलाना मुदस्सिर, मोहम्मद तसलीम और जाफर रहमानी ने स्पष्ट किया कि इस्लाम में बाल विवाह का कोई स्थान नहीं है। सिख धर्म से गुरुद्वारा स्टेशन रोड के ग्रंथी सतनाम सिंह ने गुरु वाणी का हवाला देते हुए कहा कि बेटियों को बोझ नहीं, उपहार माना जाए और बाल विवाह का विरोध करना सच्ची सेवा है। कार्यक्रम में संस्था के सचिव एवं बाल अधिकार कार्यकर्ता सुरेश कुमार शक्ति ने कहा कि बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का हनन है और इसे "बाल बलात्कार" की श्रेणी में रखा गया है। उन्होंने बताया कि 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में हर मिनट तीन बाल विवाह होते हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (2019–21) में सामने आया कि 23.3% महिलाओं की शादी 18 वर्ष से पहले हो गई थी। नाबालिग माताओं में शिशु मृत्यु दर भी कहीं अधिक दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि नवंबर 2024 में सरकार ने बाल विवाह मुक्त भारत (बीविएमबी) अभियान शुरू किया है, जिसका लक्ष्य 2030 तक देश को बाल विवाह

# 53 पदाधिकारी-कर्मियों का की हुई स्वास्थ्य जांच, समाहरणालय परिसर में लगा शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पाकुड़।** आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत प्रोजेक्ट स्पीक द्वारा संचालित प्रोजेक्ट जागृति—बेहतर स्वास्थ्य की ओर एक कदम के तहत रविवार को समाहरणालय परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 53 पदाधिकारियों एवं कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही उनके परिवार के सदस्यों ने भी इस सुविधा का लाभ उठाया। शिविर का उद्घाटन उपायुक्त मनीष कुमार ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वस्थ कर्मचारी ही बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था की नींव रख सकते हैं। इसलिए नियमित स्वास्थ्य जांच अत्यंत आवश्यक है। शिविर में आइटीडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी



साईमन मरांडी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अजय सिंह बड़ाईक सहित कई पदाधिकारी, कर्मी और उनके परिजन उपस्थित रहे। यह पहल न केवल कर्मचारियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने वाली साबित हुई, बल्कि स्वस्थ और सशक्त प्रशासनिक व्यवस्था की दिशा में एक सराहनीय कदम भी मानी जा रही है।

# झामुमो की नवगठित प्रखंड कमेटी का स्वागत नेताओं ने किया संगठन सशक्त बनाने का आह्वान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पलामू के नवगठित प्रखंड कमेटी का एक दिवसीय बैठक एवं स्वागत समारोह रविवार को होटल माया पैलेस में आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने की, जबकि संचालन जिला सचिव रंजन चंद्रवंशी और सन्नू सिद्दिकी ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम की शुरुआत उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बाबा दिशोम गुरु शिबू सोरेन और पूर्व शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ की। इसके बाद जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने सभी प्रखंड अध्यक्षों को दिशोम गुरु के नाम पर पौधा भेंट किया और इसे लगाने एवं सींचने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे पौधा बढ़ेगा, लोगों को संगठन और शिबू सोरेन के मिशन से जुड़ने की प्रेरणा मिलेगी।

राजेंद्र सिन्हा ने सभी नवगठित प्रखंड अध्यक्षों और अन्य अनुषंगिक इकाईयों के नेताओं को माला पहनाकर स्वागत और बधाई दी। उन्होंने कहा कि अब सभी प्रखंड कमेटी और बूथ स्तर के संगठन को मजबूत बनाकर सरकार के कार्यों और विकास की सोच को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। केंद्रीय समिति सदस्य संजीव तिवारी ने कहा कि पार्टी सभी सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है, इसलिए संगठन को सशक्त बनाना आवश्यक है। महिला मोर्चा अध्यक्ष सुशीला मिश्रा ने कहा कि शिबू सोरेन के सपनों को साकार करना सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं का उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य के विकास की दिशा की भी चर्चा की।

इस अवसर पर सलोनी टोप्पो, चंदन कुमार सिन्हा, राकेश कुमार सिन्हा, संतोष मिश्रा, युवा मोर्चा अध्यक्ष सूरज कुमार, वरिष्ठ नेता युगल चंद्रवंशी, अन्य वरिष्ठ नेता और सभी प्रखंड अध्यक्ष, सचिव एवं कमेटी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति का विस्तार, ललन सिंह बने महामंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति पलामू ने अपने पदाधिकारियों और कार्यकारिणी का रविवार को विस्तार किया। स्थानीय थाना रोड स्थित दुर्गा मंडप में आयोजित पत्रकार वार्ता में महासमिति के केंद्रीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी ने बताया कि इस बार दुर्गा पूजा पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ मनाई जाएगी। जौहरी ने कहा कि पूरे शहरी क्षेत्र में पंडालों के बेहतर संचालन के लिए महासमिति का यह विस्तार किया गया है। इसमें मार्गदर्शक मंडल में स्थानीय विधायक आलोक कुमार चौरसिया, सतबीर सिंह राजा, मनोज कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, सोनु सिंह नामधारी, दीपक कुमार सिंघानिया, बसंत जौहरी, शिव प्रसाद गुप्ता, अविनाश देव, मनोज सिंह, संजीव तिवारी, सत्येन्द्र तिवारी, कल्याण प्रसाद वर्मा, अनिल साहू, अजय तिवारी और राजन सिन्हा को मनोनीत किया गया है। महासमिति के महामंत्री के रूप में ललन कुमार सिन्हा और कोषाध्यक्ष के रूप में




सतीश पांडेय को नियुक्त किया गया। इसके अलावा उपाध्यक्ष, मंत्री, संगठन मंत्री, मीडिया प्रभारी और सोशल मीडिया प्रभारी सहित अन्य पदाधिकारियों की भी घोषणा की गई।

**उपाध्यक्ष के रूप में प्रमुख नाम हैं:** बीएम पांडेय, नवीन तिवारी, पं. प्रदीप नारायण, अनिल कुमार दुबे, कमल गुप्ता, महेश तिवारी, उदय शुक्ला, सतीश तिवारी, अजीत सिन्हा, प्रभात कुमार गुप्ता, बबलू चावला, सुमित भट्टाचार्य, सुधीर कुमार शौंडिक, बृजेश शुक्ला, नवीन कुमार गुप्ता, सतीश कुमार जौहरी, मनोहर कुमार लाली, रमेश शुक्ला, रजनीश सिंह, श्याम जी चौधरी, राजेंद्र राम, प्रमोद रंजन दास गुप्ता, अविनाश सिन्हा, सुनील सिंह, संदीप दास, रूपा सिंह, लवली गुप्ता, रचिता शरण, लीलावती देवी, मंजू लता दुबे, मंजू गुप्ता, मीना गुप्ता, शर्मिला सुमी, किरण अग्रवाल और उषा माखड़िया।

**मंत्री पद पर शामिल हैं:** प्रेमशंकर गुप्ता, जितेंद्र कुमार सोनी, चंद्रकांत सिंह, विनित पांडेय, मंटु गुप्ता, सोनु गुप्ता, शुभम कुमार, पप्पू गुप्ता, विवेक चौबे, हिमांशु शेखर, अभिषेक सिंह, ओम प्रकाश, बिल्लू तिवारी, रजत सिंह, राजमणि प्रजापति, संदीप दास, सुनील ठाकुर, रंजीत कुमार, प्रभात अग्रवाल, प्रभात सिंह, विकास विश्वकर्मा, संजय मेहता, मनीष मिश्रा, विशाल कुमार, आकाश कुमार, रेखा गुप्ता, प्रतिमा गुप्ता, ज्योति अग्रवाल, शोभा देवी, बबीता देवी और प्रभा देवी।

**संगठन मंत्री के रूप में शामिल हैं:** संजय पासवान, संजय सिंह उमेश, मनीष भिवानिया, राज कुमार बर्मण, अमिताभ मिश्रा, टुनटुन तिवारी, शैलेन्द्र सिंह, किशन माखड़िया, मनीष ओझा और चिंटू गुप्ता।

मीडिया प्रभारी के रूप में संजय राज, और सोशल मीडिया प्रभारी के रूप में गुडडू बर्मन, संजय बर्मन, राहुल कुमार सोनी और रंजीत चंद्रवंशी को मनोनीत किया गया है।

# गिरिडीह में चौथी इंडो-नेपाल कराटे चैंपियनशिप संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** नगर भवन में दो दिवसीय चौथी इंडो-नेपाल कराटे चैंपियनशिप का आयोजन वर्ल्ड फूनाकोशी शोतोकान कराटे झारखंड और कपूर सिंह मॉडर्न मार्शल आर्ट अकादमी, गिरिडीह द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में भारत और नेपाल के कई खिलाड़ी शामिल हुए। वर्ल्ड फूनाकोशी झारखंड के चीफ सेंसेई उज्वल सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में चीफ रेफरी के रूप में नेपाल के काजी राणा, बंगाल के मो. शाहबाज, यूपी के विकास और सन्नी ने अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा शशि, निरंजन, विपिन, हितांशु और पायल ने भी आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संघ के संरक्षक देवेंद्र सिंह, कोच चुन्नू कांत, अमरजीत सिंह सलूजा, अध्यक्ष डॉ. विजय सिंह, और राजधनवार प्रखंड के प्रमुख गौतम कुमार सिंह ने किया। वहीं गिरिडीह कॉलेज की प्रोफेसर विनीता कुमारी ने भी कार्यक्रम में उपस्थित



होकर खिलाड़ियों का स्वागत किया। इस अवसर पर संघ संरक्षक देवेंद्र सिंह ने सभी खिलाड़ियों और कोचों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में नवीन कांत सिंह, सतीश कुंदन, अजय कुमार शिवानी, अनिल चंद्रवंशी, अविनाश प्रसाद, भूपेंद्र सिंह और राजेंद्र सिंह सहित कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। प्रतियोगिता ने स्थानीय स्तर पर कराटे के युवाओं में उत्साह और खेल के प्रति रुचि को बढ़ावा देने का काम किया।

# हिंदी हमारी पहचान, लोकतंत्र में मतदाता हमारा अभिमान : उप विकास आयुक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभाकक्ष में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जहानाबाद जिले के प्रबुद्ध साहित्यकार, कवि, चित्रकार, समाजसेवी, मीडिया प्रतिनिधि एवं प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने सभी अतिथियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, स्वाभिमान और राष्ट्रीय



एकता की पहचान है। हमें प्रशासनिक कार्यों से लेकर दैनिक जीवन तक हिंदी के प्रयोग पर गर्व होना चाहिए और इसकी शुद्धता बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए।

इसके उपरांत जिले के प्रबुद्धजनों एवं साहित्यकारों द्वारा अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दी गई। महेश कुमार मधुकर ने स्वरचित कविता-पाठ कर हिंदी की महत्ता पर विचार रखे। अजय विश्वकर्मा (कवि एवं चित्रकार) ने 'हिंदी है हिंदुस्तान की नाज़' शीर्षक कविता प्रस्तुत की। युवा कवि व संवाददाता अमृतेश कुमार मिश्रा ने अपनी गजल 'दे दे कोई हाथ, हौसले के साथ' सुनाकर सबको प्रभावित किया।

डॉ. मानसी सिंह ने कहा कि हिंदी बोलने में शर्म नहीं, गर्व होना चाहिए। राणा वीरेंद्र सिंह (राष्ट्रीय कवि संगम अध्यक्ष एवं समाजसेवी) ने देशभक्ति गीत गाकर वातावरण को राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत कर दिया। नंदन मिश्रा ने हिंदी वतन पर आधारित कविता का पाठ किया। ममता प्रिया ने कहा कि हिंदी दिवस केवल एक दिवस तक सीमित नहीं, बल्कि हमें हमेशा हिंदी को प्राथमिकता देनी चाहिए। इसके उपरांत सावित्री सुमन ने प्रेरणादायी गीत 'हम भारत के रहने वाले हिंदी मातृभाषा है" प्रस्तुत किया। श्री मनोज कुमार मिश्रा ( शब्दाक्षर प्रदेश अध्यक्ष) ने हिंदी की वैज्ञानिकता और समृद्धि पर प्रकाश डाला। पत्रकार दीपक कुमार एवं श्री राजीव रंजन विमल ने भी अपनी अभिव्यक्तियां रखीं और हिंदी की राष्ट्रभाषा के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम का अंत कस्तूरबा विद्यालय, जहानाबाद की छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान से किया गया। तत्पश्चात अपर समाहर्ता सह विभागीय जांच पदाधिकारी विनय कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए कहा कि कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रयोग और शुद्धता को बढ़ावा दिया जाएगा। इस अवसर पर जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजीव कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी चंद्र किशोर सिंह, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी शिल्पी आनंद सहित अन्य वरीय पदाधिकारी एवं कर्मी भी उपस्थित थे।

# डॉ. रणविजय सिंह की जन संवाद सह आशीर्वाद यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद (हसपुरा)।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, पूर्व विधायक एवं भावी उम्मीदवार डॉ. रणविजय कुमार सिंह ने रविवार को धूसरी पंचायत में जन संवाद सह आशीर्वाद यात्रा निकाली। इस दौरान गांव-गांव में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं और विकास संबंधी मांगें उनके समक्ष रखीं। तिलौती गांव में ग्रामीणों ने ईंट सोलिंग और पुल निर्माण की मांग की, वहीं महिलाओं ने श्मशान घाट तक जाने के लिए रास्ता बनाने और प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की। महिलाओं ने आरोप लगाया कि वार्ड सदस्य आवास योजना के नाम पर पैसे की मांग करता है। करण बीघा के ग्रामीणों ने जलजमाव की समस्या से निपटने के लिए नाली निर्माण की मांग रखी। भौली गांव के किसानों ने सिंचाई सुविधा के लिए ट्रांसफार्मर लगाने की गुहार लगाई। सोनबरसा गांव की महिलाओं ने संत रविदास की प्रतिमा स्थापित करने और विद्यालय में भवन निर्माण की आवश्यकता बताई। साथ ही ग्रामीणों ने नहर पर सड़क बनाने की भी मांग की। डॉ. रणविजय सिंह ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस मौके पर 21 सितंबर को पथरौल हाई स्कूल के मैदान में होने वाले एनडीए गठबंधन महासम्मेलन की तैयारियों को लेकर भी चर्चा हुई। ग्रामीणों ने "गोह विधानसभा का विधायक कैसा हो – डॉ. रणविजय कुमार सिंह जैसा हो" के नारे लगाकर उनका जोरदार स्वागत किया। पंचायत दौरे में विधायक पुत्र सोनू कुमार, प्रदेश महासचिव विनोद कुमार सिन्हा, प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत कुमार वर्मा, प्रकाश सिंह, संतोष शर्मा, श्रीकांत प्रसाद, नारायण शर्मा, ननका बाबू, अरुण पटेल, शैलेश कुमार, संजीत कुमार, उपेंद्र शर्मा, अखिलेश प्रसाद, मुखिया सत्येंद्र पासवान, रामकुमार शर्मा, वेंकटेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महादलित युवक की बेरहमी से हत्या, अवैध नर्सिंग होम संचालक पर आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां महज डेढ़ लाख रुपये के विवाद में एक अवैध नर्सिंग होम संचालक पर महादलित युवक की बेरहमी से हत्या का आरोप लगा है। मृतक की पत्नी ने संचालक पर आंख फोड़ने, सीने पर वार करने और जहरीला इंजेक्शन देकर पति की हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है।

मामला सीतामढ़ी थाना क्षेत्र के जमुई गांव का है। मृतक संतोष मांझी आस्था नर्सिंग होम, तिलैया (हिसुआ) में कंपाउंडर का काम करता था। पत्नी प्रतिमा देवी ने थाने में दिए आवेदन में बताया कि संतोष को संचालक निर्भय कुमार पांडेय के यहां से लगभग डेढ़ लाख रुपये बकाया था। जब उसने बार-बार बकाया पैसे की मांग की, तो आरोपी ने धोखे से उसे अपने एक अन्य नर्सिंग होम बस्ती बिगहा बुलाया।

इसके बाद परिवार को सूचना दी गई कि संतोष मांझी का सड़क हादसा हो गया है। परिजन जब अस्पताल पहुंचे तो उन्होंने देखा कि संतोष गंभीर हालत में है। उसकी दोनों आंखें फूटी थीं, सीने पर गहरे चोट के निशान थे और वह खून की उल्टी कर रहा था। आरोप है कि निर्भय कुमार और उसके सहयोगियों ने संतोष के साथ मारपीट की और फिर जहरीला इंजेक्शन लगाकर उसे बेहोश कर दिया। बाद में उसे नवादा के बुधौल स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

पत्नी का आरोप है कि आरोपित और उसके साथियों ने जबरन शव को एंबुलेंस से गांव लाकर बिना पोस्टमार्टम कराए जला दिया। विरोध करने पर उसे और परिजनों को जान से मारने की धमकी दी गई।

लगातार गुहार लगाने के बाद हिसुआ डीएसपी के निर्देश पर हिसुआ थाना में कांड संख्या 534/25 दर्ज की गई है। मृतक की पत्नी ने यह भी बताया कि आरोपी के पास अभी तक उनके पति का मोबाइल और मोटरसाइकिल भी है। इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है और पुलिस अब मामले की जांच में जुट गई है।

# बाइक की टंकी में बने तहखाने से भी शराब बरामद, नाबालिग को किया निरुद्ध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** बिहार-झारखंड सीमावर्ती क्षेत्र चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर रविवार की सुबह लगभग 10 बजे उत्पाद बलों ने गिरिडीह से एकंगरसराय जा रहे एक बस पर सवार रहे एक युवक के पास से दो बोतल शराब बरामद किया। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्यनिषेध को लेकर जांच चौकी पर उत्पाद बलों द्वारा झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक वाहनों की सघन जांच की जाती है। रविवार की सुबह उत्पाद एएसआइ सुजीत कुमार के द्वारा बिहारशरीफ जाने वाली राजधानी एसएसटी नामक बस की जांच की गई। जांच के दौरान बस में सवार रहे एक युवक के पास से 375 एमएल वाले इंपीरियल ब्लू नामक दो बोतल शराब बरामद किया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान नालंदा जिले के एकंगरसराय निवासी विनोद प्रसाद के पुत्र संजीत कुमार के रूप में हुई है। गिरफ्तार युवक द्वारा बताया गया कि वे गिरिडीह से एकंगरसराय एक बर्थडे पार्टी में शामिल होने के लिए अपनी पत्नी और बेटी के साथ जा रहे थे। पार्टी करने करने के लिए वे गिरिडीह से ही शराब खरीदकर काले रंग की प्लास्टिक में बंद कर झोले में छिपाकर ले जा रहे थे। उत्पाद बलों द्वारा झोले की जांच के दौरान शराब बरामद की गई। पति के गिरफ्तारी के बाद पत्नी और बच्ची का रो-रो कर बुरा हाल था। पीड़ित पत्नी द्वारा परिजनों को पति के गिरफ्तारी की सूचना दी गई। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब के साथ गिरफ्तार युवक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं दूसरी ओर गुप्त सूचना के आलोक में उत्पाद एसआई प्रवीण कुमार ने एक बाइक के पेट्रोल टंकी में बने तहखाने से 750 एमएल वाले 6 बोतल रॉयल स्टेज एवं 375 एमएल वाले 9 बोतल इंपीरियल ब्लू नामक शराब बरामद किया गया है। साथ ही एक विधि निरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि शनिवार की शाम से लेकर रविवार की सुबह तक 17 लोगों को हिरासत में लिया गया,जिन्होंने शराब का सेवन किया हुआ था। सभी के शराब पिए होने की पुष्टि ब्रेथ एनलाइजर मशीन से किया गया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि शराब के साथ गिरफ्तार युवक को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।वहीं शराबियों ने न्यायालय में जुर्माना राशि भर अपने-अपने घर चले गए। इस मौके पर गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

# झगड़े में बीच-बचाव करने आए युवक की चाकू घोंपकर हत्या

**बाहरी दिल्ली, एजेंसी।** मंगोलपुरी में किराने की दुकान पर कल रात झगड़े के बाद हुई चाकूबाजी व मारपीट में दुकानदार समेत तीन लोग घायल हो गए। बाद में इलाज के दौरान घायलों में से एक युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक युवक दुकान पर कुछ सामान लेने आया था और झगड़े में बीच-बचाव के दौरान हमलावरों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया।

इस घटना में दुकानदार व उसका दोस्त भी घायल हो गए, जहां मरहम-पट्टी के बाद उन्हें छुट्टी मिल गई। पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए शनिवार को हत्या के आरोप में छह नाबालिग को पकड़ लिया है। बाहरी जिला पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कल रात मंगोलपुरी थाना पुलिस को जे-ब्लाक में चाकूबाजी की घटना के संबंध में पीसीआर कॉल प्राप्त हुई।



इसके बाद पुलिस संजय गांधी अस्पताल पहुंची, जहां पता चला कि मंगोलपुरी निवासी 32 वर्षीय अरुण नामक व्यक्ति के पैर में चाकू से गंभीर चोट लगी है। उसे सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। अरुण मंगोलपुरी में किराए पर रहता था। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह मंगोलपुरी में एक किराना दुकान चलाता है, जहां घटना के समय अरुण भी मौजूद था। इसी दौरान उसका परिचित पंकज दुकान पर आया, तभी 5-6 लड़कों ने पंकज से झगड़ा किया। जब शिकायतकर्ता और अरुण ने बीच-बचाव किया तो लड़कों ने उन पर हमला कर दिया। इस दौरान एक नाबालिग ने पीड़ित के पैर में चाकू घोंप दिया। सूचना मिलने के बाद आलाधिकारियों सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची और क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। जिसने मौके से सबूतों को इकठ्ठा किए। चाकूबाजी की यह घटना पास में ही लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज में हाथों में चाकू लेकर कुछ लड़के हमला करते दिखाई दे रहे हैं। बाद में दुकानदार सचिन ने बताया कि पंकज के साथ हुए झगड़े में वे और अरुण बीच-बचाव करने गए थे। हमले में तीनों को चोट लगीं। मुझे और पंकज को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी मिल गई। अरुण को सरफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी पूनम ने बताया कि उनके पति अरुण दूध लेने के दुकान पर गए थे और इसी दौरान कुछ लोगों ने अरुण व दुकानदार पर हमला बोल दिया।

# भारत में महिला पायलटों की संख्या बढ़ रही है: सिंधिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को कहा कि भारत दुनिया के उन गिने-चुने देशों में शामिल है जहां महिला पायलटों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने इसे क्रांतिकारी बदलाव का संकेत बताया।



केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि जहां अमेरिका और यूरोप जैसे विकसित देशों में महिला पायलट अपेक्षाकृत कम हैं, वहीं भारत में 15 प्रतिशत पायलट महिलाएं हैं। वह यहां एक डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र भवन की आधारशिला रखने और सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 38 लड़कियों को पासबुक वितरित करने के बाद एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

आगामी डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र का जिक्र करते हुए, उन्होंने कहा कि मुरैना और श्योपुर ज़िलों के साथ-साथ पड़ोसी राजस्थान और उत्तर प्रदेश के निवासियों को पहले पासपोर्ट सेवाओं के लिए ग्वालियर, गुना, भोपाल या दिल्ली जाना पड़ता था लेकिन अब यह सुविधा मुरैना में ही उपलब्ध होगी।

उन्होंने कहा,''30 लाख रुपये की लागत से बनने वाला प्रस्तावित भवन मुरैना लोकसभा क्षेत्र के निवासियों को पासपोर्ट सेवाएं प्रदान करेगा। प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में पासपोर्ट सेवा केंद्र स्थापित करने का निर्णय नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से लिया गया है।''

उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सक्षम और दूरदर्शी नेतृत्व में भारत वैश्विक परिवर्तन का वाहक बनकर उभरा है। सुकन्या समृद्धि योजना और उज्ज्वला योजना जैसी योजनाओं के तहत 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किए गए हैं तथा इन योजनाओं ने वास्तव में महिलाओं को सशक्त बनाया है।'' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण संस्थागत भागीदारी को मजबूत कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर दिल्ली को विकास परियोजनाओं का उपहार मिलेगा: मुख्यमंत्री गुप्ता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन के मौके पर सेवा पखवाड़ा के तहत कई परियोजनाएं शुरू करेगी। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री अमित शाह 17 सितंबर को त्यागराज स्टेडियम में दिल्ली सरकार के एक कार्यक्रम के दौरान 15 परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, जिनमें नए अस्पताल ब्लॉक, 101 आरोग्य मंदिर और 150 डायलिसिस केंद्र शामिल हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने मंत्रियों, प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, भाजपा सांसदों और विधायकों के साथ सेवा पखवाड़ा की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर से शुरू हो रहे 15 दिवसीय उत्सव के दौरान निवासियों को हर दिन एक नया उपहार मिलेगा। उन्होंने कहा, ये परियोजनाएं और कार्यक्रम दिल्ली के विकास को नयी गति और नयी ऊंचाइयां प्रदान करेंगे तथा शहर को विकसित दिल्ली बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### एम्स में मरीजों और तीमारदारों को रास्ता दिखाने के लिए दिशा एप लॉन्च

**दिल्ली, एजेंसी।** इसके लिए एम्स ने दिशा एप को तैयार किया गया। इसकी मदद से एम्स परिसर में एक जगह से दूसरी जगह जाने का रास्ता आसानी से खोजा जा सकेगा। एम्स में उपचार के लिए आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को ओपीडी, लैब, फार्मेसी, सेंटर सहित दूसरे जगहों की खोज के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इसके लिए एम्स ने दिशा एप को तैयार किया गया। इसकी मदद से एम्स परिसर में एक जगह से दूसरी जगह जाने का रास्ता आसानी से खोजा जा सकेगा। दिलचस्प बात यह है कि इस स्वदेशी एप के इस्तेमाल के लिए इंटरनेट की भी जरूरत नहीं है। बेसमेंट पार्किंग से लेकर लिफ्ट में भी यह काम करेगी। इस इनडोर नेविगेशन मोबाइल ऐप को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने लॉन्च किया। इसका इस्तेमाल अस्पताल के कर्मचारी और आगंतुक भी कर सकेंगे। यह पूरे अस्पताल परिसर के लिए काम करेगी। इसमें अस्पताल के 2डी मैप से रास्तों को खोजा जा सकेगा। इसके लिए एआई आधारित रूट और ऑप्टिमाइजेशन का इस्तेमाल किया गया। एम्स का मानना है कि अस्पताल परिसर बहुत बड़ा है। ऐसे में रास्तों को खोजने में मुश्किल होती है। मरीज समय पर निर्धारित जगह पहुंचे सके उसके लिए एप तैयार किया है। इससे उनका रास्ता खोजने के चक्कर में होने वाला तनाव कम होगा। किसी से पूछना नहीं पड़ेगा और खुद गंतव्य स्थल पर पहुंच सकेंगे। यह एप हिंदी और अंग्रेजी भाषा में उपलब्ध है। गूगल प्ले स्टोर से एप को डाउनलोड किया जा सकता है। एप पर विभागों के कार्य करने से लेकर उनके बंद होने के समय की जानकारी भी उपलब्ध होगी।

### गाजियाबाद में तालाब और जलाशय पर अतिक्रमण को लेकर एनजीटी सख्त

**दिल्ली-एनसीआर, एजेंसी।** ऐसे में अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन को नोटिस जारी किया है। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेष सदस्य ईश्वर सिंह ने सभी प्रतिवादियों को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया गया। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने गाजियाबाद में तालाबों और जलाशयों पर हो रहे अतिक्रमण के मामले में सख्त रुख अपनाया है। ऐसे में अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन को नोटिस जारी किया है। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेष सदस्य ईश्वर सिंह ने सभी प्रतिवादियों को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया गया।

# पाकिस्तान के साथ मैच खेलना देश के साथ गद्दारी, भड़के केजरीवाल ने पीएम मोदी पर बोला हमला

**दिल्ली-एनसीआर, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सौरभ भारद्वाज के पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा कि पाकिस्तान के साथ मैच खेलना देश के साथ गद्दारी है।

आप ने भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के बावजूद क्रिकेट मैच की अनुमति देने के लिए केंद्र सरकार के फैसले पर सवाल खड़ा किया है। शनिवार को राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पूछा कि प्रधानमंत्री को पाकिस्तान के साथ मैच करवाने की आखिर क्या जरूरत है। सारा देश कह रहा है कि यह मैच नहीं होना चाहिए। क्या यह भी ट्रंप के दबाव में किया जा रहा है। आखिर प्रधानमंत्री ट्रंप के आगे कितना झुकेंगे। वहीं, आज केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सौरभ भारद्वाज के पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा, पाकिस्तान के साथ मैच खेलना देश के साथ गद्दारी है। हर भारतीय इस बात से बेहद गुस्से में है। वहीं, सौरभ भारद्वाज ने लिखा, खून और खेल एक साथ नही चल सकते। वहीं, मनीष सिसोदिया ने कहा कि शहीदों के लहू से बड़ा क्रिकेट का जुनून कब से हो गया। जब हमारी बहनों की मांग का सिंदूर मिटा है तो पाकिस्तान से मैच



करवाने की आखिर क्या जरूरत है। उधर, बुराड़ी से विधायक संजीव झा ने कहा कि आप मैच का पुरजोर विरोध करती है। पाकिस्तानी खिलाड़ी अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर घिनौनी तस्वीरें डालते थे। हमारी बहनों की मांग उजड़ गई और उनका मजाक उड़ाया गया। तस्वीरों में पाकिस्तान का आर्मी चीफ सिंदूर भर रहा है। क्या हमें ऐसे लोगों के साथ क्रिकेट खेलना चाहिए।

# समुद्र से दुश्मनों की पनडुब्बियां लील लेगा खतरनाक विमान, भारत-अमेरिका में डील पर चल रही बात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और अमेरिका के बीच इन दिनों टैरिफ को लेकर रिश्ते थोड़े बिगड़े हुए हैं। दोनों देशों में संबंधों को सुधारने की कोशिशें की जा रही हैं। इस बीच, भारत की अमेरिका से छह खतरनाक पी8ढ्ढ एयरक्राफ्ट खरीदने को लेकर बातचीत चल रही है। दोनों के बीच यह समझौता चार बिलियन डॉलर का होगा और जल्द ही इसे अंतिम रूप दिया जा सकता है। अमेरिकी विमान के मिलने से भारतीय नौसेना की ताकत में इजाफा होगा और उसे हिंद महासागर में निगरानी और दुश्मन देशों की पनडुब्बियों को ढूंढ निकालने में फायदा मिलेगा। इस विमान की खासियत है कि समुद्र में चाहे जितने भी अंदर पनडुब्बी हो, वह आसमान से ही उसको पता लगा सकेगा, जिससे उसके खात्मे में आसानी होगी।




इंडिया टुडे के सूत्रों के अनुसार, इस डील के लिए अमेरिका से एक डेलिगेशन 16-19 सितंबर के बीच दिल्ली आने वाला है, जिसमें पी-8ढ्ढ एयरक्राफ्ट को लेकर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इस टीम में अमेरिकी रक्षा विभाग के कर्मचारी और पी-8आई विमान बनाने वाली कंपनी बोइंग के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इन बैठकों में समझौते की अंतिम शर्तों को स्पष्ट किए जाने की उम्मीद है।

भारतीय नौसेना के पास इस समय फ्लीट में कुल 12 पी-8ढ्ढ एयरक्राफ्ट मौजूद हैं, जिसमें से पहले आठ की खरीद 2009 में हुई थी, जबकि 2016 में चार और जुड़े। नौसेना ने कुल 10 और एयरक्राफ्ट की डिमांड थी, लेकिन 2019 में छह विमानों की खरीद के लिए मंजूरी दी गई। इस डील से साफ होता है कि भले ही भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ को लेकर खटपट हो, लेकिन इसका असर अन्य क्षेत्रों में नहीं पड़ रहा है। भारत पहले की तरह ही अमेरिका के साथ हुई डिफेंस डील पर आगे बढ़ रहा है।

पी-8ढ्ढ विमानों की बात करें तो यह समुद्र में लंबी दूरी तक उड़ान भरने में सक्षम होते हैं। इसकी मदद से भारतीय नौसेना समुद्र में काफी गहराई में छिपी दुश्मन देशों की पनडुब्बी को आसानी से पता लगा सकती है। इसके बाद उन्हें टारगेट करते हुए उन्हें नेस्तानाबूद किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ समय में हिंद महासागर में चीनी नौसेनाओं की गतिविधियों में इजाफा हुआ है। उनके युद्धपोत, पनडुब्बियां आदि भी बढ़ी हैं। इसके अलावा, हाल ही में पाकिस्तान के साथ भी चार दिनों तक भीषण संघर्ष देखने को मिला था। ऐसे में अगर भविष्य में समुद्र में कोई भी दुश्मन देश दुस्साहस की कोशिश करता है तो इन सर्विलांस एयरक्राफ्ट की मदद से भारतीय नौसेना उसे निपट सकती है।

# इस्राइली मंत्री रेगेव को तुर्किये से मिली धमकियां, कहा- हम तुम्हें और तुम्हारे देश को दफन कर देंगे

**तेल अवीव, एजेंसी।** इस्राइल की परिवहन मंत्री मिरी रेगेव को तुर्किये के फोन नंबरों से सैकड़ों नफरत भरे संदेश और धमकियां भेजी गई हैं। उन्हें धमकी दी गई कि हम तुम्हें और तुम्हारे देश को दफन कर देंगे। तुर्किये के हैकरों ने उनके निजी मोबाइल नंबर और अन्य मंत्रियों के फोन नंबर लीक किए थे।



इस्राइली मंत्री रेगेव को भेजे गए संदेशों में लिखा था, हिटलर सही था। उसे तुम सबको मार देना चाहिए था। हम तुम्हें और तुम्हारे देश को दफन कर देंगे। मैं तुर्किये हूं। मैं तुम्हें नर्क में भेज दूंगा।

रक्षा मंत्री ने भी ऐसे ही संदेश मिलने की पुष्टि की थी इस्राइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने भी कल ऐसे ही संदेश मिलने की पुष्टि की थी। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर जवाब में लिखा, उन्हें फोन और धमकियां देते रहने दो, और मैं उनके सदस्यों, आतंकवाद के सरगनाओं का सफाया करने का आदेश देता रहूंगा।

# हमास नेता संघर्षविराम नहीं होने दे रहे

## इस्राइली पीएम बोले- इनसे छुटकारा पाकर ही खत्म होगी लड़ाई

**तेल अवीव, एजेंसी।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दावा किया कि कतर में हमास नेता संघर्षविराम के प्रयासों में बाधा डाल रहे हैं और गाजा में संघर्ष को बढ़ा रहे हैं। नेतन्याहू ने कहा कि कतर में रह रहे हमास नेताओं से छुटकारा पाकर ही शांति स्थापित हो सकती है। बेंजामिन नेतन्याहू ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में कतर सरकार पर भी निशाना साधा और हमास नेताओं को पनाह देने का आरोप लगाया। नेतन्याहू ने लिखा कि कतर में रह रहे हमास के आतंकी प्रमुखों को गाजा के लोगों की कोई



परवाह नहीं है। उन्होंने युद्ध को अंतहीन रूप से खींचने के लिए युद्धविराम के सभी प्रयासों को बाधित कर दिया। उनसे छुटकारा पाकर ही हमारे सभी बंधक रिहा हो सकेंगे और युद्ध समाप्त हो सकेगा। इस्राइली पीएम नेतन्याहू की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब इस्राइल ने शीर्ष हमास नेताओं को शरण देने के लिए कतर की बार-बार आलोचना की है। नेतन्याहू ने सोशल मीडिया पर साझा एक वीडियो संदेश में कहा कि इस्राइल, हमास नेताओं के खिलाफ, चाहे वे कहीं भी हों, कार्रवाई करेगा, जब तक कि कतर उन्हें बाहर न निकाल दे या उन्हें न्याय न हो जाए। इस्राइली वायुसेना ने मंगलवार को हमास के नेताओं को निशाना बनाने के लिए कतर की राजधानी दोहा में बड़ा हवाई हमला किया था। इस हमले में हमास के नेताओं की मौत हो गई थी। कतर पर हुए हमले की मध्य पूर्व और उसके बाहर कई देशों ने व्यापक निंदा की। इसके बाद कतर और इस्राइल के बीच तनाव बढ़ गया। साथ ही युद्ध को समाप्त करने और गाजा में हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को मुक्त कराने के लिए चल रही बातचीत खतरे में पड़ गई है। हमले के बाद हमास ने कहा कि उसके शीर्ष नेता हमले में बच गए, लेकिन पांच निचले स्तर के सदस्य मारे गए। इसमें गाजा में हमास के नेता और उसके शीर्ष वार्ताकार खलील अल-हय्या का बेटा, तीन अंगरक्षक और अल-हय्या के कार्यालय का प्रमुख शामिल है।

### नकली पनीर पर कार्रवाई के विरोध में हंगामा, पुलिस कार्रवाई कठघरे में

**दिल्ली-एनसीआर, एजेंसी।** शनिवार को भाजपा नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने कार्रवाई को कठघरे में खड़ा करते हुए जेवर थाना परिसर में धरने पर बैठ गए। त्योहार से ठीक पहले जेवर में पकड़े गए करीब 1200 किलो कथित मिलावटी पनीर का मामला सियासी अखाड़े में पहुंच गया है। शुक्रवार रात जेवर छोटा टोल प्लाजा पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने पनीर जब्त किया था। शनिवार को भाजपा नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने कार्रवाई को कठघरे में खड़ा करते हुए जेवर थाना परिसर में धरने पर बैठ गए। संजीव बालियान ने पुलिसकर्मियों पर अभद्रता का आरोप लगाया। मामले में दो पुलिसकर्मियों की जांच शुरू कर दी गई है। इससे पहले पुलिस कार्रवाई के बाद भभोखरा गांव के पूर्व प्रधान प्रेमवीर चौधरी ने पनीर मालिक के समर्थन में ग्रामीणों के साथ शनिवार सुबह से ही थाने पर जुटकर कार्रवाई का विरोध शुरू कर दिया। इस बीच दोपहर साढ़े तीन बजे पूर्व सांसद संजीव बालियान पहुंचे।

# सुशीला कार्की ने प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभाला

## अंतरिम सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार पर मंथन जारी

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल की नवनियुक्त अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की रविवार सुबह 11 बजे सिंह दरबार में आधिकारिक रूप से कार्यभार संभाल लिया। पूर्व मुख्य न्यायाधीश कार्की को शुक्रवार रात को अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त किया गया था। इसके साथ ही प्रधानमंत्री सुशीला कार्की रविवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार कर सकती हैं। वह मंत्रियों के नामों को अंतिम रूप देने में अपने सहयोगियों के साथ विचार-विमर्श कर रही हैं। बताया जा रहा है कि मंत्रिमंडल का विस्तार छोटा होगा।



वहीं दूसरी ओर पीएम कार्की गृह, विदेश और रक्षा समेत लगभग दो दर्जन मंत्रालय अपने पास रख सकती हैं। मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाओं के बीच शनिवार को समय निकालकर वह सरकार विरोधी प्रदर्शन में घायलों से मिलने सिविल अस्पताल भी गई थीं। शुक्रवार को शपथ लेने के तुरंत बाद भी वह अस्पताल जाकर घायलों का हाल जाना था।

**मंत्रिमंडल में शामिल किए जा सकते हैं 15 मंत्रील्ल** काठमांडू पोस्ट के मुताबिक, कार्की ने अपने मंत्रिमंडल को अंतिम रूप देने की तैयारी के लिए जेन जी आंदोलन के करीबी सलाहकारों और प्रमुख हस्तियों के साथ परामर्श शुरू कर दिया है। उनके एक सहयोगी ने दावा किया है कि कार्की रविवार सुबह अपने मंत्रिमंडल के गठन के लिए गहन चर्चा शुरू करेंगी। सभी 25 मंत्रालयों पर अधिकार रखने के बावजूद वह कथित तौर पर 15 से अधिक मंत्रियों के साथ एक सुव्यवस्थित मंत्रिमंडल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार मंत्री पदों के लिए जिन नामों पर विचार किया जा रहा है उनमें कानूनी विशेषज्ञ ओम प्रकाश आर्यल, पूर्व सेना अधिकारी बालानंद शर्मा, सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति आनंद मोहन भट्टाराई, माधव सुंदर खड़्का, अशीम मान सिंह बसन्यात और ऊर्जा विशेषज्ञ कुलमन घीसिंग शामिल हैं। चिकित्सा क्षेत्र से डॉ. भगवान कोइराला, डॉ. संदुक रुइत, डॉ. जगदीश अग्रवाल और डॉ. पुकार चंद्र श्रेष्ठ जैसे प्रमुख लोगों के नामों पर विचार चल रहा है।

काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, जेनरेशन जेड के सदस्य भी समानांतर परामर्श कर रहे हैं। इसके लिए वह ऑनलाइन वोटिंग का भी सहारा ले रहे हैं। अगर इन नामों पर आम सहमति बन जाती है, तो मंत्रिमंडल रविवार शाम तक शपथ ले सकता है, हालांकि चर्चा के नतीजों के आधार पर इसे सोमवार तक के लिए भी टाला जा सकता है।

नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शुक्रवार को नव नियुक्त अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की की सिफारिश पर देश की संसद (प्रतिनिधि सभा) को भंग कर दिया था। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी सूचना के अनुसार सदन का विघटन 12 सितंबर 2025 की रात 11 बजे से प्रभावी हुआ। अंतरिम सरकार बनने के साथ ही अधिकारियों ने देश में नए सिरे से संसदीय चुनाव कराने का भी एलान कर दिया। नेपाल में अब 5 मार्च 2026 को आम चुनाव कराए जाएंगे। काठमांडू महानगरपालिका क्षेत्र के स्कूलों में सोमवार से कक्षाएं शुरू होंगी। शनिवार को जारी सूचना में महानगर ने कहा कि शिक्षक और कर्मचारी रविवार को ही स्कूल में उपस्थित होंगे।

# उपायुक्त ने गोड़ाबालीडीह के पीड़ित परिवार से की भेंट, सहयोग को दिया आश्वासन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बालीडीह थाना अंतर्गत जियाडा क्षेत्र के गोविंद मार्केट के पास 11 सितंबर को तर्पण कर लौट रहे बाइक सवार गोड़ाबालीडीह गांव की दंपति की सड़क हादसे में मृत्यु हो गई थी। इस हृदय विदारक घटना में 16 वर्षीय पुत्र सागर सिंह एवं छह वर्षीय पियूष सिंह ने अपने माता-पिता को एक ही झटके में खो दिया। इस हृदय विदारक घटना पर संज्ञान लेते हुए, पीड़ित परिवार के दर्द साझा करने के लिए शनिवार को उपायुक्त अजय नाथ झा परिवार से मिले। उपायुक्त ने कहा कि इस मार्मिक घटना से समस्त बोकारो जिला दुखी है। मृतक दंपति के दोनों बच्चों की शिक्षा एवं उनके पालन पोषण के लिए जिला प्रशासन पहल कर व्यवस्था बनाएगा। इस घटना से उनके बच्चों को आगे निकालने की जिम्मेवारी पूरे समाज की है, इसके लिए समाज के लोगों को भी अपना हाथ बढ़ाने को कहा।



**दिव्यांग प्रदीप को भी मिलेगी मदद**

मौके पर मुलाकात के दौरान उपायुक्त को आस-पड़ोस के लोगों ने बताया कि बगल के घर में इस्टर्न इंडिया सिमेंट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कार्य करते हुए दुर्घटना में श्री प्रदीप कुमार सिंह ने अपना पैर गंवा दिया है। उपायुक्त ने बगल के घर में जाकर उनसे भी मुलाकात की और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। उन्होंने मौके पर ही सीएस/डीडीएमओ को प्रशासन की ओर से प्रदीप को ई-रिक्शा उपलब्ध कराने एवं कृत्रिम पैर लगाने की संभावनाओं पर कार्रवाई हेतु निर्देश दिया। मौके पर ही, एक बुजुर्ग महिला ने भी उपायुक्त से अपना दर्द साझा किया। उन्होंने बताया कि उनके पति का निधन बाटलिंग प्लांट में एक वर्ष पूर्व हो चुका है और वह अपने तीन बेटियों को आर्थिक स्थिति से जुझते हुए संभाल रही है। इस पर उपायुक्त ने मौके पर उपस्थित अंचलाधिकारी को निर्देश दिया कि इनके परिवार को राशन की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। साथ ही, इन्हें रोजगार से जोड़ने के दिशा में कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

**जर्जर सड़क समस्या पर त्वरित निर्देश**

आस-पड़ोस के लोगों ने उपायुक्त के समक्ष जर्जर सड़क की समस्या रखी। इस पर उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी, सीओ एवं क्षेत्रीय उप निदेशक बियाडा को निर्देश दिया कि एक्जिट झ इंट्री प्लान, अवैध पार्किंग झ यातायात व्यवस्था झ जर्जर सड़क की मरम्मति के लिए यथाशीघ्र कार्य योजना तैयार कर उच्च स्तरीय बैठक कराएं। उपायुक्त ने डीटीओ को निर्देश दिया कि सड़क के किनारे कोई भी वाहन अवैध रूप पार्किंग किए हुए पाएं जाने पर नियमानुसार अधिकतम जुर्माना की वसूली करें। तथा ट्रांसपोर्टरों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए उन्हें ब्लैक लिस्टेड करने की भी कार्रवाई करें। साथ ही, यह भी निर्देश दिया कि औद्योगिक क्षेत्र के जर्जर सड़कों की मरम्मति के लिए एक राजस्व मद बनाएं, ताकि उसी मद से सड़कों की मरम्मति हो सके। उपायुक्त ने कहा कि दूसरों के दुख में खड़ा होना, उनके दर्द को साझा करने की जिम्मेवारी जिला प्रशासन की है। उपायुक्त ने लोगों से अपील की कि भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटती है तो जिला प्रशासन से संपर्क करें। उनकी समस्या - उनके दुख को सुना जाएगा। प्रशासन आम जनों की समस्याओं को सुनने को सदैव तत्पर है। आम जन अनावश्यक विधि व्यवस्था को हाथ में नहीं लें, सड़क जाम नहीं करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी वादे समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं। मौके पर डीटीओ मारूति मिंज, सीओ चास सेवराम साहू, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह और अन्य पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

# वरीय पदाधिकारियों ने जिले में कई कार्य स्थलों का किया निरीक्षण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश पर वरीय पदाधिकारियों ने जिले के सभी नौ प्रखंडों के प्रखंड सह अंचल कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का एक साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य सरकारी



योजनाओं की प्रगति, अभिलेखों के रख-रखाव और आमजन को मिलने वाली सेवाओं की गुणवत्ता की समीक्षा करना था।

**इन पदाधिकारियों ने इन प्रखंडों का किया निरीक्षण**

उपायुक्त के निर्देश पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने चास प्रखंड सह अंचल कार्यालय एवं सीएचसी कार्यालय, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी ने जरीडीह प्रखंड सह अंचल कार्यालय एवं सीएचसी कार्यालय, निदेशक डीआरडीए श्रीमती मेनका ने चंद्रपुरा प्रखंड सह अंचल कार्यालय एवं सीएचसी कार्यालय, डीटीओ मारूति मिंज ने पेटरवार प्रखंड सह अंचल कार्यालय एवं सीएचसी कार्यालय, एएमसी चास श्री संजीव कुमार ने चंदनकियारी प्रखंड सह अंचल कार्यालय एवं सीएचसी कार्यालय, डीएसओ श्रीमती शालिनी खालखो ने बेरमो प्रखंड सह अंचल कार्यालय एवं सीएचसी कार्यालय, जिला भू अर्जन पदाधिकारी श्री द्वारिका बैठा ने कसमार प्रखंड सह अंचल कार्यालय एवं सीएचसी कार्यालय, डीपीआरओ मो. सफीक आलम ने गोमिया प्रखंड सह अंचल कार्यालय एवं सीएचसी कार्यालय एवं एसडीओ बेरमो श्री मुकेश मछुआ ने नावाडीह प्रखंड सह अंचल कार्यालय एवं सीएचसी कार्यालय का निरीक्षण किया।

**कार्य संस्कृति और सेवा वितरण की समीक्षा**

निरीक्षण के दौरान वरीय पदाधिकारियों ने कार्यालयों में समय पर उपस्थिति एवं कार्य संस्कृति की जांच की। अभिलेखों और राजस्व रजिस्टरों के रख-रखाव की स्थिति देखी। आम जनता के लंबित मामलों और सेवा वितरण की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि जनता के कार्यों में अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का भी लिया जायजा**

निरीक्षण टीम ने संबंधित प्रखंड क्षेत्रों में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का भी जायजा लिया। इस क्रम में मरीजों के लिए उपलब्ध दवाइयों, बेड की स्थिति, साफ-सफाई और पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की गई। डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति की जांच की गई। मरीजों से मिलकर उनकी समस्याएँ और सुविधाओं की जानकारी भी ली गई। पूर्व में अस्पतालों को उपलब्ध विभिन्न मशीनों/सामग्री के आपूर्ति झ अधिष्ठापन की भी समीक्षा की।

**पारदर्शिता और जवाबदेही पर दिया सख्त निर्देश**

जिले के वरीय पदाधिकारियों ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को कहा कि योजनाओं का लाभ आम जनता तक समय पर पहुँचना चाहिए। कार्य में लापरवाही या गड़बड़ी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। सभी कार्यालयों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पत्रकार इम्तियाज अहमद का निधन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वासेपुर स्थित मारूफगंज निवासी आवाज अखबार के वरीय उप संपादक इम्तियाज अहमद का निधन हो गया है। वे 63 वर्ष के थे। उन्होंने रविवार को रांची के रिम्स अस्पताल में अंतिम सांस ली। तत्पश्चात उनके पार्थिव शरीर को धनबाद स्थित उनके आवास पर लाया गया। वे अपने पीछे भरा पुरा परिवार छोड़ कर गए है। उनके छोटे भाई पत्रकार सरफराज नवाज ने बताया, 15-09-25 को उनके बड़े भाई स्व इम्तियाज अहमद की जनाजे की नमाज दोपहर के 2 बजे शमशेर नगर ईदगाह मे अदा की जाएगी और उसके बाद वहीं के कब्रिस्तान मे उन्हें सुपुर्द ए खाक किया जाएगा।

### 17 सितंबर को मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के आह्वान पर 17 सितंबर को मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव आयोजित की जाएगी। इस राष्ट्रीय अभियान में पूरे भारत वर्ष में 7500 रक्तदान शिविर लगाये जा रहे हैं। तेरापंथ युवक परिषद चास, बोकारो भी अपना सक्रिय सहयोग दर्ज कर रहा है। कार्यक्रम के संयोजक चंदन बांठिया ने बताया कि इस अवसर पर पूरे बोकारो में तीन ब्लड डोनेशन कैम्प आयोजित किए जाएंगे। प्रमुख कैम्प जैन मिलन केंद्र, सेक्टर 2, बोकारो में आयोजित होगा। शिविर 17 सितम्बर को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक लगाया जाएगा। तेरापंथ युवक परिषद ने सभी रक्तदाताओं, समाजसेवियों और शहरवासियों से इस पुण्य कार्य में भाग लेकर मानवता की सेवा करने का आग्रह किया है।

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस समिति द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन


**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस समिति के द्वारा श्याम नगर, भूली में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में कई रक्तदाताओं ने अपने जीवन का पहला रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में आए हुए रक्तदाता एवं रक्तदात्री ने अपना-अपना अनुभव बताया की रक्त देने से हम लोग कई व्यक्तियों का जीवन बचा सकते हैं। आज के



रक्तदान शिविर में कुल 40 यूनिट रक्त संग्रह किया गया, जिसमें सभी रक्तदाता को मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। साथ ही जिन रक्तदाताओं ने अपने जीवन का पहला रक्तदान किया उन्हें अलग से सम्मान दिया गया।आज के इस कार्यक्रम में एस जे ए एस अस्पताल के सुदीप पांडे एवं उनके पूरे टीम ने मिलकर इस रक्तदान शिविर में आए हुए रक्तदाताओं को मोटिवेट किया और रक्त संग्रह करने में मदद की। रक्तदान शिविर में रवि शेखर, गोपाल भट्टाचार्य नेताजी सुभाष चंद्र बोस समिति के अध्यक्ष राकेश कांति विश्वास संयोजक राजेंद्र प्रसाद साहू सचिव दिलबाग सिंह मीडिया प्रभारी नीलकमल खवास, गोपाल बैनर्जी, सोनू कुमार प्रदीप बाउरी, सरोज कुमार,रिंकू साहू मिंटू साहू, संदीप साहू, हुसैन जहांगीर,प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, मुस्कान परवीन, परविंदर सिंह, रिंकल सिंह, स्वप्न राय, गोपाल दे,सुजल कुमार, ओमू कुमार, शुभम कुमार, और विश्वजीत मुखर्जी, राजीव बनर्जी , संदीप कुमार साव , ने अपना योगदान दिया।

### नामांकन में धांधली के खिलाफ पुतला दहन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मेमको मोड़ चौक पर आजसू छात्र संघ के बैनर तले जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार का पुतला दहन किया गया। यह कार्यक्रम प्रदेश महासचिव विशाल महतो के नेतृत्व में आयोजित हुआ। प्रदेश महासचिव विशाल महतो ने कहा कि वर्ष 2025 में आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में बीपीएल कोटे के नामांकन के लिए चयनित सूची सार्वजनिक नहीं की गई है, जबकि प्रति वर्ष यह सूची जारी की जाती रही है। आजसू छात्र संघ ने बीते 09 सितम्बर 2025 को मांगपत्र सौंपकर सूची जारी करने की मांग की



थी, जिस पर 2 दिनों के भीतर कार्रवाई करने का आश्वासन मिला था। किंतु 5 दिन बीत जाने के बाद भी चयनित सूची जारी नहीं की गई, और बिना सूची जारी किए ही नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि बीपीएल कोटे के नामांकन में बड़े पैमाने पर धांधली और हेर-फेर हो रहा है। यह प्रक्रिया एक कारोबार का रूप ले चुकी है, जिसमें लाखों-करोड़ों का खेल चलता है। पारदर्शिता के अभाव में गरीब और जरूरतमंद बच्चों को उनके अधिकार से वंचित किया जा रहा है। चयनित सूची को जानबूझकर दबा दिया गया है, जिसमें जिला शिक्षा अधीक्षक की संलिप्तता भी स्पष्ट दिखाई देती है। आगे जिला अध्यक्ष विकास कुमार ने कहा कि यदि जिला शिक्षा विभाग जल्द से जल्द चयनित सूची सार्वजनिक नहीं करता, तो आजसू छात्र संघ व्यापक और उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

# सांस्कृतिक सापेक्ष की तरह भाषायी सापेक्षता हमारे संस्कार का हिस्सा बने : उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार हिंदी दिवस के अवसर पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने समस्त जिलावासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि हिंदी हमारी पहचान है। भारत की सभी भाषाएं भारत की आत्मा हैं। सांस्कृतिक सापेक्ष की तरह भाषायी सापेक्षता हमारे संस्कार का हिस्सा बने।



**निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति के मूल**

उपायुक्त ने भारतेंदु हरिश्चंद्र के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति के मूल यानी अपनी भाषा की उन्नति ही सभी प्रगति के मूल में है। उन्होंने सभी लोगों से आग्रह किया कि वे हिंदी को गर्व और सम्मान के साथ अपनाएं और इसके प्रचार-प्रसार में सहयोग दें।

**हिंदी दिवस सही तिथि पर ही मनाया जाए**

उपायुक्त ने विशेष रूप से यह बात कहीं कि हिंदी दिवस का आयोजन सुविधानुसार आगे-पीछे करना उचित नहीं है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे कोई भी व्यक्ति अपना जन्मदिन सही तारीख पर ही मनाता है, वैसे ही हिंदी दिवस भी केवल 14 सितम्बर को ही मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब हम इस दिन को पहले या बाद में मनाते हैं तो इसकी मूल भावना कमजोर हो जाती है।

**विद्यालयों - महाविद्यालयों और कार्यालयों से अपील**

उपायुक्त ने जिले के सभी विद्यालयों- महाविद्यालयों और कार्यालयों से अपील की कि वे हिंदी दिवस को उसकी वास्तविक तिथि यानी 14 सितम्बर को ही मनाएं। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से हमारी भाषा के प्रति प्रतिबद्धता और स्पष्ट होगी और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मजबूत संदेश जाएगा।

# बोकारो महिला काव्य मंच की मासिक गोष्ठी संपन्न

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो महिला काव्य मंच की मासिक गोष्ठी अध्यक्ष काजल भलोटिया की अध्यक्षता में ऑनलाइन सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि महासचिव अर्चना मिश्रा अश्क व विशिष्ट अतिथि रेणुका सिन्हा उपस्थित थीं। स्वागत भाषण अध्यक्ष काजल भलोटिया द्वारा किया गया। गोष्ठी की शुरूआत दीप्ति झा की सुमधुर सरस्वती वंदना से हुआ। मंच का संचालन सुप्रिया कुमारी द्वारा बहुत सुंदर ढंग से किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा की विस्तृत जानकारी प्रदेश महासचिव अर्चना मिश्रा अश्क द्वारा दिया गया। काव्य पाठ की शुरूआत हुई जिसमें कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं को प्रस्तुत कर सभी को आनंदित किया। रेणुका सिन्हा ने 'गरिमामयी हिंदी' ,डॉ.आशा पुष्प ने 'समर्थ हिंदी' सुप्रिया द्वारा 'अब खुद से मिलना चाहती हूँ' अर्चना मिश्रा अश्क ने 'अस्तित्व' राखी ने' नेता की अभिलाषा' अमृता शर्मा ने 'बवाल-ए-जान' ज्योति कुमारी ने

# बीआईटी सिंदरी में बी. टेक प्रथम वर्ष के इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीआईटी सिंदरी में बी.टेक प्रथम वर्ष 2025-29 बैच के लिए चल रहे छात्र इंडक्शन कार्यक्रम के दूसरे दिन विशेष अतिथि के रूप में बीसीसीएल के हेड-सेल्स रियलाइजेशन, देव कुमार वर्मा उपस्थित रहे। देव कुमार वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छात्रों को प्रेरित किया और अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता का मूलमंत्र है - अनुशासन, समय प्रबंधन और निरंतर सीखने की भावना। उन्होंने छात्रों को यह संदेश दिया कि तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करना भी उतना ही आवश्यक है। देव कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने अध्ययन काल को केवल डिग्री प्राप्ति का माध्यम न मानें, बल्कि समाज और देश के लिए योगदान देने का अवसर समझें। उन्होंने छात्रों को बीसीसीएल और ऊर्जा क्षेत्र की महत्ता से अवगत कराया और बताया कि आने वाले समय में तकनीकी कौशल भारत की प्रगति की सबसे बड़ी शक्ति बनने जा रही है। इस अवसर पर बीआईटी सिंदरी के निदेशक प्रो. पंकज राय सहित कई वरिष्ठ प्रोफेसर एवं फैकल्टी सदस्य उपस्थित रहे। देव कुमार वर्मा को शॉल और मेमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर छात्रों ने उनके मार्गदर्शन को अपने जीवन और

**जीवन में सफलता का मूलमंत्र है - अनुशासन, समय प्रबंधन और निरंतर सीखने की भावना**

करियर के लिए अत्यंत प्रेरणादायी बताया। यह अवसर छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक और यादगार रहा, जिसमें उन्होंने न केवल तकनीकी शिक्षा का महत्व समझा बल्कि जीवन मूल्यों और नेतृत्व के सूत्र भी आत्मसात किए। इस अवसर पर निदेशक प्रो. पंकज राय, डीन एलुमनी अफेयर्स प्रो. डॉ. प्रकाश कुमार, हेड सिविल इंजीनियरिंग प्रो. प्रफुल शर्मा उपस्थित रहे। डीन शैक्षिक प्रो. डॉ. डी. के. ताती और प्रोग्राम चेयरमैन प्रो. डॉ. राजीव वर्मा ने मुख्य अतिथियों को शॉल और मेमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. संजय पाल और डॉ. कोमल कुमारी, संयोजक डॉ. राहुल कुमार, तथा विशेष सहयोगी डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. प्रशांत कुमार सिंह, प्रो. खुसतर अंसारी, प्रो. प्रशांत रंजन मालवीय, डॉ. सोमनाथ साहा और प्रो. सुमन्तो मंडल रहे। कार्यक्रम का समापन और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रियंका कुमारी द्वारा किया गया, जिसमें छात्रों और फैकल्टी के बीच उत्साह और ज्ञानवर्धक संवाद का अद्भुत अनुभव देखा गया।

# बोकारो महिला काव्य मंच की मासिक गोष्ठी संपन्न

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो महिला काव्य मंच की मासिक गोष्ठी अध्यक्ष काजल भलोटिया की अध्यक्षता में ऑनलाइन सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि महासचिव अर्चना मिश्रा अश्क व विशिष्ट अतिथि रेणुका सिन्हा उपस्थित थीं। स्वागत भाषण अध्यक्ष काजल भलोटिया द्वारा किया गया। गोष्ठी की शुरूआत दीप्ति झा की सुमधुर सरस्वती वंदना से हुआ। मंच का संचालन सुप्रिया कुमारी द्वारा बहुत सुंदर ढंग से किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा की विस्तृत जानकारी प्रदेश महासचिव अर्चना मिश्रा अश्क द्वारा दिया गया। काव्य पाठ की शुरूआत हुई जिसमें कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं को प्रस्तुत कर सभी को आनंदित किया। रेणुका सिन्हा ने 'गरिमामयी हिंदी' ,डॉ.आशा पुष्प ने 'समर्थ हिंदी' सुप्रिया द्वारा 'अब खुद से मिलना चाहती हूँ' अर्चना मिश्रा अश्क ने 'अस्तित्व' राखी ने' नेता की अभिलाषा' अमृता शर्मा ने 'बवाल-ए-जान' ज्योति कुमारी ने 'मानवता' जयंती सिंह ने 'काव्य पथ' काजल भलोटिया ने 'वो बस इतनी सी थी, दीप्ति निशंक ने 'चाहत' दीप्ति झा ने 'तेरा नशा' रिंकू गिरि रतन ने 'दिल ये क्या कहता है 'शीला तिवारी ने 'रूक्मिणी' करूणा कलिका ने 'मैं नहीं वो फूल' ऋिचा प्रियदर्शिनी ने 'माँ' स्मिता ने 'समानता का दावा' पद्मावती कोमल ने 'सूर्य बनो कुछ रातों का' पाठ किया ।समापन भाषण सचिव ऋिचा प्रियदर्शिनी द्वारा किया गया ।

# डीएमएफटी प्रबंधकीय समिति की बैठक में उपायुक्त ने दिए आवश्यक निर्देश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार को जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) की प्रबंधकीय समिति की बैठक उपायुक्त अजय नाथ झा ने गोपनीय कार्यालय कक्ष में की। बैठक में पुलिस अधीक्षक हरिवंदर सिंह, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, वन प्रमंडल पदाधिकारी संदीप शिंदे, सिविल सर्जन डा. ए बी प्रसाद, प्रभारी पदाधिकारी डीएमएफटी कोषांग प्रभाष दत्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. सफीक आलम एवं जिला खनन पदाधिकारी श्री रवि कुमार आदि उपस्थित थे।



महालेखा परीक्षक द्वारा लेखा परीक्षण

**खनन प्रभावित एवं सामान्य क्षेत्र का वर्गीकरण**

बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि डी.एम.एफ.टी मद से होने वाले व्यय की प्राथमिकता तय की जायेगी। इस क्रम में खनन प्रभावित क्षेत्र को लाल क्षेत्र (रेड जोन) एवं सामान्य क्षेत्र को नारंगी क्षेत्र (ऑरेनज जोन) के रूप में वगीर्कृत कर कार्यान्वयन किया जायेगा।

बैठक में उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2024-25 से अब तक डीएमएफटी मद से किए गए कार्यों का महालेखा परीक्षक द्वारा अंकेक्षण कराया जाएगा। इस संबंध में उप विकास आयुक्त श्रीमती शताब्दी मजूमदार को आवश्यक आदेश प्राप्त करने हेतु अधिकृत किया गया।

**जिला स्तरीय भौतिक जांच दल का गठन**

डी.एम.एफ.टी मद से संचालित और पूर्ण योजनाओं की भौतिक जांच कराने हेतु 04 अलग-अलग दल गठित करने का निर्णय लिया गया। जिसमें भौतिक निरीक्षण दल, प्रक्रियागत कार्य दल, तकनीकी मानक दल एवं सामाजिक लेखा परीक्षण दल गठन का निर्णय लिया गया।

**अभिलेखों का संरक्षण करने का निर्णय**

बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि डी.एम.एफ.टी शाखा के अभिलेखों को सुरक्षित रखने के लिए शाखा में सी.सी.टी.वी. कैमरा लगाया जायेगा, सभी अभिलेखों का संरक्षण करने, इस कार्य के लिए एक दल गठित करने का निर्देश उप विकास आयुक्त को दिया गया, कार्य में सहयोग हेतु जिला योजना पदाधिकारी श्री राज कुमार शर्मा को नामित किया गया। उक्त सभी कार्य को एक सप्ताह की समयावधि में पूर्ण किया जाएगा।

**विधिक परामर्शदाता का लिया जाएगा सहयोग**

समिति के सभी सदस्यों की सहमति से निर्णय लिया है कि माननीय न्यायालयों में लंबित एवं भावी वादों के समुचित संचालन हेतु डी.एम.एफ.टी. की ओर से एक विधिक परामर्शदाता (लीगल एडवाइजर) का सहयोग लिया जायेगा।

# प्रदेश सरकार आदिवासियों की जमीन लूट रही है : चंपाई सोरेन

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने जमशेदपुर में आदिवासी महादरबार को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासियों को मैया सम्मान अनुदान नहीं, बल्कि अपनी जमीन चाहिए। उन्होंने वर्तमान सरकार पर आदिवासियों के हितों की अनदेखी करने और उनकी जमीनों की लूट करने का आरोप लगाया। चंपाई सोरेन ने कहा कि सरकार बनाना जानते हैं तो उखाड़ना भी जानते हैं। उन्होंने टाटा स्टील पर भी आदिवासियों की जमीन हड़पने का आरोप लगाया। उन्होंने भोगनाडीह में एक कार्यक्रम आयोजित करने कि बात कही जिसमें 5 लाख से ज्यादा आदिवासी समाज के लोग पहुंचेंगे। उन्होंने कहा, आदिवासियों को अपनी जमीन चाहिए, न कि मैया सम्मान अनुदान। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार आदिवासियों के हितों की अनदेखी कर रही है और उनकी जमीनों की लूट हो रही है।

# जटिल से जटिल बीमारियों का इलाज होम्योपैथी सरलता से करता है : डॉ संजीव सिंह

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात नगर स्थित बिरसा आश्रम में आज होम्यो कॉन्क्लेव 2025 का आगाज हुआ। इस कॉन्क्लेव का आयोजन होम्योपैथी चिकित्सकों के राष्ट्रीय संगठन द होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की बोकारो यूनिट के तरफ से किया गया था। इस होम्योपैथी कॉन्क्लेव में झारखंड सहित उत्तर प्रदेश, बिहार, बंगाल,के डेढ़ सौ से अधिक चिकित्सकों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर एच एम ए आई बिहार के अध्यक्ष डॉ संजीव सिंह, झारखंड एच एम ए आई के सचिव डॉ बी एन सहाय, उपाध्यक्ष डॉ आनंद शाही ने मिलकर कार्यक्रम के शुभारंभ में होम्योपैथी के जन्मदाता मास्टर हैनीमैन को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथियों ने एक सुर में कहा कि होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति को दुनिया की सबसे बड़ी दूसरी चिकित्सा पद्धति कही जाती





है। उन्होंने बताया कि होम्योपैथी के द्वारा ही जटिल से जटिल बीमारियों का इलाज बहुत ही सरल तरीके से किया जा सकता है, लेकिन इसके लिए हैनीमैन के बताए हुए सिद्धांतों का पालन होना चाहिए। दूसरी ओर एच एम ए आई बोकारो इकाई के सचिन डॉ प्रीतम कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम के द्वारा होम्योपैथी के प्रति लोगों की जो विश्वास बढ़ती जा रही है क्योंकि होम्योपैथी दवाएं बिना किसी दुष्प्रभाव के कार्य करती है और कोरोना के बाद से लोगों का रुझान 20 से 25% तक बढ़ा है इस कार्यक्रम के द्वारा यह भी संदेश दिया गया की होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति को अगर फर्स्ट चिकित्सा पद्धति बना दी जाए लोगों के द्वारा तो उनका जीवन चिरायु हो सकता है। वही एच एम ए आई बोकारो इकाई के अध्यक्ष डॉ राकेश सुमन ने होम्योपैथिक को जन-जन तक पहुंचाने के लिए क्या-क्या प्रयास किए जाने चाहिए इसके लिए अपने विचार को रखा। वही महाराष्ट्र से आए हुए डॉक्टर प्रोफेसर रश्मि शुक्ला ने बताया कि पुराने से पुराने जटिल बीमारियों पर होम्योपैथी दवाओं के प्रभाव बहुत ही तेज गति से होती है लेकिन इसके लिए लोगों के बीच जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में टीम एच एम ए आई बोकारो यूनिट, के सचिव डॉ प्रीतम कुमार, उपसचिव डॉक्टर राजेंद्र सिंह, अध्यक्ष डॉ राकेश सुमन, उपाध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद, और सबसे अहम भूमिका डॉक्टर रत्नेश कुमार जो कोषाध्यक्ष के पद पर आसीन हैं उनका सराहनीय योगदान रहा, इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए बोकारो यूनिट एच एम ए आई के सभी आयोजन पदाधिकारीगण को मोमेंट तो देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न कोने से आए हुए होम्योपैथिक चिकित्सक ,रिसर्चर को भी विशिष्ट अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया यह बोकारो के लिए एक गौरव का पल था। जहां होम्योपैथी का समागम आयोजित किया गया था। जो हमेशा बोकारो वासियों द्वारा याद किया जाएगा।

# संताल परगना में हिंदी दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन

**दुमका/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संताल परगना प्रमंडलीय कार्यालय में हिन्दी दिवस के अवसर पर राजभाषा विभाग की ओर से विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि आयुक्त लालचंद डाडेल, पुलिस महानिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, वन प्रमंडल पदाधिकारी सात्विक सहित अन्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयुक्त लालचंद डाडेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिन्दी केवल संवाद का माध्यम नहीं बल्कि भारत की एकता, संस्कृति और सभ्यता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक कार्यों में राजभाषा हिन्दी का अधिक से अधिक प्रयोग करने से न केवल कार्यों में सहजता आती है बल्कि जनता के साथ सीधा संवाद स्थापित करना भी सरल हो जाता है। आयुक्त ने युवाओं से आह्वान किया कि वे हिन्दी को आत्मसम्मान और गर्व की भाषा के रूप में अपनाएँ। पुलिस महानिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि हिन्दी भाषा सरल, सहज और सर्वसुलभ है। यह भाषा विविधताओं से भरे हमारे समाज को एक सूत्र में बांधती है। उन्होंने कहा कि तकनीकी और डिजिटल युग में भी हिन्दी को बढ़ावा देने की आवश्यकता है ताकि आने वाली पीढ़ियाँ अपनी भाषा और संस्कृति से जुड़ी रहें। वन प्रमंडल पदाधिकारी सात्विक ने अपने वक्तव्य में हिन्दी भाषा के इतिहास, विकास यात्रा और इसकी विशेषताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हिन्दी ने समय-समय पर अनेक भाषाओं और बोलियों को आत्मसात कर अपनी अभिव्यक्ति को और भी समृद्ध किया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर- 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com